ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • भाद्रपद शुक्ल पक्ष 13 • विक्रम संवत 2080 • बुधवार, 27 सितम्बर 2023 • वर्ष-24 • अंक- 234 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

दिग्गज अभिनेत्री वहीदा रहमान को प्रतिष्ठित ... पेज 12 पर



## गागर में सागर

### विधानसभा अध्यक्ष ने मंत्री बेबी देवी को विधायक के रूप में दिलाई शपथ



**रांची।** डुमरी विधानसभा सीट से नवनिर्वाचित विधायक व उत्पाद मंत्री बेबी देवी ने मंगलवार को विधानसभा की सदस्यता ली। विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने स्पीकर कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। स्पीकर ने उन्हें बुके देकर स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं। मौके पर बेबी देवी ने दिवंगत पति जगरनाथ महतो को याद करते हुए कहा कि वे उनके सपनों को पूरा करने के लिए और झारखंड की सेवा के लिए प्रतिबद्ध हैं। बेबी देवी ने डुमरी के विकास के लिए अलग से ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि डुमरी उनकी प्राथमिकता में था और आगे भी रहेगा। वे डुमरी को जिला बनाने के लिए प्रयास करेंगी। इसके लि वे सीएम हेमंत सोरेन से भी बात करेंगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में डुमरी से उनके समर्थक पहुंचे थे।

### हाईकोर्ट में रांची हिंसा मामले की तीन अक्टूबर को होगी सुनवाई



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में रांची हिंसा की जांच की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर अब तीन अक्टूबर को सुनवाई होगी। पिछली सुनवाई में अदालत ने राज्य सरकार से अपटूडेट स्टेटस रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया था। यह मामला सुनवाई के लिए सूचीबद्ध था, लेकिन इस मामले की सुनवाई टल गयी। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की बेंच में इस मामले की सुनवाई कर रही है।अगली सुनवाई के दिन अदालत इस जनहित याचिका पर अपना फैसला सुनायेगा। पैगंबर विवाद को लेकर झारखंड के रांची में भी 10 जून को जमकर बवाल हुआ था। रांची में जुमे की नमाज के बाद मंदिर में पत्थर फेंका गया। इतना ही नहीं लोगों ने जमकर हंगामा, तोडफोड़ और आगजनी भी की थी। वहीं डेली मार्केट के पास कई राउंड फायरिंग भी की गयी थी। इसके बाद इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गयी थी। हिंसा के दौरान दो लोगों की मौत भी हुई थी। वहीं 12 से अधिक लोग घायल हुए थे। इस घटना में पुलिस के कई पदाधिकारी और जवान भी घायल हुए थे। पलामू के रहने वाले आरटीआई कार्यकर्ता पंकज यादव ने एनआईए और सीबीआई से मामले की जांच कराने को लेकर झारखंड हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की थी।

### योगदा कॉलेज के प्रिंसिपल को राहत

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने मंगलवार को योगदा सत्संग कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ श्याम पांडे को राहत देते हुए जेपीएससी से चार सप्ताह में जवाब देने को कहा है। कोर्ट ने कहा है कि प्रिंसिपल अपने पद पर काम कर रहे हैं, तो उन्हें हटाया नहीं जाए। योगदा सत्संग कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ श्याम पांडे की योग्यता पर सवाल उठाते हुए उन्हें हटाने का नोटिस जारी किया गया है। रांची विवि की ओर से कॉलेज को चार नोटिस भेजे गये हैं। नोटिस में कहा गया है कि प्रिंसिपल को तत्काल प्रभाव से हटा कर विवि को सूचित किया जाए।

### बाइक व स्कूटी की आमने-सामने टक्कर में तीन की मौत, दो गंभीर

**इटखोरी (चतरा)।** इटखोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत चतरा-चौपारण मुख्य मार्ग स्थित पेट्रोल पंप के पास मंगलवार को मोटरसाइकिल व स्कूटी के आमने-सामने की भीषण टक्कर में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें तीन की मौत इलाज के दौरान हो गई। इससे पहले स्थानीय लोगों के सहयोग से थाना प्रभारी विनोद कुमार ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया था, जहां से घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें हजारीबाग रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल हजारीबाग ले जाने के दौरान रास्ते में इटखोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रेम नगर निवासी तारा रविदास के पुत्र मुकेश रविदास व तिलैया थाना क्षेत्र के विक्की कुमार की मौत हो गयी, जबकि सागर कुमार की मौत हजारीबाग सदर अस्पताल में इलाज के दौरान हो गयी। आयुष कुमार व सचिन कुमार की स्थिति गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार चारों युवक एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर माता भद्रकाली मंदिर में पूजा अर्चना करने के लिए आ रहे थे और प्रेम नगर निवासी मुकेश रविदास अपना स्कूटी में पेट्रोल भरवाने के लिए जा रहा था। इसी बीच उक्त स्थल पर मोटरसाइकिल व स्कूटी में भीषण टक्कर हो गयी।

सीएम ने नेतरहाट इको रिट्रिट के आयोजन को लेकर अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश, बोले

# झारखंड को पसंदीदा पर्यटन स्थल बनाना है

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों के साथ राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित नेतरहाट इको रिट्रीट (ईसीओ रिट्रीट)-2023 के आयोजन की तैयारियों से संबंधित बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री के समक्ष टूरिज्म विभाग के अधिकारियों ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से नेतरहाट इको रिट्रीट के आयोजन से संबंधित विभाग द्वारा की जा रही तैयारी की विस्तृत जानकारी रखी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि नेतरहाट इको रिट्रीट के आयोजन का मुख्य उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं घरेलू पर्यटकों को आकर्षित करना है, ताकि झारखंड को पसंदीदा पर्यटन राज्य के रूप में पहचान मिल सके। बैठक



में मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को नेतरहाट इको रिट्रीट आयोजन को सफल बनाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि नेतरहाट इको-रिट्रीट फेस्टिवल पर्यटकों के लिए आकर्षक, सुंदर एवं निवेश की संभावनाओं वाला झारखंड के बारे में जानने का एक शानदार अवसर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस इको रिट्रीट फेस्टिवल का उद्देश्य पर्यटकों के साथ-साथ निजी क्षेत्रों को भी यहां निवेश के लिए आकर्षित करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आयोजन राज्य में पर्यटन क्षेत्र को पुनर्जीवित करने में भी मदद करेगा। मुख्यमंत्री न ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### सीएम ने अबुआ वीर दिशोम वनाधिकार अभियान के कार्य योजना पर की बैठक

झारखंड में वनों पर निर्भर लोगों को उनका अधिकार मिले इस निमित्त राज्य में आगामी अक्टूबर महीने से मिशन मोड में अबुआ वीर दिशोम वनाधिकार अभियान के तहत वनपट्टा के लिए दावा का सृजन, स्वीकृति और वितरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इस अभियान को लेकर अधिकारियों को एक बेहतर कार्य योजना बनाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार की सोच है कि वैसे व्यक्ति जिन्हें वास्तव में वन पट्टा अब तक मिल जाना चाहिए था लेकिन नहीं मिल पाया है, उन्हें वन ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी का 5वां समन

**जमीन घोटाले से जुड़ा है मामला**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पांचवी बार समन जारी कर दिया है, इस बार सीएम हेमंत को ईडी ने समन जारी करते हुए 04 अक्टूबर को एजेंसी के दफ्तर बुलाया है। इससे पहले भी ईडी ने सीएम को चार बार समन जारी किया था लेकिन सीएम एजेंसी के दफ्तर नहीं गए थे। अबतक सीएम 14 अगस्त, 24 अगस्त, 9 सितंबर और 23 सितंबर के समन पर भी उपस्थित नहीं हुए थे।

ईडी और झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन के बीच समन-समन जारी है। चार समन जारी होने के बाद भी जब हेमंत सोरेन ईडी के दफ्तर पूछताछ के लिए नहीं पहुंचे, जिसके बाद ईडी ने उन्हें पांचवा समन जारी कर दिया है। ईडी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जमीन घोटाले में पूछताछ के लिए झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन



को पांचवी बार समन जारी हो चुका है। जानकारी के अनुसार 04 अक्टूबर को मुख्यमंत्री को ईडी दफ्तर आने के लिए समन दिया गया है।

### कब-कब जारी हुए समन

ईडी ने रांची जमीन घोटाले में मुख्यमंत्री को पूछताछ के लिए पहली बार 14 अगस्त को बुलाया था, लेकिन मुख्यमंत्री पहले समन पर उपस्थित नहीं हुए थे। इस दौरान उन्होंने एक पत्र ईडी के असीस्टेंट डायरेक्टर देवव्रत झा को भेजा था। जिसमें उन्होंने ईडी की कार्रवाई को राजनीति से प्रेरित बताते हुए कानून की शरण में जाने ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## एक्सपोजर विजिट के लिए गुमला की 25 आदिवासी छात्राएं इसरो रवाना

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

जिले के एकलव्य, कस्तूरबा गांधी एवं आश्रम विद्यालय की 25 आदिवासी छात्राएं मंगलवार को एक्सपोजर विजिट के लिए चेन्नई के श्रीहरिकोटा स्थित इसरो रवाना हुई। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी सहित उप विकास आयुक्त हेमंत सती, एसडीओ सदर रवि जैन, डीसी एलआर सुषमा नीलम सोरेंग एवं जिला शिक्षा अधीक्षक डॉ. मोहम्मद वसीम ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर छात्राओं के बस को समाहरणालय परिसर से रवाना किया। छात्राएं वहां वैज्ञानिकों से चंद्रयान-3 से संबंधित विशेष तथ्यों की जानकारी प्राप्त करेंगी। यह पहली बार



है कि गुमला जिले की आदिवासी छात्राओं को इस प्रकार के एक्सपोजर विजिट के लिए इसरो भेजा जा रहा है। छात्राओं के साथ पांच शिक्षकों की टीम सहित दो जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारी डीसी एलआर सुषमा ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## झारखंड : नदियों की तेज धार में 5 बच्चे बहे, 3 के शव बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के धनबाद और हजारीबाग जिले में मंगलवार को दो अलग-अलग घटनाओं में पांच बच्चे नदियों की तेज धार में बह गए। इनमें से तीन बच्चों के शव बरामद कर लिए गए हैं, जबकि दो अन्य का तीन घंटे बाद भी कोई पता नहीं चल पाया है। दोनों घटनाएं झारखंड के स्थानीय लोक पर्व करम पूजा के बाद विसर्जन के दौरान हुईं। धनबाद में बाघमारा थाना क्षेत्र की जमुनिया नदी में करम पूजा की डाली के विसर्जन के दौरान पांच बच्चे नहाने के लिए नदी में उतरे और गहरी धार में चले



गए। पांचों बच्चे बहने लगे तो कुछ लोगों की उन पर नजर पड़ी। उन्हें बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। इसके बाद उन्हें बीसीसीएल के क्षेत्रीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने इनमें से दो सलोनी कुमारी (14 वर्ष) और देवराज कुमार (10 वर्ष) को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद बाघमारा विधायक दुल्लू महतो भी मौके पर पहुंचे। दूसरी घटना हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र के ओबरा गांव की है। यहां भी सुबह-सुबह करीब 10 बच्चियां बराकर नदी में करम पूजा की डाली विसर्जित करने गई थीं। इस दौरान नदी की तेज धार में सभी बहने लगीं। इनमें से सात को किसी तरह बाहर निकाल लिया गया, लेकिन तीन अन्य बह गईं। बाद में स्थानीय गोताखोरों ने इनमें से एक बच्ची का शव निकाल लिया है। दो अन्य की तलाश जारी है।

## तारा शाहदेव मामला : कोर्ट में आरोपियों का बहस प्रस्तुत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नेशनल राइफल शूटर तारा शाहदेव के धर्म परिवर्तन, यौन उत्पीड़न और दहेज प्रताड़ना से संबंधित मामले में सभी आरोपियों के लिखित बहस सीबीआई कोर्ट में मंगलवार को प्रस्तुत किए गए। इससे पूर्व बीते 23 सितम्बर को सीबीआई और बचाव पक्ष की बहस पूरी हो गई थी। इसके बाद सीबीआई की विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने बचाव पक्ष को कहा था कि यदि वह लिखित बहस देना चाहते हैं तो दे सकते हैं। मामले में कोर्ट ने उसी दिन फैसले की तिथि 30 सितम्बर निर्धारित की थी। पूर्व में सीबीआई की ओर से हुई बहस के दौरान तारा शाहदेव की ओर से कोहली पर लगाए गए आरोपों का समर्थन किया गया था जबकि बचाव पक्ष की ओर से बहस में तारा की ओर से लगाए गए सभी आरोपों को बेबुनियाद बताया गया था। उल्लेखनीय है कि मामले में मुख्य



आरोपित रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल के अलावा हाईकोर्ट के पूर्व रजिस्ट्रार (विजिलेंस) बर्खास्त मुश्ताक अहमद एवं कोहली की मां कौशल रानी ट्रायल फेस कर रहा है। आरोपितों के खिलाफ दो जुलाई, 2018 को आरोप गठित किया गया था। सीबीआई ने 2015 में केस टेक ओवर किया था। रंजीत कोहली एवं तारा शाहदेव की शादी 7 जुलाई, 2014 को हुई थी। सीबीआई ने 22 मई, 2017 को रंजीत सिंह कोहली सहित तीनों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी।

## पलामू : लेवी नहीं देने पर मुखिया के घर फायरिंग, दी गई धमकी

**नवीन मेल संवाददाता। पलामू**

हुसैनाबाद प्रखंड की झरगड़ा ग्राम पंचायत के मुखिया के घर अज्ञात अपराधियों ने दरवाजे को पिटा व फायरिंग कर धमकी देते हुए उत्तर दिशा की ओर भाग गए। मंगलवार सुबह सड़क पर दो खोखा भी मिला है। मुखिया ने खोखा पुलिस को सौंप दिया है। मुखिया अशोक चौधरी ने मंगलवार को हुसैनाबाद थाना को दिए आवेदन में कहा है कि गत 23 व 25 सितंबर को दिन में उनके मोबाइल फोन पर कॉल आया था। फोन करने वाला खुद को माओवादी बता कर लेवी की मांग कर रहा था। उसने धमकी भी दी थी।

25 सितंबर की रात करीब 10.45 बजे चार अज्ञात व्यक्तियों ने घर पर आकर दरवाजा पीटा बाद में शटर पर डंडे से मारा, कुछ नहीं बोलने पर दो हवाई फायर करते हुए गली गलौज की व धमकी देते हुए गांव के उतर दिशा की ओर भाग गए। सुबह दरवाजा खोलने पर सड़क से दो खोखा मिला, जिसपर बीएमएम. केपी अंकित है। मुखिया अशोक चौधरी ने पुलिस से दोषी लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई करने व जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। सूचना मिलने पर प्रभारी थाना प्रभारी सूचित राणा व एसआई शौकत खान दल बाल के साथ घटनास्थल पहुंच कर छानबीन शुरू कर दी है।

### चाईबासा में टोंटो के जंगलों से आईईडी बम और स्पाइक होल बरामद



**पश्चिमी सिंहभूम।** चाईबासा जिले के कोल्हान के जंगलों में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों ने मंगलवार को टोंटो थाना क्षेत्र अंतर्गत पाटातोरब जंगली व पहाड़ी रास्ते से पांच किलोग्राम के एक आईईडी बम और दो स्पाइक छेद बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के उग्रवादियों के खिलाफ चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान मंगलवार को टोंटो थाना अंतर्गत पाटातोरब जंगली व पहाड़ी रास्ते सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के लिए लगाए गए पांच किलोग्राम के एक आईईडी बम और दो स्पाइक छेद बरामद कर पुलिस ने नक्सलियों का नापाक इरादों पर पानी फेर दिया। पुलिस ने सुरक्षा का मद्देनजर आईईटी बम को उसी स्थान पर नष्ट कर दिया। इस अभियान में चाईबासा पुलिस,झारखंड जगुवार, सीआरपीएफ के 197 बटालियन और बम निरोधक दस्ता 197 बटालियन के जवान शामिल थे।

### भोर सिंह यादव बने उद्योग विभाग के निदेशक



**रांची।** झारखंड सरकार ने पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत आईएएस भोर सिंह यादव को उद्योग विभाग का निदेशक बनाया गया है। जबकि तीन आईएएस अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। जारी अधिसूचना के अनुसार निदेशक खान अरवा राजकमल को प्रबंध निदेशक झारखंड राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। जबकि पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) के डीसी मंजूनाथ भजन्त्री को अगले आदेश तक बंदोबस्त पदाधिकारी पूर्वी सिंहभूम का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इसके अलावा डीसी पलामू शशि रंजन को पलामू का बंदोबस्त पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इस संबंध में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने मंगलवार शाम को अधिसूचना जारी कर दी है।

**एक देश एक चुनाव की तरफ बढ़ती सरकार**

## 2024 में नहीं तो 2029 में होगा चुनाव

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

देश में एक साथ चुनाव के मुद्दे पर विधि आयोग जल्द केंद्र सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंप सकता है। इस रिपोर्ट को तैयार करने के लिए तमाम राजनीतिक दलों और संबंधित संस्थाओं से भी बातचीत की गई है। वैसे तो अप्रैल 2024 के लोकसभा चुनाव तक इसे लेकर तैयारी मुश्किल है। लेकिन पूरे जोर -शोर से सरकार लगी रही तो 2029 के लोक सभा चुनाव के साथ विधान सभाओं के चुनाव हो सकते हैं। क्योंकि देश में एक साथ चुनाव कराने के लिए संविधान में 5 संशोधन करने होंगे। आयोग के अध्यक्ष जस्टिस ऋतुराज अवस्थी




की अगुवाई में इस रिपोर्ट को तैयार किया गया है। इसमें पुरानी रिपोर्ट के तथ्यों को भी परखा गया है। यदि देशभर में एक साथ चुनाव कराने हैं तो संविधान में 5 बड़े संशोधनों की जरूरत पड़ेगी। इन संशोधनों के पास होने के बाद चुनाव आयोग को तैयारी शुरू करनी होगी। वैसे तो सरकार के खास चुनाव आयुक्त ने कहा है कि चुनाव आयोग हमेशा चुनावी मोड में रहता है। यदि उसे एक देश एक चुनाव के लिए कहा जाएगा तो वह उसके लिए पूरी तरह तैयार है। 2018 में विधि आयोग ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि ऐसा माहौल है कि देश में विधानसभा और लोकसभा के चुनाव एक साथ कराने की जरूरत है। आयोग ने अपनी रिपोर्ट में माना था कि मौजूदा नियमों के मुताबिक, एक साथ चुनाव संभव नहीं हैं कि इसलिए संविधान में कुछ संशोधनों की जरूरत है। बीते दिनों केंद्र सरकार ने एक देश एक चुनाव को लेकर एक समिति का भी गठन किया है। इस समिति की अध्यक्षता पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद कर रहे हैं। विधि आयोग ने जो रिपोर्ट तैयार की है उसे समिति को भी भेजा जा सकता है। स्वतंत्रता के बाद देश में केंद्र और राज्यों के चुनाव एक साथ ही होते थे। 1952 में जब देश में पहली बार आम चुनाव हुए तो उसके बाद राज्यों का चुनाव भी साथ ही कराया गया। इसके बाद 1957, 1962, 1967 में भी केंद्र और राज्य सरकारों के चुनाव एक साथ ही कराए गए। 1967 में उप्र में चौधरी चरण सिंह की बगावत के चलते सीपी गुप्ता की सरकार गिर गई। इसके बाद 1968 व 1969 में भी कुछ राज्यों की सरकारें समय से पहले ही भंग हो गई। 1971 की भारत - पाकिस्तान लड़ाई के बाद लोकसभा चुनाव भी समय से पहले करा दिए गए। इससे चुनावी गणित बिगड़ गया।

## बोकारो : मिलावटी शराब बेचने में सहायक आयुक्त उत्पाद अरविंद कुजूर निलंबित




**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो/रांची।** बोकारो जिले में जेएसबीसीएल के माध्यम से खुदरा उत्पाद दुकानों में बेची जाने वाली शराब में मिलावट के मामले में सहायक आयुक्त उत्पाद अरविंद कुजूर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। 23 जून को उत्पाद अधीक्षक ने बोकारो में अभियान चलाकर शराब दुकानों में बेची जाने वाली शराब की जांच की थी। इस दौरान बोकारो जिला के सदर अंचल में तीन दुकानों में नकली व मिलावटी शराब बेचे जाने की पुष्टि हुई थी। इसके बाद सहायक आयुक्त उत्पाद अरविंद कुजूर से स्पष्टीकरण पूछा गया था। दो बार स्पष्टीकरण समर्पित करने के बाद भी कुजूर के जवाब को सरकार ने असंतोषजनक पाया था। जिसके बाद शराब दुकानों में हुई अनियमितता के मामले में उन्हें दोषी पाते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। अरविंद कुजूर के पास बोकारो के अलावे हजारीबाग जिला का भी प्रभार था। निलंबन अवधि में कुजूर का मुख्यालय प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय संताल परगना निर्धारित किया गया है। विभागीय मंत्री के तौर पर मुख्यमंत्री ने निलंबन का अनुमोदन किया है।

### सुनील कुमार चौधरी को अतिरिक्त प्रभार

प्रभारी उत्पाद आयुक्त सुनील कुमार चौधरी को सहायक उत्पाद आयुक्त हजारीबाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। चौधरी को सहायक उत्पाद आयुक्त को हजारीबाग के निकासी व व्यय पदाधिकारी का भी कार्य दिया गया है।

## गागर में सागर

### रिटायरमेंट कॉलोनी में नए ट्रांसफार्मर का हुआ उद्घाटन



**मूरी।** सिल्ली प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रिटायरमेंट कॉलोनी में सोमवार के दिन नये ट्रांसफार्मर का उद्घाटन पूर्व जिला परिषद सदस्य सुशील महतो, पंचायत समिति सदस्य (पूर्वी) अरविंद कुमार एवं आजसू के छोटामुरी प्रभारी लक्ष्मण महतो के द्वारा फीता काटकर किया गया। बताते चले कि विगत सप्ताह दिनों से ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह से लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो को ट्रांसफार्मर की समस्या का मामला संज्ञान में आते ही उन्होंने विभाग से पहल कर नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। अतिथियों ने बताया कि क्षेत्र की हर समस्या के समाधान को लेकर विधायक काफी प्रयासरत है ताकि क्षेत्र के लोगों को मूलभूत सुविधा प्राप्त हो सके। इस मौके पर अलंकार गुप्ता, आकाश प्रसाद, निखिल सिंह, रोशन कुमार, रतन गुप्ता, प्रेमनाथ प्रजापति, प्रशांतों दे, चंदन कुमार, नरेंद्र प्रसाद, बुलू नाथ, सेमेत दर्जनों कॉलोनी वासी मौजूद थे।

### सिल्ली में केनरा बैंक शाखा का हुआ उद्घाटन



**सिल्ली:** केनारा बैंक के जेनरल मैनेजर श्रीकांत जोशी के मार्गदर्शन में प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत मंगलवार को साहेब बांध तलाब के पास जिला परिषद उपाध्यक्ष बीना चौधरी के द्वारा फीता काटकर केनरा बैंक शाखा सिल्ली का उद्घाटन किया गया। बीना चौधरी ने कहा कि केनरा बैंक की शाखा खुलने से इस क्षेत्र के लोगों को काफी मदद मिलेगी । वहीं केनरा बैंक के सर्किल ऑफिस के मंडल प्रबंधक प्रशांत सिंह ने कहा कि यह बैंक लोगों को काफी लाभान्वित करेगा तथा किसानों और व्यवसायी वर्ग के लोगों को विभिन्न योजनाओं के तहत ऋण भी उपलब्ध कराएगी तथा क्षेत्र के विकास की ओर ले जाने में अहम भूमिका निभाएगा। इस कार्यक्रम मे सांसद प्रतिनिधि विनोद साहू, इंद्रसेन सिंह, उप प्रमुख आरती देवी, आईडीबीआई बैंक के शाखा प्रबंधक कल्याण सिंह, व्यवसायी वर्ग के अरविंद कुशवाहा, राजेश साहू, मानिक दत्ता, अशोक सिंह, नौरतम गोराई समेत दर्जनों ग्रामीण मैजूद रहे। रूडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार ने अतिथि का धन्यवाद ज्ञापन किये। मौके पर केनरा बैंक शाखा सिल्ली के प्रबंधक सुब्रतो नायक, अधिकारी राजीव लकड़ा। रुडसेट संस्थान वरिष्ठ संकाय अनिल कुमार, संकाय जगदीश चन्द्र महतो ,दशरथ कुमार, माहेश रूहीदास उपस्थित रहे।

### दिव्यांग बच्चों के बीच निशुल्क जांच एवं उपकरण वितरण किया गया



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत प्रखंड संसाधन केंद्र सिल्ली एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय मुख्यालय के प्रांगण में मंगलवार के दिन समावेशी शिक्षा के तहत निशक्त बच्चों जिनकी आयु 6 वर्ष से लेकर 14 वर्ष के बीच जिला परिषद उपाध्यक्ष बिना चौधरी अंचलाधिकारी राजेश कुमार मिश्रा, बीडीओ पवन आशीष लकड़ा तथा उप प्रमुख आरती देवी की उपस्थिति में कुल 85 उपकरण का वितरण किया गया। जिसमें ट्राई साइकिल तीन बच्चों को,सी पी कुर्सी 10 बच्चों को, रोलेटर चार बच्चों को, व्हीलचेयर आठ बच्चों को, एलवो क्रचेंज दो बच्चों को तथा सात श्रवण निशक्त बच्चों को कान की मशीन का वितरण किया गया। कार्यक्रम के तहत 3 वर्ष से लेकर 18 वर्ष के आयु वाले दिव्यांग बच्चों के लिए निशुल्क जांच शिविर का भी आयोजन किया गया था। इस मौके पर विकलांग शिक्षक शोभा सिंह, सुरेश महतो, उमेश महतो, मिथुन चंद्र महतो, बीपीओ कृष्णा हेंब्रम, बीआरपी संगीता टोप्पो, मेघनाथ राम, समेत अभिभावक तथा प्रखंड के कर्मचारी एवं विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित थे।

# केंद्र के पास कुरमी को एसटी में शामिल करने का कोई प्रस्ताव नहीं : अर्जुन मुंडा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि कुरमी को एसटी सूची में शामिल करने को लेकर कोई प्रस्ताव या फाइल केंद्र सरकार के पास नहीं है। राजनीतिक फायदे के लिए राज्य सरकार विवाद उत्पन्न कर रही है। उन्हें इस बात का जवाब देना चाहिए। अर्जुन मुंडा मंगलवार को दरभंगा हाउस में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में बोल रहे थे।




**147 युवाओं के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मंगलवार को 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटा गया। इसे लेकर रांची के दरभंगा हाउस समेत देशभर के 40 संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित था। दरभंगा हाउस में जिन 147 युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटा गया, उनमें मुख्य रूप से डाक विभाग, भारतीय लेखा, बैंक, डॉक्टर्स और उच्च शिक्षा विभाग शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और रांची सांसद संजय सेठ ने नियुक्ति पत्र पाने वाले सभी अभ्यर्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। नियुक्ति पाने वाले अभ्यर्थियों ने कहा कि उन्हें काफी खुशी हो रही है। लंबे इंतजार के बाद उन्हें नौकरी मिली है। अब ईमानदारी पूर्वक काम करेंगे।

# जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर निकाले जाने वाले जुलुस को लेकर मंगलवार को समहरणालय में बैठक आयोजित की। उपायुक्त ने इस दौरान अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिये। जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उपायुक्त ने कमेटी के सदस्यों से जुलुस को लेकर निर्धारित मार्ग के सम्बन्ध में जानकारी ली। इस पर कमिटी के सदस्यों ने पूर्व से निर्धारित मार्ग से जुलुस ले जाने की बात पर सहमति




जताई। 28 सितम्बर को जश्न-ए-मिलादुन्नबी के अवसर पर जुलूस-ए-ईद मिलादुन्नबी सुबह से निकाला जायेगा।रांची के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से जुलूस निकाला जायेगा जो रिसालदार बाबा मजार, डोरंडा तक पहुंचेगा। जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिए उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा की ओर से निर्धारित मार्ग पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम को लेकर कमिटी के सदस्यों को आश्वासन दिया गया। एसएसपी ने भी सभी से आपसी सौहार्द बनाएं रखने की अपील की। साथ ही अफवाहों पर ध्यान न देने की बात कही। उन्होंने असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने एवं किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की आशंका पर पुलिस प्रशासन को संपर्क करने की अपील की।

# झामुमो के नये पेशा कानून से पूरी तरह भयभीत है भाजपा : सुप्रियो भट्टाचार्य

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि झारखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नया पेसा कानून लाने जा रहे हैं। एक बार फिर से जल, जंगल और जमीन पर अधिकार ग्रामसभा का हो जाएगा। इसका डर अब भाजपा और उसके कॉरपोरेट साथियों को सताने लगा है। भाजपा के मित्रों और कॉरपोरेट जगत का जंगल और जमीन में प्रवेश थम जाएगा। इससे पूरी तरह भाजपा भयभीत है। क्योंकि भाजपा कभी नहीं चाहती है कि आदिवासी, दलित, किसान, गरीब, पिछड़ा और अल्पसंख्यकों को उनका अधिकार मिले। इसके कारण भाजपा के लोग डरे हुए हैं।




राजनीतिक रूप से तो हमसे मुकाबला नहीं कर सकते हैं, इसलिए कभी जांच एजेंसियों तो कभी अपने बड़बोले नेताओं के द्वारा अनाप-शनाप बुलवाते रहते हैं। इन सब कारणों से दिल्ली के निशाने पर झारखंड और झारखंड के आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आ गए हैं। मगर हमलोग इससे भयभीत होने वाले नहीं हैं। जनता सभी का जवाब देगी। 2024 का चुनाव आने वाला है। भट्टाचार्य मंगलवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आज कल हर आवेदन डिजिटल इंडिया के माध्यम से किया जाता है। इसी तरह से हाई कोर्ट में भी ऑनलाइन आवदेन किया जाता है, जिसमें कई तरह प्रक्रिया होती है। इस प्रकिया में कुछ त्रुटियां रह जाती हैं, हो जाती हैं। यह सामान्य प्रक्रिया है।

### जिला बाल संरक्षण, सहयोग वीलेज सहित अन्य एजेंसियों के कार्यों की समीक्षा

खूंटी। उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में मंगलवार को उनके कार्यालय कक्ष में जिला बाल संरक्षण, सहयोग वीलेज सहित अन्य कार्यरत एजेंसियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सहयोग वीलेज, आशा किरण, आशा ज्योति शिखा के कार्य संचालन की समीक्षा की गई। उपायुक्त द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने अंचलाधिकारी को स्पांसरशिप प्रोग्राम जैसे फोस्टर केयर स्कीम, पीएम केयर स्कीम के तहत लाभुकों का निरीक्षण और सत्यापन करने का निर्देश दिया।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**एन0आर0ई0पी0–I, राँची**

(Notice)

शुद्धि–पत्र

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना सं0 19/2023–24 प्रकाशन हुआ था जिसका PR.No. – 307404 NREP(23-24)#D जिसमें ग्रुप नं0–04 बुण्डू प्रखण्ड के पंचायत–ताऊ के ग्राम–दलकीडीह में सोनाहातु मुख्य पथ से नीचे टोला तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। एवं ग्रुप नं0–05 में तमाड़ प्रखण्ड के पंचायत–जानुमपीड़ी के ग्राम–दुलमी में मुख्य नहर पुलिया से दुलमी ग्राम तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य का भूलवश परिमाण विपत्र का मूल्य 10,000/- हो गया है जिसे सुधार करते हुए परिमाण विपत्र का मूल्य 5,000/- रु0 पढ़ा जाय।

ई–निविदा की अन्य शर्तें यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
एन0आर0ई0पी0–1, रांची

PR 307767 NREP(23-24).D

**कार्यालय :- जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा**

**प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना हेतु आवेदन आमंत्रण**

एतद् द्वारा निदेशानुसार कोडरमा जिले के मत्स्य कृषकों एवं मत्स्य पालन को रोजगार के रूप में अपनाने हेतु सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में भारत सरकार के मात्स्यिकी, पशुपालन एवं गव्य विकास विभाग के द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

उक्त योजना का मुख्य लक्ष्य मछली उत्पादन एवं उत्पादकता में गुणात्मक वृद्धि, तकनीकी, आधारभूत संरचना तथा मात्स्यिकी प्रबंधन द्वारा आधुनिकीकरण एवं सुदृढ़ीकरण किया जाना है। इस योजना के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम लाभुक जनित है तथा इसमें केन्द्र सरकार के अनुदान के अतिरिक्त की राशि लाभुक अंशदान के रूप में लाभुक द्वारा स्वयं वहन किया जाना है। लाभुक जनित योजनाएँ निम्नांकित है–

| क्र0सं0 | योजना का नाम | ईकाई | ईकाई लागत (लाख में) | सरकार का अनुदानित राशि | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | सामान्य जाति | अनु0जाति/अनु0 जनजाति/महिला | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | कार्प हैचरी अधिष्ठापन कार्य | (सं0 में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 | |
| 2 | स्कैम्पी हैचरी अधिष्ठापन कार्य | (सं0 में) | 50.00 | 20.00 | 30.00 | |
| 3 | नये रियरिंग तालाब का निर्माण (नर्सरी/बीज रियरिंग तालाब) | (हे0 में) | 7.00 | 2.80 | 4.20 | |
| 4 | नये ग्रो आउट तालाब निर्माण | (हे0 में) | 7.00 | 2.80 | 4.20 | |
| 5 | मिश्रित मत्स्य पालन, पंगेशियस एवं तिलापिया पालन आदि के लिए इनपुट (उपरोक्त अंकित नये ग्रो–आउट तालाबों के निर्माण में) | (हे0 में) | 4.00 | 1.60 | 2.40 | |
| 6 | बायोफ्लोक तालाब का निर्माण (4 लाख प्रति हे0 इनपुट सहित) | 0.1 हे0 | 14.00 | 5.60 | 8.40 | |
| 7 | जलाशयों में अंगुलिकाओं का संचयन @1000 अंगुलिकाएँ प्रति हे0 (3.00 लाख रू0 प्रति एक लाख अंगुलिकओं हेतु) | (हे0 में) | Rs.@03/ Fingerling | Rs.@1.20/ Fingerling | Rs.@1.80/ Fingerling | |
| 8 | बैकयार्ड सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछलियों की रियरिंग ईकाई | (सं0 में) | 3.00 | 1.20 | 1.80 | |
| 9 | मध्यम आकार के सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछलियों की रियरिंग ईकाई | (सं0 में) | 8.00 | 3.20 | 4.80 | |
| 10 | समेकित सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछली इकाई (ब्रिडिंग एवं रियरिंग हेतु) | (सं0 में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 | |
| 11 | मीठे जल हेतु सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछलियों के ब्रुड बैंक की स्थापना | (सं0 में) | 100.00 | 40.00 | 60.00 | |
| 12 | मात्स्यिकी संबंधी मनोरंजक गतिविधियों को प्रोत्साहन (Promosion of Recreational Fisheries) | (सं0 में) | 50.00 | 20.00 | 30.00 | |
| 13 | बड़े आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना (कम से कम 90 घनमीटर प्रति क्षमता वाले 08 टैंक एवं 40 टन/कार्प मछली उत्पादन की क्षमता) | (सं0 में) | 50.00 | 20.00 | 30.00 | |
| 14 | 04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 उँचाई के 50 टैंक वाले बड़े बायोफ्लॉक की स्थापना | (सं0 में) | 50.00 | 20.00 | 30.00 | |
| 15 | मध्यम आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना (कम से कम 30 घनमीटर प्रति क्षमता वाले 06 टैंक एवं 10 टन/कार्प मछली उत्पादन की क्षमता) | (सं0 में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 | |
| 16 | 04 मी0 व्यास एवं 1 मी0 उँचाई के 25 टैंक वाले मध्यम बायोफ्लॉक की स्थापना | (सं0 में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 | |
| 17 | छोटे आकार के आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना (100 घनमीटर क्षमता का 01 टैंक) | (सं0 में) | 7.50 | 3.00 | 4.50 | |
| 18 | 04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 उँचाई के 07 टैंक वाले छोटे बायोफ्लॉक की स्थापना | (सं0 में) | 7.50 | 3.00 | 4.50 | |
| 19 | बैकयार्ड मिनी आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना | (सं0 में) | 0.50 | 0.20 | 0.30 | |
| 20 | जलाशयों में केज की स्थापना | (सं0 में) | 3.00 | 1.20 | 1.80 | |
| 21 | आर0एफ0एफ/पेन कल्चर द्वारा मत्स्य पालन | (हे0 में) | 3.00 | 1.20 | 1.80 | |
| 22 | कम से कम 10 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/आईस प्लांट निर्माण | (सं0 में) | 40.00 | 16.00 | 24.00 | |
| 23 | कम से कम 20 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/आईस प्लांट निर्माण | (सं0 में) | 80.00 | 32.00 | 48.00 | |
| 24 | कम से कम 30 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/आईस प्लांट निर्माण | (सं0 में) | 120.00 | 48.00 | 72.00 | |
| 25 | कम से कम 50 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/आईस प्लांट निर्माण | (सं0 में) | 150.00 | 60.00 | 90.00 | |
| 26 | शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज)/आईस प्लांट का आधुनिकीकरण | (सं0 में) | 50.00 | 20.00 | 30.00 | |
| 27 | रेफ्रिजेरेटेड वाहन | (सं0 में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 | |
| 28 | इनसुलेटेड वाहन | (सं0 में) | 20.00 | 8.00 | 12.00 | |
| 29 | आईस बॉक्स के साथ मोटरसाईकिल | (सं0 में) | 0.75 | 0.30 | 0.45 | |
| 30 | आईस बॉक्स के साथ साईकिल | (सं0 में) | 0.10 | 0.04 | 0.06 | |
| 31 | मछली बिक्री के लिए आईस बॉक्स के साथ तीन पहिया वाहन (ई–रिक्शा भी) | (सं0 में) | 3.00 | 1.20 | 1.80 | |
| 32 | जिंदा मछली बिक्री केन्द्र | (सं0 में) | 20.00 | 8.00 | 12.00 | |
| 33 | लघु फीश फिड मिल (प्रतिदिन 02 टन उत्पादन क्षमता) | (सं0 में) | 30.00 | 12.00 | 18.00 | |
| 34 | मध्यम फीश फिड मिल (प्रतिदिन 08 टन उत्पादनक्षमता) | (सं0 में) | 100.00 | 40.00 | 60.00 | |
| 35 | वृहत फीश फिड मिल (प्रतिदिन 20 टन उत्पादनक्षमता) | (सं0 में) | 200.00 | 80.00 | 120.00 | |
| 36 | फीश फिड प्लांट (प्रतिदिन कम से कम 100 टन उत्पादन क्षमता) | (सं0 में) | 650.00 | 260.00 | 390.00 | |
| 37 | खुदरा मछली बाजार का निर्माण (सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछली एवं एक्वेरियम बाजार सहित) | (सं0 में) | 100.00 | 40.00 | 60.00 | |
| 38 | फिश किओस्क (सजावटी/रंगीन/अलंकारी मछली एवं एक्वेरियम सहित) | (सं0 में) | 10.00 | 4.00 | 6.00 | |
| 39 | मछली के मूल्य संवर्धित उत्पाद इकाई (फिश वैल्यू एडेड इन्टरप्राईजेज) | (सं0 में) | 50.00 | 20.00 | 30.00 | |
| 40 | मछली एवं मछली उत्पादों की ई–ट्रेडिंग एवं ई–बाजार हेतु ई–प्लेटफॉर्म | DPR (Detailed Project Report/ SCP (Self Contained Proposal) पर आधारित | | | | |
| 41 | Establishment of Disease diagnostic and quality testing labs (मछलियों की बीमारी की पहचान एवं गुणवत्ता की जाँच हेतु प्रयोगशाला की स्थापना) | (सं0 में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 | |
| 42 | Establishment of Disease diagnostic and quality testing Mobile labs/ Clinics (मछलियों की बीमारी की पहचान एवं गुणवत्ता की जाँच हेतु चलंत प्रयोगशाला/क्लीनिक की स्थापना) | (सं0 में) | 35.00 | 14.00 | 21.00 | |
| 43 | Traditional Fisherman के लिए नाव (replacement) एवं जाल | (सं0 में) | 5.00 | 2.00 | 3.00 | |
| 44 | प्रसार एवं सहयोग सेवाएँ (मत्स्य सेवा केन्द्र) | (सं0 में) | 25.00 | 10.00 | 15.00 | |
| 45 | Bivalve cultivation (pearl culture) (भारत सरकार द्वारा स्वीकृत किए जाने पर) | (सं0 में) | 0.20 | 0.08 | 0.12 | |
| 46 | आर्थिक रूप से कमजोर पारम्परिक मछुआरों हेतु मछली शिकारमाही पर प्रतिबंध के समय आर्थिक सहयोग | (सं0 में) | केन्द्रांश – 1500 रू0 + राज्यांश– 1500 रू0 + लाभुक अंशदान– 1500 रू0 = 4500 रू0 प्रति वर्ष | | | |
| 47 | मछुआरों का बीमा | (सं0 में) | बीमित द्वारा कोई प्रीमियम देय नहीं | | | |

**आवेदन के साथ जमा करने हेतु अनुलग्नक :–**

1. मत्स्य प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
2. बैंक पासबुक की छायाप्रति।
3. आधार कार्ड/वोटर आई डी कार्ड की छायाप्रति।
4. दो पासपोर्ट साईज फोटो।
5. लाभुक द्वारा स्वयं तैयार करवाया गया योजना का प्रस्ताव/DPR (Detailed Project Report) अलग से संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6. जमीन से संबंधित सभी कागजात, जमीन का फोटोग्राफ, वंशावली, जमीन पर विवाद नहीं होने से संबंधित एवं लाभुक अंशदान लगाने से संबंधित शपथ पत्र तथा संबंधित जमीन निजी होने का भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र अंचलाधिकारी से प्राप्त होना चाहिए।
7. अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति के आवेदकों को जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
8. सभी वांछित कागजातों के साथ पूर्ण आवेदन ही चयन की प्रक्रिया में शामिल किए जायेंगे।

**नोट :–** आवेदन पत्र जिला मत्स्य कार्यालय, कोडरमा में निःशुल्क उपलब्ध है।
कार्यालय से आवेदन प्राप्ति एवं जमा की अंतिम तिथि :– 14.10.2023

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
कोडरमा।

PR.NO.307712 Fish(23-24):D

## आस्था

### भगवान वामन के प्रकाट्योत्व पर्व विधि-विधान से मनाया

# भगवान का भव्य श्रृंगार किया गया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मंगलवार को भादो शुक्लपक्ष की श्रवण द्वादशी को श्रीलक्ष्मी - वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में पूरे शास्त्रीय पद्धति से वामन भगवान के जयन्त्योत्सव-पर्व मनाया गया। भाद्रपद शुक्ल की द्वादशी- श्रवण नक्षत्र युक्त होने से श्रवण- द्वादशी कहे जाते हैं। आज ही के दिन वामन भगवान का अवतार हुआ, इसलिये इस तिथि को वामन द्वादशी भी कहते हैं।



प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में भगवान का विश्वरूप दर्शन, सुप्रभातम् ,मंगलाशासनम और तिरूवाराधना हुआ। फिर अनेकानेक उपचार पूर्वक दूध, दही, हल्दी, चंदन, शहद, डाभयुक्त जल, गंगाजल और कई औषध युक्त द्रव्यों से महाभिषेक हुआ। इसके बाद भगवान को वस्त्राभूषण से अलंकृत करके सुवासित पुष्पों से श्रृंगार किया। नक्षत्र, कुंभ और कर्पूर से महाआरती करके मंत्रपुष्प - महास्तोत्रों से स्तवन हुआ। फिर स्थायीजय योग, परं द्विपुष्कर योग तथा विष्णुश्रृंखलयोग में भगवान् वामन की जयन्ती वेदोपचार पूर्वक मनायी गयी। वामन स्तुति और अदिति-कश्यप रचित वामन स्तोत्र आदि से पूजा की गई। इसके बाद भगवान को खीर, आलू पकौड़ा, फल व मेवे का भोग लगा । मंगलवार को उद्यास्तमन सेवा सहित महाभिषेक के यजमान : महावीर प्रसाद- निर्मला नारसरिया रांची निवासी थे। अर्चकः सत्यनारायण गौतम गोपेश आचार्य और नारायण दास ने मिलकर पूजनादि अनुष्ठान रात्रि श्रीभगवान के शयन आरती के बाद संपन्न कराया। इस अवसर पर रामअवतार नारसरिया, रमेश धरनीधरका ,प्रदीप नारसरिया ,अनूप अग्रवाल रंजन सिंह ,सुशील लोहिया के अतिरिक्त सैकड़ों भक्तों ने भगवान् के प्राकाट्य पर्व के अनुष्ठान में भागीदारी निभायी।

## गागर में सागर

### अल्पसंख्यक आयोग के नव नियुक्त सदस्य ने पदभार संभाला



**रांची।** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के नव नियुक्त सदस्य डॉ एम तौसीफ ने मंगलवार को धुर्वा स्थित कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। तौसीफ ने कहा कि जो जिम्मेदारी दी गई है उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। बिहार, बंगाल और दूसरे राज्यों में की तर्ज पर झारखंड में काम किया जाएगा। अल्पसंख्यकों के सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक विकास के लिए इनोवेटिव तरीके के साथ प्रयास किया जाएगा।

इस दौरान झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष सरदार ज्योति सिंह माथारू, प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, विनय सिन्हा, शांतनु मिश्रा, सुनील सिंह, हुसैन अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

### सदर अस्पताल में 27 से कैंसर का इलाज होगा शुरू



**रांची।** सदर अस्पताल में बुधवार से कैंसर के मरीजों को इलाज की सुविधा मिलनी शुरू हो जायेगी। हर तरह के कैंसर मरीजों को सदर अस्पताल में कीमोथेरेपी की सुविधा दी जायेगी।

यह आयुष्मान भारत योजना के तहत पूरी तरह से निशुल्क होगा। जो इस योजना के तहत नहीं आते हैं, उन्हें सरकारी दर या न्यूनतम दरों पर इलाज की सुविधा मिलेगी। इसके अलावा कैंसर सर्जरी की सुविधा भी सदर में मिलेगी। कैंसर सर्जरी के लिए तीन दिन ओपीडी की सुविधा मिलेगी। मेडिकल आंकोलॉजी में डॉ. गुंजेश दो दिन बुधवार और शुक्रवार को परामर्श देंगे।

### फेडरेशन ने राज्य की बिगड़ी विधि-व्यवस्था पर मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**रांची।** फेडरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन के अध्यक्ष दीपेश निराला और महासचिव सत्येंद्र प्रसाद सिंह ने मुख्यमंत्री सह गृह मंत्री को मंगलवार को पत्र लिखकर राज्य के व्यापारी, उद्यमी एवं प्रोफेशनल की सुरक्षा सुनिश्चित करवाते हुए राज्य की बिगड़ी विधि-व्यवस्था को संधारित करवाने का आग्रह किया है।

पत्र में कहा गया है कि विगत छह महीने में झारखंड में 23 कारोबारियों की हत्या कर दी गई है, जिसमें नौ कारोबारियों ने तो पुलिस को इस बाबत अग्रिम सूचना देकर अपने प्राणों के रक्षा के लिए पुलिस सुरक्षा की मांग की थी लेकिन इस पर पुलिस कुछ नहीं कर पाई और अंत में उन कारोबारियों की हत्या कर दी गई, जोकि काफी निंदनीय कृत्य है।

उन्होंने लिखा है कि ऐसे भय के माहौल में कैसे कोई सुगमता से व्यापार कर सकता है? व्यापारियों, उद्यमियों और प्रोफेशनल्स के साथ विभिन्न प्रकार के क्राइम घटित हो रहे हैं, जिसमें धमकी, रंगदारी, लूट, चोरी, डकैती, साइबर क्राइम, किडनैपिंग, हत्या इत्यादि प्रमुख हैं, जिन पर तत्काल लगाम लगाने की मांग की गई है।

### चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

रांची। रांची के पुंदाग ओपी की पुलिस ने चोरी के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में सद्दाम अंसारी और कमरूल अंसारी शामिल है। सद्दाम खेत मुहल्ला और कमरूल आईएसएम चौक पुंदाग का रहनेवाला है। दोनों के पास चोरी किये गए समान बरामद किए गए है। डीएसपी यशोधरा ने मंगलवार को बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपितों ने पुंदाग आईएसएस चौक के पास स्थित रहने वाले उदय शंकर प्रसाद के घर से 23 सितम्बर को कुछ दिन पहले चोरी की घटना को अंजाम दिया था। दोनों ने इनके घर से तार और प्लंबिंग के सामान की चोरी की थी।

---

**राजकीय प्लस टू हाई स्कूल में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पर कार्यक्रम उद्घाटन, सांसद संजय सेठ ने कहा**

# प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना देश के कारीगरों के लिए वरदान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची ने मंगलवार को राजकीय प्लस टू हाई स्कूल , कांके में मेरी माटी , मेरा देश / स्वच्छता ही सेवा / प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना पर विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा जागरूकता रैली निकाला गया। इस अवसर पर कस्तूरबा बालिका उच्च विधालय, कांके के छात्राओं द्वारा मुख्य अतिथि संजय सेठ, सांसद, रांची, विशिष्ट अतिथि सीपी सिंह, रांची विधायक व अन्य अतिथियों को गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

इस कार्यक्रम की उद्घाटन सांसद ने फीता काट कर किया। कार्यक्रम की शुरूवात द्वीप प्रवज्जलित कर किया गया। केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना व प्रसारण मंत्रालय, रांची ने मंच पर उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत शॉल ओढ़ाकर किया वा कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपिता गांधी जी के प्रतिमा




पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया।

संजय सेठ सांसद रांची ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, स्वच्छता ही सेवा, मेरी माटी मेरा देश आदि योजनाओं के विशेषताओं को बताया, साथ ही साथ अपने आहार में मोटा अनाज अपनाने को कहा।

रांची विधायक सीपी सिंह व केंद्रीय संचार ब्यूरो के कार्यालय प्रमुख ने भी लोगों के अंदर जागरूकता फैलाया। गीत व नाटक प्रभाग के कलाकारों ने अपने नाटक व गीत के माध्यम से लोगों को केन्द्र सरकार के विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत कराया। फुटबॉल प्रतियोगिता व अन्य प्रतियोगिताओ के विजई प्रतिभागियों को मुख्य व अन्य अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

मौके पर रांची के सांसद संजय सेठ, रांची के विधायक सीपी सिंह, पत्र सूचना कार्यालय के संयुक्त निदेशक अब्दुल हमीद, केंद्रीय संचार ब्यूरो के कार्यालय प्रमुख शाहिद रहमान, कार्यक्रम संचालक शफीक आलम व कार्यालय सहायक श्रीकांत मोदी, कांके के युवा कांग्रेस मुखिया, जमील अख्तर, स्कूल के प्रधानाध्यपक मोहम्मद कुर्बान अंसारी, शिक्षक व शिक्षिकाएं आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन बुधवार को होगा।

### भाजपा नेता ने पीएम से वरिष्ठ नागरिकों सुविधाओं को बहाल करने की मांग की

**रांची।** भाजपा किसान मोर्चा झारखंड प्रदेश के नेता सह राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक संघ के संयोजक जय प्रकाश पाण्डेय ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर वरिष्ठ नागरिकों को मिलनेवाली सुविधाओं को बहाल करने का आग्रह करते हुए कहा कि क्या वरिष्ठ नागरिकों को राष्ट्र के निर्माण में सहयोग नहीं रहा है। यदि हां तो कई बार राष्ट्रीय आंदोलनों के बाद भी अभी तक कोरोना काल में ट्रेनों में भाड़े में मिलने वाले छूट को 50%और 60% की छूट को क्यों नहीं बहाल किया जा सका, इसके कारण वरिष्ठ नागरिकों को सरकार के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इस समस्या को सांसद जया बच्चन ने भी लोकसभा में उठाया है। उन्होंने सरकार से मांग पर विचार करने का अनुरोध किया है।

---

# राज्य में बागवानी योजना का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित हो: चंद्रशेखर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

चंद्रशेखर सचिव ग्रामीण विकास विभाग की अध्यक्षता में मंगलवार को स्टेट प्लांटेशन एडवाइजरी कमेटी की बैठक एफएफपी बिल्डिंग के सभागार में हुई। बैठक में मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी,वन विभाग ,कृषि, जेएसएलपीएस, केंद्रीय तसर प्रशिक्षण संस्थान, निदेशक आइआइआरजी, निदेशक कृषि अनुसंधान ,कृषि विज्ञान केंद्र, जेएसडब्ल्यूएम टीआरआईएफ निदेशक बैठक में शामिल हुए।

उक्त बैठक में सचिव, ने कहा कि राज्य के सभी जिलों में बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है। इस बार आम की बागवानी के अलावा अन्य फलदार पौधों जैसे- अमरूद, निम्बु, नासपाती, सरीफा, बेर, कटहल, सहजन इत्यादि की बागवानी को बढ़ावा देने के साथ ही मिश्रित फलदार पौधों की बागवानी




को प्रोत्साहित करने पर बल दिया है. मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के माध्यम से अंतः कृषि के जरिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था हुई है , जो आने वाले समय में ग्रामीणों की आय का अतिरिक्त जरिया साबित होगा।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि एसएचजी की दीदीयों द्वारा संचालित दीदी बगिया योजना उद्यमियों को फलदार पौधा तैयार करने हेतु प्रशिक्षण एवं अन्य सहायता प्रदान किया जाय ताकि गुणवत्तापूर्ण पौधों का उत्पादन नर्सरी में किया जा सके। दीदी बगिया अन्तर्गत स्थापित नर्सरियों का रजिस्ट्रेशन जेएसएलपीएस के माध्यम से नेशनल हॉर्टीकल्चर बोर्ड में कराने पर विचार करने का भी निर्णय लिया गया। बागवानी सखियों का समय पर क्षमतावर्धन एवं उन्हें तकनीकी रूप से और सक्षम बनाने के उद्देश्य से प्रशिक्षित करना आवश्यक है, क्योंकि लाभुकों द्वारा किये जा रहे बागवानी में इनके द्वारा निरंतर तकनीकी सलाह दी जाती है। अतः उन्हें प्रशिक्षित कर उनके द्वारा बागवानी अंतर्गत किए गए कार्य की एवज में ससमय मजदूरी भुगतान सुनिश्चित किया जाए। बागवानी योजना के सफल क्रियान्वयन बड़े पैमाने पर करना तभी संभव है। जब योजना में सहयोग के लिए पंचायत / प्रखण्ड एवं जिला स्तर पर मानव संसाधन तैनाती की जाय। इस कार्य हेतु कमिटि के सदस्यों द्वारा तसर डेवलपमेंट फाउंडेशन के प्रतिनिधि के साथ समन्वय बनाकर पौधरोपण के लिए मानव संसाधन से संबंधित एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने का निर्णय लिया गया, ताकि विभाग स्तर से इस संबंध में अग्रेतर कार्रवाई की जा सके। बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत जेएसएलपीएस के द्वारा बागवानी में ड्रीप एरिगेशन कराने पर विचार करने का भी निर्णय लिया जाय।

### सीएस से मिले आदिवासी कुड़मी मंच के सदस्य

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आदिवासी कुड़मी समाज और वृहद झारखंड आदिवासी कुड़मी मंच के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मुख्य सचिव सुखदेव सिंह से प्रोजेक्ट भवन में भेंट की। उन्हें प्रतिनिधिमंडल ने 480 पन्नों का ज्ञापन भी सौंपा। मुख्य सचिव ने कहा कि उनके मांग पत्र का अध्ययन होगा। इसके उपरांत इस विषय पर मुख्यमंत्री से विस्तृत चर्चा होगी। चर्चा उपरांत इस पर सरकार ही कानून सम्मत या नियम सम्मत कार्रवाई करेगी। प्रतिनिधिमंडल में शामिल मंटू महतो ने कहा कि पिछले दिनों झारखंड में रेल टेका डहर छेका कार्यक्रम कुड़मी संगठनों की ओर से चलाया गया था। इस आंदोलन के दौरान कई लोगों के खिलाफ प्रशासन की ओर से मुकदमा भी दर्ज किया गया। ऐसे में सरकार के साथ वार्ता के दौरान सबसे पहले आंदोलनकारियों के खिलाफ दर्ज मुकदमों की वापसी पर वार्ता हुई। इसमें कहा गया कि



इस संबंध में डीजीपी झारखंड से बात करने के बाद इस विषय पर हल निकाला जाएगा। दूसरा विषय कुड़मी जनजाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने पर था। मंटू महतो ने कहा कि हम सभी कुड़मी जनजाति संगठित रहेंगे। आगे की रणनीति बनाने के लिए सभी कुड़मी एक होकर आंदोलन की रूपरेखा तय करेंगे। यह लड़ाई अभी लंबी चलेगी और इसका सही हल केन्द्र से ही मिलेगा। हम लोगों ने अपनी बात को मुख्य सचिव के सामने साक्ष्यों एवं कानूनी पहलुओं को मजबूती से रखा है। मुख्य सचिव ने हमारी बातों को गंभीरता से सुना है।

---

## श्रीकृष्ण विकास परिषद एक अक्टूबर को मनाएगा शौर्य दिवस



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्रीकृष्ण विकास परिषद एक अक्टूबर को यादव महासभा का शताब्दी वर्ष पुराना विधानसभा हॉल में शौर्य शक्ति दिवस के रूप में मनाएगा। इस संबंध में मंगलवार को श्रीकृष्ण विकास परिषद के प्रमुख सदस्यों का महत्वपूर्ण बैठक हटिया रेलवे मार्केट स्थित कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता परिषद के मुख्य संरक्षक कैलाश यादव ने की। बैठक में निर्णय हुआ कि यादव महासभा के 100 वर्ष पूरे होने पर शताब्दी समारोह सम्मेलन के उपलक्ष्य में भव्य रूप से शौर्य शक्ति दिवस के रूप में मनाया जायेगा। सम्मेलन एक अक्टूबर को पुराना विधानसभा सभागार में आयोजित होगा। कैलाश यादव ने कहा कि यादव महासभा का सौ वर्ष पूर्ण होना गौरव की बात है।कार्यक्रम में राज्यभर से यादव समाज के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसद, विधायक सहित सामाजिक संगठनों के लोग भी उपस्थित रहेंगे।

बैठक में प्रमुख रूप से महासचिव नंदन यादव, सुरेश राय, रामकुमार यादव, राजकिशोर सिंह यादव, मैनेजर राय, कन्हैया सिंह,चंदन यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

---

**मारवाड़ी सहायक समिति का चुनाव 1 अक्टूबर को**

## कोषाध्यक्ष को छोड़कर सभी पदों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का होगा चुनाव

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी की**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मारवाड़ी सहायक समिति रांची की साधारण सभा एवं समिति की निर्वाचन सत्र-2023- 25 का चुनाव 1 अक्टूबर को मारवाड़ी भवन में होगा। चुनाव के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कमल कुमार केडिया ने बताया कि मारवाड़ी सहायक समिति के चुनाव में सत्र 2023 - 25 के लिए संस्था के पदाधिकारीयों मे अध्यक्ष-एक, उपाध्यक्ष- दो, सचिव -एक, उप सचिव- दो, कोषाध्यक्ष एक, एवं बीस कार्यकारिणी सदस्यों का निर्वाचन होगा। उन्होंने बताया कि 25 सितंबर को उम्मीदवारों द्वारा



नाम वापस लेने के बाद आज उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी कर दी गई है। जिसमें पदाधिकारियों में- अध्यक्ष- प्रेम मित्तल एवं मनोज चौधरी, उपाध्यक्ष- कौशल कुमार राजगढ़िया,पवन कुमार कनोई, भरत कुमार बगड़िया, सज्जन कुमार पाड़िया, एवं सुरेश कुमार जैन,सचिव-अशोक कुमार पुरोहित एवं रमन बोडा, उपसचिव- अजय कुमार डीडवानिया,कन्हैया लाल भरतिया,विजय कुमार खोवाल एवं मनीष लोधा, कोषाध्यक्ष-किशन कुमार पोद्दार, तथा कार्यकारिणी सदस्यों मे- अजय कुमार खेतान, अजय बजाज, अर्चना साबू, अर्जुन अग्रवाल, अशोक लाठ, आनंद जालान, कमल खेतावत, कमल शर्मा, कमलेश कुमार संचेती, किशन अग्रवाल, जितेश अग्रवाल, नंदकिशोर आर्या, निर्मल कुमार बुधिया, पदम चंद्र जैन, प्रकाश नाहटा, प्रमोद बगड़िया, पुरुषोत्तम अग्रवाल, मुकेश जाजोदिया, राजकुमार मित्तल, राजेश कौशिक, राम बांगड़, ललित कुमार पोद्दार, विनोद बेगवानी जैन, संजय बजाज, सुरेश चौधरी, सुरेश पोद्दार एवं श्रवण अग्रवाल को मारवाड़ी सहायक समिति के लगभग पच्चीस सौ सदस्य इस चुनाव मे अपना मताधिकार का प्रयोग कर पदाधिकारीयों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का चयन करेंगे। इस चुनाव के लिए सह निर्वाचन पदाधिकारी राजेंद्र केडिया, पवन शर्मा एवं विनोद कुमार जैन है।

उक्त जानकारी देते हुए मारवाड़ी सहायक समिति के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि मारवाड़ी सहायक समिति का साधारण सभा की बैठक 1 अक्टूबर दिन रविवार को प्रातः 10 बजे से होगा, तथा मतदान 1 अक्टूबर को ही पूर्वाह्न 11 बजे से संध्या 5 बजे तक मारवाड़ी भवन में होगा।

---

**आस्था**

**श्री श्याम मंदिर में 69 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ हुआ संपन्न**

# सैंकड़ों भक्तों ने किया सामूहिक पाठ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को भाद्र पद की बारस तिथि के शुभ अवसर पर सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही। प्रातः सुबह 5:00 बजे मंदिर के पट खुलते ही भक्तों का आना लगा रहा। सुबह 5:30 मंगला आरती के बाद तीनों मंड का पर्दा लगाकर बाबा का श्रृंगार मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा एवं मंदिर के आचार्य ने किया। मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं का श्रृंगार किया गया। कोलकाता से मोती मुर्गन गुलाब तुलसीदल पीला गेंदा की मोटी मोटी मालाओं से खाटू नरेश का एवं सभी देवी देवताओं का श्रृंगार किया गया।



श्रृंगार के बाद श्रृंगार आरती में भक्तजन खाटू नरेश के दर्शन कर भाव विभोर हो रहे थे। बारस के शुभ अवसर पर भक्तों ने आज बाबा को खीर चूरमा का प्रसाद अर्पित किया।

दीन दयाल विरुद्ध संभारी हरहु नाथ मम संकट भारी जो यह पढ़े हनुमान चालीसा हुए सिद्धि साखी गौरीसा तुलसीदास सदा हरि चेरा कीजै नाथ हृदय महु डेरा के सुरताल से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गुंजायमान रहा। श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को होने वाला 69 वां कार्यक्रम आज धूमधाम से संपन्न हुआ । मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने हनुमान जी महाराज की दिव्य अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा गुड़ चना संतरा फल का प्रसाद अर्पित कर परिवार के लिए खुशहाली की प्रार्थना की । मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान विधिवत संपन्न करवाया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद की सेवा निवेदित की। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने रामचरितमानस ग्रंथ व पाठ वाचकों का चंदन वंदन किया । श्री गणेश वंदना करके हनुमान चालीसा का पाठ किया गया । पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक डफली झांझ करताल के सुरताल के साथ श्री सुंदरकांड का पाठ प्रारंभ किया। मंदिर परिसर में उपस्थित सैकड़ो भक्तों ने भक्ति भाव से सामूहिक रूप से पाठ किया। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। बजरंगबली की जय जयकारों से हरमू रोड गूंज रहा था। पाठ के समापन के बाद श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय संकीर्तन करके महाआरती की गई । सभी भक्तजनों को केसरिया पेडा चना गुड़ संतरा फल व नारियल का प्रसाद वितरित किया गया । इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया श्रवण ढानढनिया स्नेह पोद्दार श्याम सुंदर जोशी आदि उपस्थित थे।

30 सितंबर शनिवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 81 वां श्री श्याम भंडारा सायं 5:00 बजे से होगा। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने भक्तों का आमंत्रित किया है । उपरोक्त जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

### नामकुम के आईटी पार्क में खुलेगा पासपोर्ट का नया ऑफिस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नामकुम स्थित आईटी पार्क में पासपोर्ट का नया ऑफिस जल्द काम करने लगेगा। पासपोर्ट की बढ़ती मांग और नागरिकों को बेहतर सेवा देने के लिए यह निर्णय लिया गया है। इस नए ऑफिस में एक दिन में कम से कम 700 आवेदकों का पासपोर्ट के लिए आवेदन स्वीकार करने की क्षमता होगी। जल्द ही झारखंड के सभी पासपोर्ट ऑफिस को ऑफलाइन से ऑनलाइन किया जाएगा। यह जानकारी रांची की क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी मनिता कुमारी ने मंगलवार को दी। उन्होंने बताया कि विदेश मंत्रालय ने रांची के नगड़ी में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय के नए भवन के निर्माण की मंजूरी दे दी है। इस भवन में विदेश मंत्रालय के अन्य जन केंद्रित विभाग भी



कार्यशील होंगे। उन्होंने बताया कि गुमला और गिरिडीह में पोस्ट ऑफिस आधारित पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र को ऑफलाइन से ऑनलाइन मोड में बदला जा रहा है। इससे रांची पासपोर्ट कार्यालय इन केंद्रों में प्राप्त आवेदनों का वास्तविक समय में निस्तारण कर सकेगा। इसी तरह गोड्डा वासियों की सहूलियत के लिए गोड्डा स्थित मुख्य डाकघर में पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र स्थापित किया जा रहा है।

## गागर में सागर

### तिसरी-कोदाईबांक मार्ग पर दो बाइक के बीच टक्कर में 2 युवक घायल

**गिरिडीह।** तिसरी -कोदाईबांक मुख्य मार्ग पर देवानजोत मोड़ के पास मंगलवार की सुबह दो बाइक के बीच आमने-सामने की टक्कर में दो युवक घायल हो गए. जानकारी के अनुसार, एक बाइक पर दो लोग सवार होकर तिसरी से कोदाईबांक की ओर जा रहे थे, जबकि दूसरी बाइक कोदाईबांक से तिसरी की ओर आ रही थी. दीवानजोत मोड के पास दोनों के बीच सीधी टक्कर हो गई. घटना में तिसरी तालाब निवासी बाइक सवार पवन कुमार को हाथ व पैर में चोट लगी है, जबकि पंदनाटांड़ निवासी युवक के पैर में फ्रैक्चर है. दुर्घटना के बाद दूसरी बाइक पर सवार युवक वाहन छोड़कर भाग निकले. घायल पवन कुमार को स्थानीय लोग स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉ. जैनेन्द्र व डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार ने उसका इलाज किया.

### जमशेदपुर : कदमा में 11वीं की छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के कदमा थाना अंतर्गत ईसीसी फ्लैट संख्या 213 बी निवासी कुणाल शाह की 16 वर्षीय बेटी नेहल शाह ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना सोमवार देर शाम की है. नेहल ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर ओढ़नी के सहारे फांसी लगाई. देर शाम परिजनों ने दरवाजा तोड़ नेहल को फंदे से उतारा और टीएमएच लेकर गए. वहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. कुणाल शाह टाटा स्टील कर्मी हैं. नेहल जुस्को स्कूल में 11वीं कक्षा की छात्रा थी. कुणाल ने पुलिस को बताया कि घटना के वक्त नेहल की मां और छोटी बहन बाजार गई थी. इस बीच नेहल ने मां को फोन कर बताया कि उसकी तबीयत ठीक नहीं लग रही है. मां घर पहुंची तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था. दरवाजा को तोड़ने पर नेहल फंदे से लटकी पाई गई. उन्होंने पुलिस को बताया कि वह पढ़ाई को लेकर कुछ दिनों से परेशान थी.

### बहरागोड़ा : अज्ञात वाहन के धक्के से युवक का मौत, जांच पड़ताल जारी

**जमशेदपुर।** बहरागोड़ा थाना क्षेत्र के एनएच 18 पर सोमवार की देर रात खड़िकासोल के समीप अज्ञात वाहन की धक्के से सुधीर मुंडा (24) नामक युवक की मौत हो गई. जानकारी के अनुसार मृतक बहरागोड़ा प्रखंड के चिंगड़ा पंचायत अंतर्गत अर्जुनबेड़ा गांव का रहने वाला था. वह अपनी बाइक से करम पूजा के अवसर पर फुलबेड़िया अपने मामा घर जा रहा था. इसी दौरान खड़िकासोल के पास अज्ञात वाहन के धक्के से उसकी मौत हो गई. मौके पर पुलिस पहुंचकर लाश को अपने कब्जे में लेकर मंगलवार की सुबह पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा अपने स्तर से जांच पड़ताल कर रही है. वहीं मृतक परिवार में इकलौता पुत्र होने के कारण परिवार वाले तथा परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है.

### बोकारो : दो सड़क हादसों में एक युवक की मौत, दो घायल,

**बोकारो।** चंदनकियारी व पिंड्राजोरा थाना इलाके में 25 सितंबर की रात 11 बजे दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो युवक घायल हो गए. इनका इलाज चास के निजी अस्पताल में चल रहा है. चंदनकियारी झरिया रोड़ में पेट्रोल पंप के पास रात करीब 11 बजे बाइक सवार सचिन मुर्मू (32) को अज्ञात वाहन ने अपने चपेट में ले लिया. इस हादसे में मौके पर ही उसकी मौत हो गई. चंदनकियारी पुलिस ने रात में शव को लाकर थाना में रखा और सुबह में परिजनों को सूचना देकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. मृतक युवक चंद्रा के रंगाटांड निवासी सोनाराम मांझी का पुत्र था. जो अपने घर से रात में संथाल लाघला अपने ससुराल के लिए निकला था. इसी बीच वह हादसे का शिकार हो गया. दूसरी घटना में पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र के एनएच-23 फोरलेन में बांधगोड़ा चौक पर बाइक सवार ने सड़क क्रॉस कर रहे शिवनंदन रजवार (45) को ठोकर मार दिया. इस हादसे में बाइक सवार बांधगोड़ा निवासी विशाल कुमांर महथा और शिवनंदन रजवार दोनों घायल हो गए. दोनों को स्थानीय लोगों ने अस्पताल पहुंचा दिया है.

### बोकारो : आरपीएफ ने स्थापना दिवस सप्ताह में चलाया जागरूकता अभियान

**बोकारो।** आरपीएफ ने अपने स्थापना दिवस सप्ताह में बोकारो रेलवे स्टेशन सहित आस-पास के इलाके में जागरूकता अभियान चलाया. आरपीएफ के अधिकारियों ने 26 सितंबर को रेलवे मिडिल स्कूल, कुमीर्डीह बस्ती में जाकर बच्चों को स्वच्छता व मानव तस्करी के बारे में जागरूक किया. सब इंस्पेक्टर बलराम मीना ने कहा कि हर लोग अपने आसपास गंदगी को साफ कर स्वच्छ रह सकते हैं. इससे उन्हें किसी भी प्रकार की बीमारी नहीं होगी. ठीक इसी तरह बच्चों को भी स्वच्छ रहना होगा. तभी वह शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बन सकेंगे. एसआई मीना कुमारी ने कहा कि आरपीएफ लगातार लोगों की मदद कर रहा है, खास कर बच्चे सुरक्षित रहें, इसे लेकर लगातार स्टेशन पर बच्चों को रेस्क्यू कर बचा रही है. मौके पर एके गुप्ता, आरएल चौहान, अनन्या आदि मौजूद थे.

## गिरिडीह कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में रंगोली, चित्रांकन व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

# आज से अभियानों पर तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी शुरू





**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** भारत सरकार के सूचना प्रसारण मंत्रालय अंतर्गत केंद्रीय संचार ब्यूरो की क्षेत्रीय धनबाद इकाई द्वारा अमृत महोत्सव अंतर्गत पोषण माह, स्वच्छता ही सेवा, मेरी माटी मेरा देश अभियान पर जिला प्रशासन के सहयोग से कल दिनांक 27 अगस्त, 2023 से तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का आयोजन जिला के गिरिडीह कॉलेज, गिरिडीह में किया जा रहा है। उपायुक्त गिरिडीह, नमन प्रियेश लकड़ा मुख्य अतिथि के रूप में प्रदर्शनी का कल कॉलेज परिसर में उद्घाटन करेंगे। प्रदर्शनी स्थल पर गिरिडीह जिला प्रशासन के समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं जन सम्पर्क बिभाग द्वारा पोषण, स्वच्छता अभियान, आदि पर स्टॉल भी लगाया जाएगा। इस प्रदर्शनी के बारे में जागरूकता के लिए आज केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा प्री-पब्लिसिटी अभियान चलाया गया, जिसमें कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, गिरिडीह की छात्राओं के बीच रंगोली, पेंटिंग तथा निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सीमा अग्रवाल ने कहा कि पोषण माह, मेरी माटी मेरा देश अभियान देश के स्वास्थ्य को बढ़ाएगा, वहीं अपनी माटी से जुड़ने के लिए प्रेरित भी करेगा। मैं सभी विद्यार्थियों से आग्रह करूंगी कि वह प्रतियोगिताओं में हिस्सा लें और इस अभियान से प्रेरणा लें। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी केंद्रीय संचार ब्यूरो, धनबाद श्री ओंकार नाथ पांडेय ने कल लगने वाली प्रदर्शनी की विषय वस्तु से सभी का परिचय कराया। आज की प्रतियोगिताओं के आयोजन एवं समन्वय में सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी श्री राजकिशोर पासवान के साथ विद्यालय के शिक्षिकाओं निक्की मिश्रा, शाकीरा बानो, वंदना सिन्हा, आदि ने अहम भूमिका निभाई। आयोजित प्रतियोगिताओं में पेंटिंग की विजेता नौवीं कक्षा की नैना प्रवीण प्रथम आई, वहीं रंगोली प्रतियोगिता बारहवीं कक्षा की शमा प्रवीण ने प्रथम स्थान पाया। निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 12 की मीनाक्षी सिंह ने प्रथम स्थान पाया। सभी विजेताओं को कल आयोजित फोटो प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह में अतिथियों द्वारा सम्मानित किया जाएगा। विभाग से जुड़े कला निकेतन के कलाकारों द्वारा गीत एवं नाटक का भी मंचन किया जाएगा।

# खरसावां : मानव तस्करी के खिलाफ चलाया गया जागरूकता अभियान





**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** राजखरसावां रेलवे स्टेशन में आरपीएफ के सीनी पोस्ट प्रभारी अमल कुमार घोष की देख-रेख में मानव तस्करी विरोधी दस्ते की टीम ने मंगलवार को मानव तस्करी को लेकर जागरूकता अभियान चलाया. टीम में शामील हेड कांस्टेबल बालचंद साहु ने स्टेशन में मौजूद यात्रियों को जागरूक करते हुए बताया कि वर्तमान समय में मानव तस्करी समाज में एक अभिशाप के रूप में सामने आया है, जिसने पूरे समाज को कलंकित करके रख दिया है. उन्होंने कहा कि मानव तस्कर गांव-कस्बों के भोले-भाले लोगों को विशेषकर नाबालिग लड़कियों को बड़े -बड़े शहरों में काम दिलाने का प्रलोभन देकर ले जाते हैं. जहां उनके साथ काफी अत्याचार किया जाता हैं. उनका मानसिक और शारीरिक शोषण किया जाता है. इतना ही नहीं बल्कि उनके शरीर के अंगों जिसमें मुख्य रूप से किडनी, आंख, फेफड़े आदि निकाल कर बेच देते हैं. अतः जब कभी भी रेलवे में सफर करने के दौरान आप इस तरह के संदिग्ध मानव तस्करों के साथ नाबालिग लड़कियों या फिर बच्चों को देखें तो तुरंत निःशुल्क हेल्पलाइन नंबर 139 पर कॉल करें. इस दौरान आरपीएफ पोस्ट, सीनी के प्रधान आरक्षी बालचंद साहु, आरक्षी विश्वजीत बाउलिया समेत काफी संख्या में रेलवे यात्री मौजूद थे.

# झारखंड में अधिकारी और बिचौलिए भ्रष्टाचार में पूरी तरह लिप्त : जफर इस्लाम



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने हेमंत सोरेन सरकार पर बड़ा हमला बोला है। पार्टी के प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने हेमंत सोरेन को झारखंड में करप्शन के स्लीपर सेल का इंचार्ज कहा। साथ ही हेमंत सोरेन सरकार पर लगभग चार वर्षों के कार्यकाल में 77000 करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के आका दिल्ली और पटना में बैठे हैं। सोनिया गांधी, राहुल गांधी, लालू यादव, नीतीश कुमार, मल्लिकार्जुन खड़गे आदि सभी के सहयोग से इस प्रदेश की संपत्ति लूटी जा रही है और संपत्ति का बंटवारा भी किया जा रहा है। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि घमंडीया गठबंधन ने 2004 से 2014 तक देश की संपत्ति को लूटा। 2014 के बाद जब उनकी सरकार चली गई तब उन्होंने करप्शन की स्लीपर सेल को ढूंढना प्रारंभ किया। स्लीपर सेल उन्हें वैसे प्रदेशों में मिले, जहां उनकी गठबंधन की सरकार है। झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार के साथ मिलकर उन्होंने लूटपाट शुरू की। पूरे झारखंड में करप्शन हो रहा है। झारखंड में अधिकारी और बिचौलिए मिलकर करप्शन कर रहे हैं। सभी के तार हेमंत सोरेन से जुड़े हुए हैं। चाहे माइंस घोटाला हो, मनरेगा घोटाला हो, ट्रांसफर पोस्टिंग घोटाला हो, रूलर डेवलपमेंट घोटाला हो, सभी के कनेक्शन कहीं ना कहीं करप्शन के स्लीपर सेल के इंचार्ज हेमंत सोरेन से जुड़ते हैं।

# झारखंड में कानून व्यवस्था चौपट : बाबूलाल मरांडी



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि धनबाद सहित पूरे झारखंड में कानून व्यवस्था चौपट हो चुकी है। भ्रष्टाचार चरम पर है। राज्य सरकार को इसकी कोई चिंता नहीं है। झारखंड में बेहिसाब अपराध बढ़ा है। धनबाद में एसपी हैं। सबका प्रमोशन हो गया लेकिन वसूली करने के लिए इनका प्रमोशन नहीं हुआ। हेमंत सोरेन ने धनबाद जिले के एसपी को अपना वसूली एजेंट बना रखा है। मरांडी मंगलवार को संकल्प यात्रा के तहत निरसा विधानसभा में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि जनता से लूटे गए इन्हीं पैसों से हेमंत अपने कोर्ट-कचहरी का खर्चा निकाल रहे हैं। पलामू में पदस्थापन के दौरान इनके एक कारनामे से हमने पत्र लिखकर सरकार को अवगत कराया लेकिन सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ा। वैसे दागी अधिकारी को धनबाद जैसे जिला में सरकार पदस्थापित करके रखी है तो दाल में कुछ काला जरूर है। यह तो राज्य की स्थिति है, फिर कैसे कानून व्यवस्था ठीक होगी।मरांडी ने कहा कि सरकार का काम होता है कानून व्यवस्था ठीक कराना लेकिन आज झारखंड में क्या हो रहा है किसी से छुपा नही है। यहां प्रत्येक दिन चोरी, डकैती, लूट, अपहरण, हत्या यहां तक कि बहू बेटियों की इज्जत भी सुरक्षित नहीं है।

### सदर अस्पताल के आउटसोर्सिंग कर्मियों की हड़ताल हुई समाप्त

**गिरिडीह।** आउटसोर्सिंग कर्मियों की 25 सितंबर से जारी हड़ताल 26 सितंबर को सिविल सर्जन डॉ एसपी मिश्रा से वार्ता के बाद समाप्त हो गई. अस्पताल परिसर में आउटसोर्सिंग कर्मियों की हड़ताल दूसरे दिन शुरू होने वाला था कि गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के निर्देश पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजय सिंह अस्पताल पहुंचे और वार्ता की पहल की. वार्ता में सिविल सर्जन के अलावा कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, झामुमो जिला अध्यक्ष, अनुमंडल अधिकारी विशाल दीप खलको व डीएसपी संजय राणा की मौजूदगी में वार्ता शुरू की गई. 2 घंटे की बातचीत के बाद सभी बिंदुओं पर रजामंदी हुई और कर्मियों की ओर से हड़ताल समाप्ति की घोषणा की गई. इससे पूर्व श्री सिंह ने हड़ताल पर बैठे एएनएम, जीएनएम व तकनीशियनों को ड्यूटी पर भेजा ताकि भर्ती मरीजों को कोई परेशानी ना हो. लिखित समझौता वार्ता पर कर्मियों की ओर से प्रदेश अध्यक्ष, सिविल सर्जन व बालाजी कंपनी के सुपरवाइजर गौरव राय ने हस्ताक्षर किया.

# प्रदेश कांग्रेस ने पांच जिला प्रभारी बदले, 15 नये विधानसभा प्रभारियों की नियुक्ति की





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने जिलों में फेरबदल कर पांच जिला प्रभारी एवं 15 नये विधानसभा प्रभारी की नियुक्ति की है। प्रदेश प्रवक्ता सतीश पॉल मुंजनी ने मंगलवार को बताया कि विगत 09, 10, 12, 13 सितम्बर 2023 को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्षों के प्रभार के जिलों में संगठन सशक्तिकरण अभियान के तहत प्रखण्ड क्षेत्रों में मण्डल एवं पंचायत स्तर तक संगठन निर्माण की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त करने के लिए समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न की गयी। समीक्षा बैठक में आपसी विचार-विमर्श के आधार पर कुछ जिला में फेरबदल कर जिला प्रभारियों एवं विधानसभा प्रभारियों की जिम्मेदारियों में आवश्यक बदलाव एवं नये पदाधिकारियों की नियुक्ति की आवश्यकता महसूस की गई। इस निमित्त सांगठनिक पूर्णता के कार्य को गति देने के लिए जिलों में फेरबदल कर नये जिला प्रभारी महासचिवों एवं नये विधानसभा क्षेत्रों में विधानसभा प्रभारियों की नियुक्ति गई है। गोड्डा में अनुकूल चन्द्र मिश्रा, देवघर में परविन्दर सिंह, पाकुड में तनवीर आलम, गिरिडीह में श्वेता सिंह, रामगढ में सुरेन्द्र सिंह को जिला प्रभारी बनाया गया है। जबकि घाटशिला में तापस चटर्जी, सरायकेला में अम्बर राय चौधरी, विश्रामपुर में पूर्णिमा पांडेय, बरकट्ठा में आभा ओझा, लातेहारमें बद्री राम, मधुपुर में उपेन्द्र सिंह, सिल्ली में परितोष सिंह, ईचागढ़ में खगेन चन्द्र महतो, रांची में अनूप केशरी, चक्रधरपुर में के के शुक्ला, गुमला में सीमा सीता एक्का, तमाड़ में प्रिंस सिंह, लातेहार के मनिका में अशोक यादव, रांची के हटिया में वेद प्रकाश मिश्रा, सिमडेगा में कोलेबिरा में अकील रहमान को विधानसभा प्रभारी बनाया गया है।

## कार्यक्रम — कैटरर्स परिवार के मैट्रिक व इंटर के सफल छात्रों को किया गया सम्मानित

# झारखंड कैटरर्स एसोसिएशन ने मनाया नेशनल कैटरर्स डे



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कैटरर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में नेशनल कैटरर्स दिवस मंगलवार को बरियातू स्थित बारात घर बैंक्वेट हॉल में मनाया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल कुमार अग्रवाल एवं सचिव अरुण कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता में बताया कि झारखंड कैटरर्स एसोसिएशन हर साल नेशनल कैटरर्स डे मनाता है। इस दिन रांची समेत झारखंड के सभी कैटरर्स व्यवसाय से जुड़े लोगों को एक छत के नीचे आंमत्रित करते हैं। इसका मकसद अपने व्यवसाय के मजबूत बनाना और संगठित होकर काम करना है। कार्यक्रम में कैटरर्स बंधु और उनके परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में रंगा रंग कार्यक्रम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में झारखंड राज्य के सभी जिलों से कैटरर्स व्यवसाय से जुड़े एसोसिएशन के सदस्यगण शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य सभा सांसद डॉ. महुआ माजी ने किया। मौके पर उन्होंने कहा कि समाज में कैटर्स बंधु का बहुत बड़ा योगदान रहता है। सभी के कार्यों में देर रात तक कठिन परिश्रम वा जिम्मेवारी के साथ आप कैटर्स हमें सर्विस उपलध करवाते है और हमारी कार्यक्रम में आपके ही बनाए हुए लजीज व्यंजन का लुफ्त सभी उठाते हैं। आप कैटर्स की हमारे समाज में बहुत बड़ी भूमिका है। सभी कैटर्स बंधुओं का आज कैटर्स दिवस पर बधाई देती हूं। इसके बाद स्कूल विद्यार्थी आरुष सिंह, शानवी शर्मा, वैभव कुमार, द्वारा गणेश वंदना का प्राफोर्मेंस दिया गया। गेस्ट स्पीकर के रूप में इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, रांची के डॉ भूपेश कुमार द्वारा कैटरिंग व्यवसाय के आधुनिकीकरण की महत्ता वा मिलेट्स फूड पर प्रकाश डाला। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में रांची शहर के सभी प्रमुख होटलों के जीएम एवं आरकेडीएफ विश्वविद्यालय के एसोसिएट रजिस्ट्रार पंकज चटर्जी कैटरिंग व्यवसाय में सर्विस संचालन विषयक व्याख्यान में अपने विचार रखे। इस अवसर पर स्व. महावीर शर्मा की स्मृति में लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार रांची शहर के स्व.राम कैलाश साह को दिया गया, जिसे उनके पुत्र को राज्यसभा सांसद ने दिया। इसके अलावा राज्य के कैटरिंग व्यवसाय से जुड़े झारखंड कैटरर्स एसोसिएशन के सदस्यों एवं उनके परिवार के मैट्रिक व इंटर में सफल छात्रों में ओम प्रकाश रजक को प्रतिभा सम्मान देकर पुरस्कृत भी किया गया। वहीं, कैटरिंग व्यवसाय से जुड़े उद्यमियों-व्यवसायियों में अंजना प्रसाद और विभिन्न गणमान्य को भी सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में कैटरर्स की समस्याओं से अवगत कराते हुए मीडिया प्रभारी राहुल कुमार कश्यप ने कहा कि आने वाले कुछ समय में संस्थान की और से एक कैटरर्स डायरेक्ट्री बनाई जाएगी, जिसमें झारखंड राज्य से जुड़े हुए सभी कैटरर्स के कॉन्टेक्ट डिटेल्स के साथ साथ ब्लड ग्रुप डिटेल्स और मेडिकल टीम का भी नंबर उपलब्ध कराया जाएगा ।

# एसएनएमएमसीएच के शिशु रोग विभाग को मिलेंगे चार वेंटिलेटर

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** एसएनएमएमसीएच के एनआईसीयू में अब गंभीर बच्चों को रेफर नहीं किया जाएगा. अस्पताल प्रबंधन मुकम्मल व्यवस्था में जुटा हुआ है. पिछले दिनों एक ही दिन में 3 नवजात की मौत ने अधिकारियों की नींद उड़ा दी थी. इसके बाद अधिकारियों की बैठक में वेंटिलेटर की उपलब्धता पर चर्चा हुई. अस्पताल अधीक्षक डॉ अनिल कुमार ने बताया कि डीएमएफटी से जल्द ही चार वेंटिलेटर अस्पताल को मिल जाएंगे. फिलहाल हजारीबाग से एक वेंटिलेटर मंगाया गया है. वेंटिलेटर मिलने के बाद उसे वापस वहां भेज दिया जाएगा. उपायुक्त ने एसएनएमएमसीएच को चार वेंटिलेटर देने का निर्णय किया है. साथ ही वार्मर की संख्या भी बढाई जाएगी. अभी एनआइसीयू में 12 वार्मर हैं. एसएनएमएमसीएच के एनआइसीयू में नवजातों की मौत का आंकड़ा डराने वाला है. शिशु रोग विभाग में इस माह 18 दिन में ही 50 नवजातों की मौत हो चुकी है. इन आंकड़ों में 0 से तीन दिन तक की आयु के नवजात शामिल हैं. सबसे अधिक मौत गिरिडीह से आए नवजातों की हुई. अस्पताल रिकॉर्ड के अनुसार 18 दिनों में गिरिडीह के 17, जामताड़ा के 13, धनबाद के 13, दुमका के 4 और बोकारो, देवघर व आसनसोल के एक-एक बच्चे की मौत शिशु रोग विभाग में हो चुकी है. डॉक्टर बताते हैं कि जन्म के तुरंत बाद नवजात के नहीं रोने व प्री-मेच्योर बच्चों की मौत का आंकड़ा सबसे अधिक है. नवजात की मौत का कारण अस्पताल के नियोनेटल इंटेंसिव केयर यूनिट (एनआईसीयू) में पर्याप्त संसाधन का नहीं होना भी है. यह हाल तब है, जब शिशु मृत्यु दर को कम करने का प्रयास सरकार कर रही है और इसके लिए कई योजनाएं भी चल रही हैं.

## गागर में सागर

### रामगढ़ में तस्करी के तीन आरोपी गिरफ्तार, 115 किलो गांजा बरामद



**रामगढ़।** जिले के पतरातू में पुलिस ने 115 किलो गांजा के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली कि भुरकुंडा के सुंदर नगर में ब्रजेश खरवार उर्फ विक्की खरवार गांजे की तस्करी कर रहा है। बृजेश ने पुलिस को बताया कि स्मगलिंग के धंधे में पटेल नगर निवासी रंजीत यादव उर्फ रंजीत राय भी शामिल है। पुलिस की एक दूसरी टीम ने रंजीत राय के घर की तलाशी ली। दोनों के घर से पुलिस ने 115 किलो गांजा जब्त किया। इस कांड में पटेल नगर से ही एक अन्य तस्कर राजकुमार यादव को भी गिरफ्तार किया गया। यह जानकारी पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र चौधरी ने मंगलवार को दी।

### रामगढ़ में दुर्गा पूजा से पहले खाद्यान्न गोदामों का होगा निरीक्षण

**रामगढ़।** जिले में खाद्यान्नों की आपूर्ति में बरती जा रही लापरवाही को दुरुस्त करने के लिए जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो ने मंगलवार को सभी गोदाम मालिकों के साथ बैठक की। बैठक के बाद जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि सभी प्रखंडों में आपूर्ति विभाग के गोदामों का निरीक्षण करने की तैयारी भी शुरू कर दी गई है। दुर्गा पूजा से पहले रामगढ़, दुलमी, गोला, चितरपुर, मांडू और पतरातू प्रखंड में बनाए गए गोदाम का निरीक्षण कर लिया जाएगा। गोदाम में रखे गए स्टॉक का पूरा ब्यौरा खंगाला जाएगा। कितना खाद्यान्न गोदाम में आया था और कितना खाद्यान्न डीलरों के द्वारा निकाला गया है, इसकी जांच की जाएगी। गोदाम में कितना खाद्यान्न अभी मौजूद है, इसकी जानकारी भी आवश्यक है। हर गोदाम में एक-एक बोरी को गिन कर पूरा स्टॉक मेंटेन किया जाएगा।

### ईद-मिलाद-उन नबी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक



**बरकट्ठा।** थाना परिसर में ईद-मिलाद-उन नबी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने की। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा की त्योहार को शांति एवं सौहार्द पूर्वक मनाएं। बैठक में कई बातों पर चर्चा हुई और कहा गया की त्योहार के दिन सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम होना चाहिए। वहीं थाना प्रभारी ने त्योहार मनाने के लिए विभागीय गाइडलाइंस से उपस्थित लोगों को अवगत कराया। मौके पर युसूफ अंसारी, मुमताज अंसारी, बबून अंसारी, धरहरा शेराज अंसारी, गफ्फार खान, जाकिर हुसैन ,बुढ़ियाडीह से रहमान अंसारी समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

### एसजीएफआई जूडो प्रतियोगिता के लिए डीएवी के पांच जूडो खिलाड़ी रांची रवाना



**बरही।** खेलो झारखंड के तत्वाधान में 27 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक गणपत राय इंडोर स्टेडियम,खेल गांव रांची में आयोजित किया गया है इस प्रतियोगिता में हजारीबाग जिला प्रशासन जूडो टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे चयनित खिलाड़ियों का नाम-डीएवी पब्लिक स्कूल बारही के पांच जूडो खिलाड़ी अन्वी कुमारी,कनक केशरी,प्रियांशु रानी,रिया रानी,अंकिता सिंह के नाम सामिल है। इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों को एसजीएफ राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता में चयनित किया जायेगा। चयनित खिलाड़ियों को विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह और शारीरिक शिक्षक राजेश कुमार सिंह ने रांची के लिए रवाना किया। जूडो कोच प्रिंस कुमार मिश्रा उपाध्यक्ष, झारखंड जूडो एसोसिएशन ने बताया की इस प्रतियोगिता में सामिल होने के किया खिलाड़ियों ने काफी अभ्यास किया है उम्मीद है खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत कर स्कूल और हजारीबाग जिला के नाम के साथ साथ बरही का भी नाम रौशन करेगें। वही विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार ने बताया की जूडो ओलंपिक गेम है इस खेल में स्टूडेंट्स पढ़ाई के साथ साथ अपना करियर बना सकते है।

## पोषण माह को लेकर बाल विकास परियोजना ने किया कार्यशाला का आयोजन

# आंगनबाड़ी केंद्रों की वजह से कुपोषित बच्चों की संख्या में आई है कमी : नीलू

नवीन मेल संवाददाता

**बरही।** पोषण माह को लेकर बाल विकास परियोजना की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया गया. जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जिप उपाध्यक्ष किशन यादव सहित उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, जिप सदस्या प्रीति कुमारी, सांसद प्रतिनिधि डोमन पांडेय आदि शामिल हुए. मौके पर आंगनबाड़ी केंद्र के सभी सहिया और सेविका मौजूद रही. कार्यक्रम सीडीपीओ नीलू कुमारी के देखभाल में आयोजित की गई थी. जानकारी देते हुए सीडीपीओ ने बताया कि स्वस्थ बच्चा के लिए पोषण सही मात्रा में और उचित होना अनिवार्य है. उन्होंने पोषण संबंधित आहार विवरण की जानकारी दिया. बताया कि आंगनवाड़ी केंद्रों की वजह से आज कुपोषित बच्चों की संख्या में कमी आई है. मुख्य अतिथि ने भी पौष्टिक आहार का सेवन के साथ हरे सब्जियों के प्रयोग पर बल दिया. जिप सदस्या ने बाल संरक्षण और बाल शोषण पर अपने विचार रखे. मौके पर दो बच्चो का अन्नपराशन तथा दो महिला का गोद भराई भीं की गई. कार्यक्रम में एलएस कुमारी निभा, सुनीता कुमारी, सहिया आशा देवी, शोभा देवी, अनिता देवी, सबिता देवी आदि सहित कई लोग मौजूद थे. इस अवसर पर सहिया दीदी के द्वारा आकर्षक रंगोली बनाकर पोषण माह का प्रदर्शन करने का प्रयास किया गया.





### धूमधाम से मना करमा पूजा, मांदर की थाप पर थिरके लोग

**रामगढ़।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सोमवार को प्रकृति और भाई-बहन की आस्था व प्रेम का महापर्व करमा पूजा धूमधाम से मनाया गया. इस दौरान करम डाल की विधिवत पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं ने क्षेत्र की खुशहाली की कामना की. अमन-चैन के लिए ईश्वर से प्रार्थना की. साथ ही करमा और धरमा दोनों भाईयों की कथा सुनाई गई. पूजा-अर्चना के बाद उपवास रखी युवतियों ने लोगों के बीच लावा फूल का वितरण किया. वहीं मंगलवार को करम डाल का विसर्जन किया गया. इसके पूर्व सोमवार की रात पूजा-अर्चना के बाद विभिन्न क्षेत्रो में श्रद्धालु महिला-पुरूष मांदर की थाप पर थिरकते दिखे. पूजा के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया. इधर बरकाकाना, भदानीनगर, मतकमा, देवरिया, कुरसे, बलकुदरा, चैनगडा सहित कई क्षेत्रों में धूमधाम व भक्तिभाव के साथ करमा पूजा मनाया गया.

## नावाडीह में डिग्री कॉलेज भवन तैयार नए सत्र का नामांकन शीघ्र : विधायक



नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** प्रखण्ड के नावाडीह में करोड़ो की लागत से बना डिग्री कॉलेज भवन बेकार साबित हो रहा है।यह बात पत्रकारों से बात करते हुए विपक्ष की भूमिका निभा रहे पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने कहा। बताया कि हमारे प्रयास से बरकट्ठा में डिग्री कॉलेज का सपना साकार हुआ।पूरे बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में एकमात्र यह सरकारी डिग्री कॉलेज है।बीते लगभग एक साल से कॉलेज का भवन बनकर तैयार है लेकिन अब तक पढ़ाई शुरू नही होना क्षेत्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है।कहा कि हमारा सपना था कि गांव के बेटे और बेटियां मुनगा साग और बासी भात खायेगा और उच्च शिक्षा प्राप्त करेगा।विडंबना है कि यहां के गरीब बेटे और बेटियां उच्च शिक्षा से महरूम रह रही है।

#### क्या कहते हैं विधायक अमित कुमार यादव

संबंधित विषय पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि बरकट्ठा डिग्री कॉलेज में शीघ्र पढ़ाई शुरू होगी। कॉलेज की कुछ प्रक्रियाएं जो अधूरी थी उसे पूरा कर लिया गया है।डिग्री कॉलेज में पढ़ाई शुरू कराने को लेकर विधानसभा में भी सवाल उठाया गया था।क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा मिले इसके लिए मेरी ओर से हमारी हरसंभव कोशिश जारी है।कहा कि डिग्री कॉलेज में पढ़ाई शुरू कराने को लेकर हम गंभीर हैं।शीघ्र ही नए सत्र के लिए नामांकन शुरू किया जाएगा।

### युवकों ने करम को साक्षी मानकर गांव को बेहतर बनाने का लिया संकल्प

**रामगढ़ ।** चेटर गांव के अखड़ा में 26 सितम्बर को करम पर्व के शुभ अवसर पर डॉ सुनील कुमार कश्यप की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई. जिसमें गांव के कई युवक शामिल हुए. बैठक में प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे युवा शामिल थे. मौके पर डॉ सुनील कुमार कश्यप ने युवकों से कहा कि हम सबों का यह गोल्डन अवसर है गांव को सजाने और सवारने का. उन्होंने कहा की गांव के युवा समय का सदुपयोग करते हुए जीवन में सफलता प्राप्त करें और गांव का और अपने परिजनों का नाम रौशन करें. कहा की इससे जहां गांव और युवकों के परिजनों का नाम रौशन होगा वहीं, उनका खुद जीवन भी संवरेगा. मौके पर अवकाश प्राप्त शिक्षक भोलाराम महतो,अमित कुमार महतो,अमन कुमार, रुपेश कुमार, पंकज कुमार, पिंटू कुमार,रविंद्र कुमार, गोपी कुमार, विकी कुमार, आलोक कुमार,नितीश कुमार,पंकज बेड़िया आदि मौजूद थे।

## कोरियाड़ीह की सड़कें कीचड़ में तब्दील, ग्रामीण आक्रोशित



नवीन मेल संवाददाता

**बरही ।** धनवार पंचायत के अंतरगर्त कोरियाडीह के कुटमा, जीतपुर आदि गांव जोड़ने वाली मुख्य सड़क वारिस की वजह से पूरी तरह कीचड़ में तब्दील हो गया है. जिसपर पैदल चलना भी दुभर हो गया है. सड़क पर पानी निकासी की सुविधा नहीं होने से जगह-जगह पर घुटनों तक पानी भरा नजर आता है. पूर्व उप मुखिया संजय कुशवाहा ने बताया कि सड़क मरम्ममती को लेकर जनप्रतिनिधियों को कई बार सूचना दी गई. परंतु किसी ने भी ध्यान नहीं दिया. इससे जनप्रतिनिधियों के खिलाफ लोगो में आक्रोश है. आक्रोश व्यक्त करने वालें में वार्ड सदस्य बालेश्वर प्रसाद, खूबलाल महतो, संतोष प्रसाद, शंभू महतो, बालेश्वर महतो, अरुण कुमार, कमल महतो, नारायण महतो, शंकर प्रसाद, हरि प्रसाद, विकास यादव, नानू महतो, विजय प्रसाद, सुरेश प्रसाद आदि मौजूद थे.

## मृतक के परिजनों से मिले गौतम व संजय रविदास, की आर्थिक सहयोग



नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** गोरहर निवासी नीलकंठ कुमार की पत्नी चंपा कुमारी जो पंचायत सचिवालय में स्वयं सेवक पद पर कार्यरत थी ,की आकस्मिक निधन से उनके बच्चों पर आफत पड़ गयी। घटना की सूचना मिलते ही युवा नेता गौतम कुमार, पंसस प्रखंड अध्यक्ष संजय रविदास, बिक्की चंद्रवंशी के साथ मिलकर सहयोग राशि प्रदान किया। वहीं गौतम कुमार ने कहा रांची में पंसस के सैकड़ो लोग करीब 90 दिनों से मांगो को लेकर आंदोलन कर रहे। सरकार उनकी बातों को सुन नही रही। हम भी कई बार उनके प्रतिनिधिमंडल को लेकर सरकार के पास गए लेकिन सिर्फ आश्वासन ही मिला। उन्होंने मृतक पंसस के सदस्या चंपा की मौत पर अपना संवेदना प्रकट किया। मौके पर रंजीत यादव, बलि सिंह, सिट्टू सिंह राजपुत, चंपा के दो छोटे छोटे बच्चें में बेटी नीलम कुमारी, बेटा निखिल, दादा भरत लाल महतो, दादी गिरजा देवी व रत्नेश कुमार भी मौजूद थे।

## आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच मुखिया ने किया किट का वितरण




नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चेचकपी पंचायत के ग्राम केवालू आँगनवाडी केंद्र में 30 बच्चों के बीच ड्रेस,जूता और बैग का वितरण मुखिया रीता देवी ने की। मौके पर मुखिया ने अभिभावकों से कहा कि बच्चों को ड्रेस पहना कर आंगनबाड़ी केंद्र भेजें। इस मौके पर गर्भवती महिलाओं के बीच पोषण किट वितरण किया गया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव, वार्ड सदस्य कुंती देवी, आंगनबाड़ी सेविका हैवंती देवी, साहिका बिंदिया देवी, ग्रामीण शंकर साव, गोविंद साव, प्रकाश साव, सुदामा साव, मोहन साव, सुरेश सिंह, पुदीना देवी, शोभा देवी, चिंता देवी, ललिता देवी ,ममता देवी, किरण देवी,आशा देवी, आरती देवी, कबिलास देवी, ममता देवी समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

#### बच्चों को ड्रेस पहना कर आंगनबाड़ी केंद्र भेजें : मुखिया रीता देवी

## दशलक्षण महापर्व के 8वें दिन हुई उत्तम त्याग धर्म की पूजा

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर एवं रांची रोड स्थित श्री पार्श्वनाथ जिनालय में दशलक्षण महापर्व के आठवें दिन 26 सितम्बर को उत्तम त्याग धर्म की पूजा विधिपूर्वक संपन्न हुई । 8वें दिन श्री दिगम्बर जैन मंदिर में जलाभिषेक का सौभाग्य महावीर प्रसाद गंगवाल,विकास गंगवाल , पदमचंद जैन, सुमत जैन, इंद्रमणि देवी चूड़ीवाल, रमेश सेठी, विकास सेठी, अशोक सेठी, सुनील सेठी, संजय सेठी को मिला। जबकि रांची रोड स्थित श्री पार्श्वनाथ जिनालय में सुरेश सेठी को जलाभिषेक का सौभाग्य मिला । श्री दिगंबर जैन मंदिर में 8वें दिन शांतिधारा का सौभाग्य राकेश जैन को मिला। वहीं, रांची रोड में सुरेश सेठी, निशांत सेठी को शांतिधारा का सौभाग्य मिला। 8वें दिन महाआरती का सौभाग्य बिमल सेठी को मिला । 8वें पंडित दीपक शास्त्री उत्तम त्याग धर्म के सम्बन्ध में बताया की आत्मशुद्धि के उद्देश्य से विकार भाव छोड़ना तथा स्व-पर उपकार की दृष्टि से धन आदि का दान करना त्यागधर्म है। अतः भोग में लाई गई वस्तु को छोड़ देना भी त्याग धर्म है आध्यात्मिक दृष्टि से राग द्वेष क्रोध मान आदि विकार भावों का आत्मा से छूट जाना ही त्याग है। उससे नीची श्रेणी का त्याग धन आदि से ममत्व छोड़कर अन्य जीवों की सहायता के लिये दान करना है। मौके पर समाज अध्यक्ष मानिक चंद जैन, सह सचिव नरेंद्र छाबड़ा, मंदिर मंत्री देवेंद्र गंगवाल ने बताया 27 सितम्बर को उत्तम आकिंचन धर्म का पूजा की जाएगी ।



## आस्था

## गैय पहाड़ी में मनसा पूजा को लेकर निकाली गयी कलश यात्रा

# कलश यात्रा में शामिल हुईं 1051 महिलाएं





नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** प्रखंड के गैयपहाड़ी ग्राम में मनसा पूजा को लेकर कलश यात्रा निकाली गयी। जिसमें 1051 महिलाओं ने कलश उठाया।वहीं विधायक अमित कुमार यादव व जिप सदस्य कुमकुम देवी ने महिलाओं को कलश देकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। कलश यात्रा मंदिर परिसर से निकल कर पूरे गाँव का भ्रमण करते हुए बरसोती नदी पहुंचा। नदी में गोरखनाथ पांडेय के द्वारा पूजा अर्चना के बाद विधि विधान से कलश में जल भर कर पुनः मंदिर परिसर पहुंच कर कलश स्थापित किया गया। मनसा पूजा समिति के अध्यक्ष तुलसी प्रसाद ने बताया कि 27 सितंबर को भक्ति जागरण संस्कृति कार्यक्रम,28 सितंबर को दो गोला का आयोजन तथा 29 सितंबर को मेला का आयोजन किया गया है। मौके पर कांग्रेस नेता मणिलाल चौधरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, जागेश्वर प्रसाद, रीतलाल चौधरी, चेतलाल पंडित, महेन्द्र प्रसाद, मुरलीधर प्रसाद, निरंजन प्रसाद, हीरालाल प्रसाद,गणेश्वर प्रसाद , लिलाधर प्रसाद,दुर्गा प्रसाद, प्रकाश प्रसाद ,नन्दकिशोर प्रसाद समेत कई लोग उपस्थित थे।

## भाजपा की बैठक में बूथ विजय बनाओ अभियान पर हुई चर्चा



**बरकट्ठा।** प्रखंड के दिव्य कल्याण आश्रम में बूथ विजय बनाओ अभियान के तहत भाजपा मंडल अध्यक्ष टूकलाल नायक की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।संचालन महामंत्री बीरेंद्र ठाकुर ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी गणेश यादव,विशिष्ट अतिथि संगठन प्रभारी मुकुंद साव उपस्थित थे। बैठक में लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए भाजपा का बूथ विजय बनाओ अभियान पर चर्चा हुई। साथ ही मंडल प्रभारी और शक्ति केंद्र प्रभारियों के साथ बूथ जितने की रणनीति पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में पूर्व मंडल अध्यक्ष रीतलाल प्रसाद,दुगार्नंद झा,हीरालाल प्रसाद,राजकुमार यादव,विजय यादव,शंकर यादव,इंद्रदेव यादव,शंकर ठाकुर,सुरेंद्र साव,मंडल उपाध्यक्ष त्रिवेणी यादव,बीरेंद्र मेहता समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### डीएवी कोडरमा ने लहराया परचम, जिला स्तरीय राष्ट्रीय समूह गान में प्रथम स्थान




**कोडरमा।** भारत विकास परिषद की ओर से आयोजित जिला स्तरीय समूह गान में डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरीतिलैया, कोडरमा के प्रतिभागियों ने परचम लहराया. डीएवी कोडरमा हिंदी सामूहिक गान में प्रथम स्थान पर रहा और संस्कृत सामूहिक गान में द्वितीय स्थान पर रहा. प्रतियोगिता कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि सांसद डॉ नीरा यादव व परिषद के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. डीएवी प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह के निर्देशन और विद्यालय के सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के प्रयास से ही ये जीत मिली. बच्चों को गीत के लिए तैयार करने में डीएवी के संगीत शिक्षक धर्मेंद्र कुमार पाठक और शिक्षिका चांदनी दुबे का योगदान रहा. प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिमागी -सिद्धि कुमारी, विष्णु गोविल,प्रिंस कुमार,आर्यन राज, अफान खान, समृद्धि सिंह, सानवी कुमारी,सलोनी मोदी, स्मृति काजल, सारा खान, अन्वी सेठ,कृपाली कुमारी हैं. विद्यालय की जीत पर खुशी व्यक्त करते हुए विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने बच्चों,अभिभावकों व कल्चरल टीम को योगदान के लिए बधाई दी. साथ ही उनके कार्यों की सराहना की. कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता से बच्चों का आत्मविश्वास और बढ़ता है.

### पीडीएस दुकान की जांच करने गये एमओ को ग्रामीणों ने बनाया बंधक

**कोडरमा।** सतगावां प्रखंड में ग्रामीणों ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी (एमओ-मॉनिटरिंग ऑफिसर) को बंधक बना लिया. कम राशन वितरण की शिकायत मिलने पर जांच पड़ताल के लिए वो डीलर के राशन दुकान पर पहुंचे. तभी एमओ साहब को देखकर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गयी. इसके बाद ग्रामीणों ने एमओ साहब को बंधक बना दिया. घटना की जानकारी मिलते ही मुखिया उत्तम सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर एमओ साहब को बंधक मुक्त करवाया. साथ ही मुखिया ने डीलर को फटकार लगाते हुए पूरी राशन देने की बात कही. मौके पर सतीश कुमार, पंकज सिंह, पिकू सिंग, प्रभाकर सिंग, सदानंद सिंग, करु सिंह सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे.

### करमा पर्व के दौरान व्यक्ति की करंट लगने से मौत, बच्चा झुलसा

**कोडरमा।** जिले के नवलशाही थाना क्षेत्र स्थित डोंगोडीह में करमा मनाने के दौरान एक व्यक्ति की करंट लगने से मौत हो गयी. जबकि एक बच्चा झुलस गया, उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है. मृतक की पहचान डोंगोडीह निवासी 34 वर्ष विनोद साव (पिता दीपन साव) के रूप में हुई है. वहीं घायल की पहचान विशाल कुमार पिता सीताराम साव के रूप में की गयी है. स्थानीय लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दे दी है. खबर लिखे जाने तक पुलिस घटनास्थल पर नहीं पहुंची थी. मिली जानकारी के अनुसार, डोंगोडीह के लोग करमा पर्व मना रहे थे. इसी दौरान एक बच्चा बिजली खंभे की चपेट में आ गया. विनोद साव दौड़कर बच्चे को बचाने के लिए गया. इस क्रम में वह भी करंट की चपेट में आ गया. किसी तरह बच्चा को तो बचा लिया गया, लेकिन विनोद साव की करंट लगने से मौत हो गयी.

### 'रामरेखा धाम के महंत को धमकी देने वाले को जल्द गिरफ्तार करे पुलिस'

**सिमडेगा।** भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा ने रामरेखा धाम में घटित घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए निंदा की है और प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा की सिमडेगा जिला अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रही थी, सम्पूर्ण क्षेत्र नक्सली उग्रवाद से प्रभावित थी उस वक्त भी जिला का धार्मिक ह्रदय स्थली रामरेखा धाम की तरफ किसी भी उग्रवादी संगठनों की नजर नहीं उठी और ना ही किसी प्रकार का कोई व्यवधान उत्पन्न करने का दुस्साहस कृत्य ही हुआ। परन्तु समाचार पत्रों, मिडिया, सोसल मीडिया, प्रिंट मीडिया, टीवी समाचारों के माध्यमों से जिस प्रकार से चर्चा हो रही है, नामी गिरामी हस्तियां, रामरेखा के प्रति श्रद्धा रखने वाले श्रधालुओं ने जैसे इस घटना की कड़े शब्दों में निन्दा की है इस से प्रतीत होता कि वर्तमान काल खण्ड में धाम में वास करने वाले महन्त असुरक्षित है । लाखों श्रद्धालुओं का श्रध्दा और अस्था का केंद्र त्रेता युग में भगवान राम जी का वनवास के क्रम में आगमन से प्रसिद्ध रामरेखा धाम पर और महात्माओं पर जिस प्रकार से कृत किया गया वह लगता है कि एक सोची समझी रणनीति के तहत संकीर्ण मानसिकता से भरे ऐसे असमाजिक तत्वों का घृणित कार्य हो सकता है जिनको धाम के दिन बा दिन बढ़ रही लोकप्रियता, उन्हें कांटे की तरह चुभ रही है, इसलिए महन्त को व्यवधान डालने के मकसद से किया गया प्रयास हो सकता है। ऐसे कृत्य करने वाले दुर्भावना से ग्रस्त मानसिकता वाले लोगों को प्रशासन ढूंढ कर अविलंब गिरफ्तार करे।

# करमा गीतों से गुंजायमान रहा सिमडेगा







नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** प्रकृति का महापर्व करमा सिमडेगा जिले में धूमधाम एवं पारंपरिक तरीके से संपन्न हुआ। जहां जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पारंपरिक तरीके से विधिवत पूजन पाठ के साथ रात भर नाचते झूलते हुए मंगलवार की सुबह स्थानीय जलाशय एवं नदी में जाकर करमा की डाली का विसर्जन किया गया। इधर मुख्य आकर्षण केंद्र के रूप में केंद्रीय सरना समिति के द्वारा कचहरी के पास सरनास्थली में विधि विधान के साथ करम डाली की पूजन हुई एवं पारंपरिक तरीके से वाद्य यंत्रों के साथ नाचते झूमते हुए पूरी रात करमा के गीतों पर झूमते रहे। वही सुबह डिप्टी टोली स्थित तालाब पर करमा डाली की विसर्जन किया गया। वहीं इधर अद्भुत तरीके से सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा सिमडेगा में पूरे श्रद्धा और विश्वास के साथ प्रकृति का महापर्व करम महोत्सव मनाया गया श्रीहरि वनवासी विकास समिति, झारखंड द्वारा संचालित इस विद्यालय में पूरे हर्षोल्लास के साथ सात स्थानों पर करम डाली की स्थापना कर पूजन पूजन संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के प्रधान संरक्षक तथा सिमडेगा नगर परिषद के उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू तथा विशिष्ट अतिथि बराबर पानी पंचायत के मुखिया रेखा निराली बरवा ने संयुक्त रूप से सरस्वती माता , भारत माता तथा ओउम् के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर तथा पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर सिमडेगा जिले में कला एवं संस्कृति का संरक्षण एवं संवर्धन कर जिले का नाम पूरे देश में आगे बढ़ाने हेतु विभिन्न कलाकारों को भी मोमेंटो एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया । कुल 271 बहनों ने अपने भाई के लंबी उम्र तथा उनके सुख समृद्धि की कामना करते हुए करम डाली का पूजा किया गया। पंडित ने पूरे विधि विधान के साथ सभी का पूजन संपन्न कराया गया मंगलवार सुबह पूरे श्रद्धा और विश्वास के साथ करम डाली को जल से विश्राम दिया गया । कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यक्ष लहरु सिंह, सचिव चंदेश्वर मुंडा, कोषाध्यक्ष रामकृष्ण महतो तथा प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू के अतिरिक्त विद्यालय समिति के कई पदाधिकारी एवं सदस्य सहित शहर से आए अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### कोलेबिरा में करमा पूजा हुआ समापन

कोलेबिरा प्रखंड अन्तर्गत करमा पूजा धूम धाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, कर्मा पूजा का मंगलवार विसर्जन भी किया गया जिसमें लोगों की काफी भीड़ भाड़ देखने को मिला, लोग काफी हर्षोल्लास के साथ कर्मा पूजा कर विसर्जन किया वहीं ग्रामीण काफी झूमते नजर आए। वहीं विसर्जन के समय ग्रामीण डीजे बजाकर झूमते नजर आए और खुशी खुशी कर्मा पूजा का विसर्जन किया। कोलेबिरा प्रखंड के कोलेबिरा, नवा टोली, रैंसियां, टूटीकेल, आइडेगा, अघरमा लचरागढ, सिजांग, बरसलोया, शाहपुर, लासिया सहित अन्य क्षेत्रों में कर्मा का पर्व मनाया गया। वहीं लचरागढ़ में विसर्जन के समय प्रशाशन की काफी सहभागिता रही ताकि किसी प्रकार का कोई घटना या अनहोनी ना हो। वहीं मौके पर ए एस आई ईश्वर मरांडी के साथ दल बल के साथ विसर्जन के समय मौजूद थे।

### बानो प्रखंड में भी मना प्रकृति पर्व करमा

बानो प्रखंड के विभिन्न जगहों पर प्राकृतिक पर्व कर्मा पर्व पूजा धूम धाम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, प्रखंड के हुरदा ,सोय, बानो भिकरा टोली, जराकेल, सोय सेमर टोली, निमतुर, पबुड़ा, हुरदा, जामटीली बोरोसेता के साथ अन्य क्षेत्रों में कर्मा का पर्व मनाया गया,करमा पर्व भाद्रपद के शुक्लपक्ष के एकादशी को मनाया जाता है।

## कोलेबिरा प्रखंड सभागार में पोषण प्रदर्शनी का आयोजन




नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** प्रखंड कार्यालय सभागार में बाल विकास परियोजना स्तर पर पोषण प्रदर्शनी एवं एल.पी.जी गैस संयोजन कार्य के लिए प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायत के आंगनबाड़ी सेविकाओं को आवश्यक जानकारी दिया गया। प्रखंड कार्यालय सभागार में आयोजित पोषण प्रदर्शनी में प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायत के पंचायत सेविकाओं के द्वारा फल, सब्जी, पकवान आदि का प्रदर्शनी लगाया गया। प्रदर्शनी में जिस जिस पंचायत का प्रदर्शन अच्छा था उन्हें प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार एवं पंचायत के मुखिया के द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। जिसमें प्रथम स्थान पर शाहपुर पंचायत, दूसरा स्थान कोलेबिरा पंचायत एवं तीसरा स्थान लचरागढ़ पंचायत को प्राप्त हुआ। प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने कहा कि सही पोषण और पौष्टिक आहार हमें स्वस्थ रखता है निरोग रखता है। उन्होंने कहा कि पोषण प्रदर्शनी का संदेश प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए जिससे वे सही पोषण का उपयोग कर स्वस्थ रहें एवं अपने बच्चों को सही पोषण देखकर उन्हें कुपोषण से बचाया जा सकता है। कार्यक्रम में प्रतीक इंडेन एल.पी.जी गैस के संचालक संजय अग्रवाल ने गैस सिलेंडर के उपयोग के बारे में आंगनबाड़ी सेविकाओं को विस्तृत जानकारी दिया।

## बजरंग दल सौर्य जागरण यात्रा को लेकर विहिप पाकरटांड की देवी मंडप में बैठक



नवीन मेल संवाददाता

**पाकरटांड।** बजरंग दल द्वारा होने वाले सौर्य जागरण यात्रा की सफलता को लेकर विश्व हिंदू परिषद की आवश्यक बैठक पाकरटांड देवी मंडप में प्रखंड अध्यक्ष राधेश्याम प्रसाद की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई। बैठक में विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में आगामी 5 एवं 6 अक्टूबर को सिमडेगा में होने वाले बजरंग दल शौर्य जागरण यात्रा की सफलता को लेकर चर्चा हुई। जानकारी देते हुए राधेश्याम प्रसाद ने उपस्थित लोगों को बताया कि अयोध्या में बनने वाले भगवान श्री राम के भव्य मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा जनवरी 2024 में होना सुनिश्चित हुआ है ।जिसकी आमंत्रण और हिंदुओं के अंदर ऊर्जा के संचार के उद्देश्य से विश्व हिंदू परिषद द्वारा पूरे भारतवर्ष में बजरंग दल शौर्य जागरण यात्रा का आयोजन किया है जिसके तहत सिमडेगा जिले में 5 एवं 6 अक्टूबर को रात पहुंचेगी जिसमें अधिक से अधिक सनातनी भाइयों बहनों को शामिल होना है। इसके अलावा 8 अक्टूबर को राजधानी रांची स्थित धुर्वा में भव्य समापन समारोह का आयोजन है। जिसमें भी प्रखंड के सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता राजधानी रांची में भाग लेंगे। मौके पर उन्होंने कहा कि सभी लोग क्षेत्र में धर्मांतरण गौ हत्या और धर्म विरोधी गतिविधियों के प्रति सचेत रहकर अपने सरना सनातन को बचाने के लिए कार्य करें। लगातार इस क्षेत्र में एक विशेष समुदाय को टारगेट कर शोषण करने का प्रयास किया जा रहा है ।जो कि हमें एकजुट रहने की आवश्यकता है ताकि इस प्रकार की षड्यंत्र को मुंहतोड़ जवाब दिया जा सके। इस मौके पर कहा गया कि झारखंड उड़ीसा, बंगाल ,छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों के लिए आस्था का केंद्र रामरेखा धाम के महंत को अज्ञात लोगों के द्वारा जान से मारने की धमकी मिलन निंदनीय है।

### समोसा खाने की जिद पूरी नहीं हुई तो छात्रा ने की आत्महत्या

**सिमडेगा।** समोसा खाने की जिद पूरी नहीं हुई तो कक्षा दसवीं की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना मंगलवार के दोपहर की है। मामला सदर थाना क्षेत्र के कुडरुम भंडारटोली गांव का है। मृतक छात्रा पूजा कुमारी कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विदयालय में पढ़ती थी। पूजा की मां सुनीता देवी ने बताया कि सोमवार को पूजा की तबियत खराब होने के कारण वह हॉस्टल से छुटटी लेकर घर आ गई थी। उन्होंने बताया कि पूजा करमा पूजा का उपवास भी की थी। मंगलवार की सुबह पारण करने के बाद पूजा बीरु गांव जाकर समोसा खाने की जिद करने लगी। उन्होंने बताया कि उसने पूजा को अकेले बीरु नहीं जाने की बात कहते हुए घर में समोसा मंगाकर खाने की बात कही थी। इतनी सी बात में ही पूजा नाराज हो गई। और घर में ही दुपटटा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पूजा की मां का रो रोकर बूरा हाल था। इधर स्थानीय लोगों ने बताया कि पूजा के पिता दिलीप सिंह गोवा में मजदूरी करके अपने परिवार का लालन पोषण करता था। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और यूडी केस के मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी।

### कुरडेग में पोषण प्रदर्शनी का किया गया आयोजन

**कुरडेग।** बाल विकास परियोजना कुरडेग में प्रखंड स्तरीय राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया गया। जिसमे पोषण के 5 सूत्रों,एएनसी जाँच ,6 माह तक केवल स्तनपान ,ससमय टीकाकरण ,6 माह उपरांत बच्चों के ऊपरी आहार की शुरूवात,साफ सफाई ,स्वच्छ पेयजल ,अनीमिया के रोकथाम ,स्थानीय खाद्य सामग्री का इस्तेमाल ,तिरंगा भोजन इत्यादि के बारे में महिला पर्यवेक्षिका आशा कुमारी द्वारा सेविकाओं को बताया गया ।सभी सेविकाओ द्वारा पोषण संबंधी स्टाल भी लगाया गया एवम् पोषण संबसंधी शपथ ग्रहण कार्यक्रम भी किया गया ।

## जागरुकता से ही सिमडेगा बनेगा कुपोषण मुक्त



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सदर प्रखंड कार्यालय सभागार में पोषण दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित जिप सदस्य जोसिमा खाखा, डीएसडब्ल्यू राजेन्द्र प्रसाद सिंह ने संयुक्त रुप से दीप जलाकर किया। मौके पर गोदभराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं बच्चों की मुहजुट्ठी भी कराई गई। मौके पर आंगनबाड़ी सेविओं ने पोषाहार से संबंधित प्रदर्शन भी लगाई। जिसका अतिथियों ने निरीक्षण किया। मौके पर जोसिमा खाखा ने कहा कि जागरुकता से ही कुपोषण मुक्त जिला बनाया जा सकता है। कुपोषण के खिलाफ बृहद स्तर पर जागरुकता अभियान चलाने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि महिलाओं एवं बच्चों में बढ़ रहे कुपोषण को मिटाने के उद्देश्य से पोषण माह का आयोजन किया जाता है। ताकि महिलाओं में कुपोषण को लेकर जागरूकता बढ़े। उन्होंने कहा कि गर्भावस्था में खान-पान का हमेशा ध्यान रखें। जरुरी नहीं है कि आपके पास पैसे होंगे तभी आप पोषण युक्त हरी सब्जियां का सेवन कर सकती हैं। हमारे आसपास में ही कई पोषक तत्व मौजूद है। इसे पहचानने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन हरे साग-सब्जी, मूंग का दाल, सतरंगी फल, सूखे मेवे एवं दूध, सप्ताह में दो से तीन बार, अंडे, मांस, मछली खाएं। जिन महिलाओं में खून की कमी हो, वे आयरन गोली का सेवन करें।

## ठगों ने मुखिया सहित कई ग्रामीणों को लगाया चूना, मामला पहुंचा पुलिस तक

नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बरसलोया में ठगों द्वारा लैपटॉप और सोलर पैनल के नाम पर मुखिया सहित कई ग्रामीणों से पैसा ठगी का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार 6 अगस्त को रूम टू रीड इंडिया ट्रस्ट के नाम से कुछ लोग बरसलोया ग्राम पहुंचे। जहां पर उन्होंने वहां के ग्रामीणों को कहा कि हमारा संस्था पढ़ने वाले बच्चों के लिए लैपटॉप एवं किसानों के लिए सोलर प्लेट कम पैसे में देता है। जिसके लिए एडवांस के तौर पर 10000 जमा करना होता है। उनकी बातों के झांसा में आकर पंचायत के मुखिया संदीप सद मुंडा उन ठगों को 2000 एडवांस के तौर पर दिया एवं आसपास के ग्रामीण से मिलवाया। जिसमें खुशबू कुमारी पति दीपक साहू ने लैपटॉप के लिए ?5000 दिए। इसके बाद उनके पड़ोस की महिला रानी देवी भी 2000 एवं 5000 यूपीआई के माध्यम से उन ठगों को दिया। ग्रामीण सोलर प्लेट एवं लैपटॉप मिलने के प्रलोभन में आकर उन ठगो को अब तक 22 से 25000 दे चुके हैं। इसके बाद अब ठगों के फोन नंबर बंद आने लगे तब ग्रामीण को ठगे जाने का अहसास हुआ। तब ग्रामीण इस घटना की सूचना मंगलवार को कोलेबिरा पुलिस को दिया है। पुलिस इनके आवेदन पर मामला दर्ज करते हुए मामले की पड़ताल शुरू कर दी है।

**सम्मानित**

### सिमडेगा के तामड़ा मिशन स्कूल में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

# खेल के माध्यम से रोजगार बनाएं युवा : जोसिमा खाखा



नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा सदर प्रखंड के तामड़ा मिशन स्कूलमें आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का मंगलवार को फाईनल मैच खेला गया। प्रतियोगिता के फाईनल मुकाबले में आदिवासी हॉस्टल ने डीपाटोली को 2-0 से हराकर चैंपियन बना। विजेता एवं उपविजेता टीम को मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि खेल के विकास को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। युवा वर्ग खेल के माध्यम से अपना रोजगार बनाएं। उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिता के आयोजन से स्थानीय खिलाड़ियों की प्रतिभा निखरती है। खेल से शरीरिक और मानसिक विकास भी होता है। लोग जुझारू बनते हैं और जीवन मे संघर्ष करना सीखते हैं। उन्होंने कहा कि वर्षों से सीमित संसाधनों के बावजूद खेल के क्षेत्र में जिले के हमारे मेहनती युवाओं ने पहचान बनायी है। जब से राज्य में महागठबंधन की सरकार बनी है, खेल संरचनाओं को सुदृढ़ कर युवाओं को बेहतर अवसर प्रदान किया जा रहा है। मौके पर उप प्रमुख सिलबेस्?तर बाघवार, पूर्व मुखिया हीरा राम, फादर प्रवीण मिंज, मंजू तिर्की, प्रतिमा कुजूर, अर्मिला, राजू केसरी, संदीप तिग्गा, अनिल, किशोर तिग्गा, रुबेन मिंज, सुशील कुजूर, प्रेम आदि उपस्थित थे।



## गागर में सागर

### उप विजेता टीम का विद्यालय में सम्मान

**केतार।** खेलो झारखंड के तहत राज्यस्तरीय वालीबॉल टूर्नामेंट में प्रखंड की स्तरोन्नत उच्च विद्यालय छाताकुड़ अंडर 17 बालिका टीम को उपविजेता बन लौटने पर सोमवार को विद्यालय प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित की गई। पंचायत की मुखिया मुन्नी देवी और बीडीसी पुर्वी रेशमा देवी ने खिलाड़ियों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर बीडीसी गुड्डी देवी, बीडीसी प्रतिनिधि दीनदयाल गुप्ता, विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजीव कुमार, प्रदीप कुमार, राजेश्वर ठाकुर अनुज प्रसाद नागेंद्र प्रजापति, संतोष प्रजापति आदि मौजूद थे।

### स्वच्छता को लेकर जागरूक हुए बच्चे

**मझिआंव।** स्वच्छता ही सेवा के तहत वार्ड 1 के अखौरीतहले उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। मौके पर विद्यालय के प्रधान शिक्षक अनीस अहमद खां, बलराम मिश्रा, कुमारी रीना, शिल्की श्रीवास्तव एवं नगर पंचायत मझिआंव के तरफ से नगर प्रबंधक जीतेश कुमार, स्वच्छता प्रभारी राकेश सिन्हा, कनीय अभियंता प्रमोद उरांव, विकास सिंह, वीरेंद्र चौधरी, संत कुमार मौजूद थे।

### ट्रॉमा सेंटर में रक्तदान शिविर आयोजित

**श्री बंशीधर नगर।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित ट्रॉमा सेंटर में मंगलवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केशरी व अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ गोकुल प्रसाद ने किया। शिविर में 11 लोगों ने रक्तदान किया, जिनमें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, नगर पंचायत के सिटी मैनेजर रवि कुमार तथा प्रणय मंडलाकार, ट्रॉमा सेंटर स्वास्थ्य कर्मी बिपेशराज तमांग, भवनाथपुर निवासी सौरभ सुमन, कोल्हुआ ग्राम निवासी एम्बुलेंस चालक मनोज कुमार, जंगीपुर निवासी हर्षराज किस्पोटा, ललन राम, अमित कुमार, इद्रीस अंसारी आदि शामिल रहे। मौके पर प्रधान लिपिक राजेश कुमार, एमपीडब्ल्यू अशफाक अहमद, प्रकाश कुमार आदि उपस्थित थे।

### नए अंचलाधिकारी ने लिया अपना प्रभार

**रमना।** अंचल कार्यालय में नव पदस्थापित अंचलाधिकारी वासुदेव राय ने मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी ललित प्रसाद सिंह से अंचल कार्यालय का पदभार ग्रहण किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड नाजिर रामानुज शुक्ला, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने अंचलधिकारी का स्वागत किया। इस मौके पर नागिन सिंह कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष, बीससूत्री क्रियान्वयन समिति कार्यकारी अध्यक्ष मंसूर अंसारी, विधायक प्रतिनिधि रुपनारायण यादव, भृगु पासवान, गोपाल साह जेएमएम सेंट्रल कमिटी सदस्य उपस्थित थे।

### सेवानिवृत्त शिक्षक को दी गई विदाई

**केतार।** प्रखंड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय बेलाबार में सोमवार को समारोह आयोजित कर सेवानिवत्त शिक्षक रामसागर सिंह को विदाई दी गई। इस मौके पर बीडीओ मुकेश मछुआ ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते हैं। शिक्षक आजीवन समाज में शिक्षा की अलख जगाते रहते हैं। राम सागर सिंह उक्त विद्यालय में 2003 में पदस्थापित हुए और बीस वर्ष बाद 30 जून 2023 को विद्यालय से सेवानिवृत्त हुए थे। वे धुरकी प्रखंड के परासपानी गांव के निवासी हैं। मौके पर बीडीसी सदस्य अजीमा खातुन, विद्यालय प्रभारी प्रधानाध्यापक राजेश्वर रजक, मुजफ्फर अंसारी, समीम अंसारी, विजय कुमार सिंह, देवेंद्र मेहता, दिनेश सिंह, अनील सिंह, कुंडल सिंह, दीनानाथ पासवान, अशर्फी मेहता, हाकमुद्दीन अंसारी, अल्ताफ अंसारी आदि मौजूद थे।

### वेंडर की जांच के लिए टीम का गठन

**भवनाथपुर।** मनरेगा योजना के लाभुकों की शिकायत पर बीडीओ जयपाल महतो ने जांच टीम गठित कर सामग्री आपूर्तिकर्ता अंसारी ट्रेडर्स की दुकान की जांच कराने का निर्देश दिया। जांच टीम में बीपीओ तहमिद अंसारी, कनीय अभियंता विजयशंकर रॉय व सहायक अभियंता अखिलेश प्रसाद को शामिल किया गया है। बीडीओ ने बताया कि लाभुकों की शिकायत पर मनरेगा योजना में सामग्री आपूर्तिकर्ता वेंडर के विरुद्ध जांच चल रही है। जांच पूरी होने तक मनरेगा के तहत उक्त वेंडर के बिल वाउचर सेव करने पर रोक लगा दी गई है।

### अंचल अधिकारी ने अपना योगदान दिया

**मेराल।** अंचल अधिकारी के पद पर यशवंत नायक ने मंगलवार को अपना योगदान दिया। उन्होंने प्रभारी अंचल अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रवेश कुमार साव से पदभार ग्रहण किया। मौके पर प्रधान सहायक मुरारी मिश्र अंचल निरीक्षक कपिल देव माझी, बिंदेश्वरी प्रसाद संजीव पांडे, अंचल नाजीर, रेयासत अंसारी, आलम अंसारी अशरफ अंसारी उपस्थित थे।

### एफपीओ की वार्षिक सामान्य आम सभा

**धुरकी।** फार्मर प्रोडसर कम्पनी लिमिटेड (एफपीओ) द्वारा वार्षिक सामान्य आम बैठक एफपीओ कार्यालय राजा तालाब के पास मंगलवार को बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता एफपीओ के सीईओ अमित मौर्या ने की। मौके पर किसान संघ के प्रखंड के अध्यक्ष दामोदर जयसवाल, मुखिया प्रतिनिधि सत्यनारायण बैठा, इस्लाम खान, हरिलाल सिंह, बीडीसी कृष्ण कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

# अनियमितता : ढलाई के कुछ वक्त बाद ही फट रही पीसीसी सड़क

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

डंडई से पनघटवा डैम तक बनाए जा रहे कालीकरण सड़क निर्माण का पीसीसी ढलाई कार्य शुरू होते ही उसकी गुणवत्ता की पोल खुलनी शुरू हो गई है। एक तरफ से ढलाई कार्य हो रहा है तो दूसरी तरफ ढलाई फटती चली जा रही है। मंगलवार को डंडई गांव में पीसीसी ढलाई कार्य के दौरान यह आमतौर पर देखा गया।

थाना गेट के पास ढाली गई पीसीसी सड़क में कई जगहों पर दरार देखी गई। इस पर ग्रामीणों निर्माण कार्य का विरोध करना शुरू कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि बिना वाइब्रेट का ढलाई कार्य होने के कारण ही पीसीसी सड़क शुरू से ही फटनी शुरू हो गई है।





ग्रामीण बृजेश कुमार, गणेश सोनी, वीरेंद्र ठाकुर, सुनील यादव, नंदू यादव, मनीष ठाकुर, जयराम चंद्रवंशी, विनोद पटवा, विकास ठाकुर इत्यादि लोगों ने बताया कि ठेकेदार के मुंशियों पर हमारे विरोध का तनिक भी असर नहीं हुआ। उनके द्वारा बेबाक रूप से यथास्थिति में ही सड़क का ढलाई कार्य कराया जाता रहा। उन्होंने कहा कि महज 100 फीट की दूरी में भी ढलाई कार्य आगे नहीं बढ़ पा रहा है कि उसके पूर्व में ढाली गई पीसीसी सड़क फटनी शुरू हो जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि काफी संघर्ष के बाद हम लोगों के गांव में पीसीसी ढलाई से लंबी सड़क का निर्माण होना शुरू हुआ था, लेकिन वह भी कहीं दिखावा बनकर न रह जाए। यह ढलाई निर्माण कार्य के शुरुआती दौर से ही दिखना शुरू हो गया है। अगर ढलाई कार्य में व्यापक सुधार नहीं हुआ तो यह सड़क कुछ दिन भी चल जाए तो बहुत ज्यादा होगी। वहीं ग्रामीणों ने प्राक्कलन के अनुसार ढलाई कार्य नहीं होने का भी आरोप लगाया और कहा कि छरी की जगह अधिक मात्रा में सिर्फ बालू युक्त मसाला का उपयोग कर पीसीसी का ढलाई कार्य किया जा रहा है।

ग्रामीणों ने फटी सड़क की जगह फिर से ढलाई करने के अलावा थाना गेट से लेकर दानरो नदी तक पूरे निर्माण कार्य में प्राक्कलन के अनुसार ढलाई कार्य करने की मांग की है।

## जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक में बोले सांसद

# विद्यालयों में सुनिश्चित करें अच्छी शिक्षा भोजन व पेयजल-शौचालय की सुविधा

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

समाहरणालय के सभागार में सांसद विष्णु दयाल राम की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक का आयोजन किया गया। जिला कल्याण पदाधिकारी निलेश मुर्मू ने पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की जानकारी समिति के समक्ष रखी। सांसद ने मुख्य रूप से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, अनापत्ति प्रमाण पत्र से संबंधित मामले, 15वें वित्त के तहत योजना, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल अंतर्गत जलापूर्ति योजना, वन विभाग से जुड़े मामले, भू अर्जन, मुआवजा भुगतान, विद्युत आपूर्ति, शिक्षा विभाग से जुड़े मामले, कल्याण विभाग अंतर्गत बिरसा आवास/ धूमकुड़िया भवन/ छात्रवृत्ति, आपूर्ति विभाग अंतर्गत राशन कार्ड से जुड़े मामले, सड़क निर्माण, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित मामलें, खनन विभाग अंतर्गत बालू घाट से जुड़े मामले, श्रम विभाग, लघु सिंचाई समेत अन्य मामलों पर विस्तार पूर्वक समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कुछ मामलों में निर्देशों का अनुपालन नहीं करने को लेकर सांसद ने नराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार कार्य करने को कहा ताकि सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर तरीके से किया जा सके एवं अधिक से अधिक लाभुकों को लाभ पहुंचाया जा सके।




बैठक में मुख्य रूप से उपायुक्त, गढ़वा शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी दिलीप कुमार यादव, वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी शशि कुमार, उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी रंका राम नरायण सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर आलोक कुमार, गढ़वा-रंका एवं भवनाथपुर-नगर उंटारी तथा भंडरिया एवं विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायकों के प्रतिनिधिगण, समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

सांसद ने जिला शिक्षा पदाधिकारी से कस्तूरबा आवासीय विद्यालय समेत अन्य विद्यालयों में हो रहे पठन-पाठन, उनमें पेयजल की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था एवं उन्हें दी जाने वाली भोजन आदि की जानकारी ली। उन्होंने कस्तूरबा आवासीय विद्यालय समेत अन्य विद्यालयों में अच्छे से पठन-पाठन हो यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी विद्यालयों में मेनू अनुसार भोजन, पेयजल एवं शौचालय की सुविधा को लेकर भी निर्देश दिए। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि जिले को 70 मेगावाट विद्युत की आवश्यकता है। वर्तमान में 55 मेगावाट विद्युत उपलब्ध हो रही है। पंचायत भवन में भी विद्युतीकरण के विषय पर उपायुक्त ने जानकारी दी कि जिले के सभी पंचायत भवनों को सशक्त किया जा रहा है। ऑनलाइन सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। जिला कल्याण पदाधिकारी से बिरसा आवास धूमकुड़िया भवन एवं प्री/पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति भुगतान की जानकारी ली गई।

जिले को सुखाड़ घोषित होने के पश्चात से दी जाने वाली सहायता राशि समेत अन्य सुविधाओं की भी संबंधित विभाग से जानकारी लेते हुए सहायता एवं मुआवजा राशि भुगतान ससमय करने को कहा गया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए सिविल सर्जन से सदर अस्पताल में लगे अल्ट्रासाउंड मशीन, डियालसिस समेत अन्य के संचालन की जानकारी ली गई। उन्होंने सदर अस्पताल में सिटी स्कैन की उपलब्धता को लेकर विभाग से पत्राचार करने के निर्देश दिए। जेनेरिक दवाइयों की दुकान सभी प्रखंडों में खुलवाने हेतु सिविल सर्जन गढ़वा को निर्देशित किया गया। इन दिनों डेंगू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए समिति द्वारा डेंगू जांच की व्यवस्था सदर अस्पताल में ही करने एवं समय-समय पर फॉगिंग करने को लेकर भी प्रस्ताव रखा गया। इस संबंध में विभाग से पत्राचार करने को कहा गया। वहीं सभी हाउसहोल्ड को जलापूर्ति योजना से जोड़ने, चापाकल मरम्मती एवं लघु सिंचाई विभाग से जुड़े मामलों पर भी सांसद द्वारा जानकारी लेते हुए वैसे जल मीनार जो पूर्ण हाने के बावजूद अब तक उससे जलापूर्ति नहीं प्रारंभ किया गया है, उन्हें चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया। बैठक में पंचायत समिति अध्यक्ष रमना द्वारा बताया गया कि उनके क्षेत्र में कुछ घरों के ऊपर से विद्युत आपूर्ति हेतु विद्युत विभाग द्वारा तार खींचा गया है जिससे कोई भी आकस्मिक दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने मौके पर ही कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल को मामले की जांच एवं कार्रवाई का निर्देश दिया।

वहीं बैठक में विधायक भानु प्रताप शाही ने घासी समुदाय के लोगों को वन अधिकार पट्टा दिलाने मुद्दा रखा। इसपर अध्यक्ष द्वारा कल्याण विभाग को अग्रतर करवाई का निर्देश दिया गया। जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति के मनोनीत सदस्य बसंत यादव द्वारा वर्तमान में मवेशियों विशेष कर गाय बैल आदि में फैल रही लंपी वायरस से बचाव हेतु प्रखंड व पंचायत स्तर पर वैक्सीनेशन एवं इसके इलाज की व्यवस्था कराने की बात कही गई। अध्यक्ष द्वारा मौके पर उपस्थित जिला पशुपालन पदाधिकारी को इस संबंध में उचित कार्रवाई करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने वर्ष 2019 में अतिवृष्टि के कारण खरौंधी, केतार, भवनाथपुर आदि विभिन्न प्रखंडों में कई छोटे बड़े बांध के टूट जाने की बात बताई। उक्त सभी क्षतिग्रस्त बांध के मरम्मती हेतु पूर्व में प्राक्कलन भी बनकर तैयार किया गया परंतु अभी तक इस संबंध में कोई भी कार्य शुरू नहीं किया गया। ऐसे सभी बांधों का मरम्मत जल्द से जल्द कराने की दिशा में अध्यक्ष राम से आग्रह किया। इसी प्रकार धुरकी प्रखंड प्रमुख द्वारा धुरकी प्रखंड में जंगली हाथियों द्वारा जान माल की क्षति कर दिए जाने पर पीड़ितों को मुआवजा की मांग को लेकर प्रस्ताव रखा गया।

## एनएच-75 पर ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

**गढ़वा।** गढ़वा-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर झूरा गांव के पास एन एच 75 पर ट्रक की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गढ़वा थाना क्षेत्र के झूरा गांव निवासी आशुतोष चंद्रवंशी के 15 वर्षीय पुत्र आर्यन कुमार के रूप में हुई है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि गांव में करम पर्व को लेकर तैयारी चल रही थी। इसके लिए आर्यन सहित पांच अन्य लोग टेंपू से डीजे लेने आए हुए थे। डीजे लेकर वापस घर जाने के क्रम में झूला गांव के पास सामने से आ रहे ट्रक ने आर्यन को अपनी चपेट में ले लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल बना है। घटना के बाद मृतक के पिता ने सदर अस्पताल में कुछ देर हंगामा भी किया। लेकिन पुलिस की सूझबूझ से मामला शांत हुआ।

## त्योहार शांतिपूर्वक मनाने को लेकर थाने में हुई बैठक

**भवनाथपुर।** ईद उल मिलादुन्नबी त्योहार को लेकर थाना परिसर में मंगलवार को बीडीओ जयपाल महतो की अध्यक्षता में बैठक हुई। थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने शांतिपूर्वक पर्व-त्योहार मानने की अपील की। बैठक में सीओ रामा शंकर श्रीवास्तव, एसआई सहदेव साह, कुंदन कुमार यादव, जिला परिषद रजनी शर्मा, सीआई विभूति नारायण सिंह, भवनाथपुर पंचायत की मुखिया बेबी देवी, चपरी पंचायत मुखिया शैलेश चौबे, अनिल चौबे, धनंजय साह आदि उपसिथत रहे।

# गरीबों की आवाज भीखम का निधन

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**

थाना क्षेत्र के दुलदुलवा गांव निवासी भीखम चंद्रवंशी (70) का निधन सोमवार की रात्रि सदर अस्पताल गढ़वा में हो गया। भीखम चंद्रवंशी आजीवन गरीब, शोषित तथा वंचित वर्ग के लोगों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करते रहे। अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल से की तथा करीब दो दशक तक उन्होंने पार्टी से जुड़कर जहां पार्टी के हित में काम किया वहीं जरूरतमंदों की सेवा करते रहे। वर्तमान में वह झारखंड मुक्ति मोर्चा से जुड़े हुए थे तथा जिला के पंचायती राज विभाग के विधायक प्रतिनिधि के रूप में कार्य कर रहे थे। भीखम विगत कुछ महीनों से अस्वस्थ रह रहे थे। सोमवार की रात्रि मृत्यु की सूचना पाकर पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर सदर अस्पताल पहुंचे। सुबह मंत्री ने उनके आवास दुलदुलवा पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह, भाजपा नेता अलखनाथ पांडे ने भी भीखन चंद्रवंशी के घर पहुंच श्रद्धा सुमन अर्पित किया। वहीं ईश्वर सागर चंद्रवंशी, शंभू राम चंद्रवंशी, विजय तिवारी, कंचन साहू, झामुमो नेता करीब अंसारी, मुखिया राम प्रताप साव, जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, प्रखंड प्रमुख दीप माला कुमारी, झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम खान, फिरोज अंसारी, विकास प्रजापति, अतहर अली अंसारी, हरेंद्र कुमार चौधरी, जगजीवन राम इत्यादि लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए चंद्रवंशी के निधन को समाज के लिए बड़ी क्षति बताया है।

### मंत्री ठाकुर सहित कई नेताओं ने दी श्रद्धांजलि



## जंगली हाथियों ने घरों व फसलों को पहुंचाई क्षति

**चिनिया।** थाना क्षेत्र में सोमवार की रात्रि भी हाथियों ने प्रखंड के कई किसानों की फसलों और घरों को भारी नुकसान पहुंचाया। हाथियों ने रात्रि 10:00 बजे बेता गांव के कुंम्भियाखाड टोला निवासी शंभू राम का घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं घर के अंदर रखे पलंग, चौकी, कपड़े, अनाज आदि को बर्बाद कर दिया। खेत में लगी मकई व धान की लगभग 1 एकड़ फसल को हाथी खा गए। हरीराम राम की 1 एकड़ में मकई, सीताराम राम की एक एकड़ में मकई तथा धान की फसल, राजेंद्र राम की धान व मकई की फसल, चिरका के कोल्हुआ मे इस्लाम अंसारी की 3 एकड़ में लगी धान व मकई की फसल, खुशदिल मंसूरी की एक एकड़ में धान की फसल को हाथियों ने खा लिया। प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार ने बताया कि जंगली हाथियों द्वारा फसलों को नुकसान किये जाने की जानकारी मिली है। नुकसान की जायजा लिया जा रहा है।

# ग्रामीणों का राशन के लिए प्रखंड कार्यालय पर धरना

**नवीन मेल संवाददाता। विशुनपुरा**



प्रखंड के ग्रामीणों ने अगस्त माह का राशन वितरण नहीं करने को लेकर प्रखंड कार्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप था कि प्रखंड के जनवितरण प्रणाली दुकानदारों की ओर से अगस्त एवं सितंबर माह का पर्ची निकाल कर केवल एक माह का राशन दिया जा रहा है, जबकि प्रखंड में लगातार दो वर्षों से सूखा पड़ने के कारण भुखमरी की स्थिति बनी हुई है। इसके कारण लोग पलायन को मजबूर हैं। इस दौरान ग्रामीणों ने राशन वितरण सुनिश्चित कराने को लेकर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी निधी रजवार को मांग पत्र सौंपा है। ग्रामीणों को शांत कराते हुए आपूर्ति पदाधिकारी निधी रजवार ने कहा कि जांच कर 15 दिनों के अंदर राशन वितरण करवाया जाएगा। इस मौके पर बलराम पासवान, ऐनुल अंसारी, लतीफ अंसारी, पृथ्वीनाथ पाल, नामुदिन अंसारी, नंदू गुप्ता, दिनेश राम, दिलीप कुमार, जगदीस वैठा, बाबूलाल सिंह, सवीर अंसारी, संजय मेहता, अनिल रजवार, विश्वनाथ भुइया, मोहित राम आदि मौजूद थे।

### डीलर पर तीन माह से राशन नहीं देने का आरोप

**केतार।** प्रखंड के बांसडीह कला गांव के ग्रामीणों ने सोमवार को अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार को आवेदन देकर डीलर के द्वारा तीन माह का राशन नहीं देने की शिकायत की है। एसडीओ को दिए गए आवेदन में राशन कार्डधारियों ने उल्लेख किया है बांसडीह गांव के डीलर रवि राम राशन कम मिलने का हवाला देकर राशनकार्ड धारियों को तीन माह से राशन नहीं दे रहे हैं। इसकी शिकायत हम सभी राशन कार्डधारियों ने बीडीओ सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मुकेश मछुआ से की थी। बीडीओ ने डीलर की दुकान की जांच कर एक सप्ताह के भीतर कार्डधारियों को राशन देने का निर्देश डीलर को दिया था। इसके बावजूद पंद्रह दिन बीत जाने के बाद भी डीलर के द्वारा हम लोगों को राशन नहीं दिया गया है। धारियों ने एसडीओ से राशन दिलवाने की मांग की है।

### महिलाओं ने एमओ से की डीलर की शिकायत

**चिनिया।** हेताड़ खुर्द गांव के डीलर कमेश सिन्हा की ओर से अगस्त माह एवं सितंबर माह का राशन नहीं दिए जाने पर राशन कार्ड धारियों ने मंगलवार को प्रखंड कार्यालय पहुंचकर अंचलाधिकारी सह एमओ निशात अंजुम को लिखित आवेदन देकर राशन दिलाने की मांग की। कार्डधारियों ने कहा कि अभी तक धोती-साड़ी भी लाभुकों को नहीं दी गई है। वहीं सीओ सह एमओ ने कहा कि बीपीएल कार्ड धारियों द्वारा आवेदन मिला है। जांच में गड़बड़ी पाई गई तो तो करवाई की जाएगी। लाभुकों को राशन दिलाया जाएगा।

## कार्यक्रम | करम पर्व महोत्सव में मांदर बजाकर झूमे मंत्री, किया साड़ी व मांदर का वितरण

# हम अपनी संस्कृति को संरक्षित रखने को संकल्पबद्ध हैं : मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

अखिल भारतीय आदिवासी महासभा प्रखंड कमेटी रंका के तत्वाधान में बरदरी गांव में करम पर्व महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर किया। मंत्री ने पूजा अर्चना कर उपहार स्वरूप साड़ी एवं मांदर का वितरण किया। तत्पश्चात सामूहिक पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मौके पर मंत्री ने कहा कि हम सब अपनी संस्कृति को संरक्षित रखने के प्रति संकल्पबद्ध हैं। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम सचिव, मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय सिंह छोटू, दिलीप गुप्ता, अहमद अली अंसारी, रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष गुप्ता, युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक सोनी, कार्तिक पांडेय, पप्पू यादव आदि सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



## 'करम आदिवासियों का महान पर्व, इसमें की जाती है प्रकृति की पूजा'

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

प्रखंड मुख्यालय के चिरका आईटीआई मैदान के बगल में रंका रोड चारमुहान के पास मंगलवार को प्राकृतिक महापर्व करम के अवसर पर अखिल भारतीय आदिवासी महासभा चिनिया के तत्वाधान में कर्म डाली की विधिवत पूजा अर्चना की गई। मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर रहे। मौके पर मंत्री ने कहा कि करम आदिवासियों का महान पर्व है। इसमें प्रकृति की पूजा की जाती है। यह जल जंगल जमीन की सुरक्षा के लिए महत्व रखता है। आज जंगल काटते जा रहे हैं, जिसके कारण पिछले दो साल से यहां सूखे की स्थिति है। आज जंगल से गांव की ओर जंगली जानवर पहुंच रहे हैं। मौके पर अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के जिला अध्यक्ष चैतू सिंह खरवार, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, रेखा चौबे, जिला 20 सूत्री के उपाध्यक्ष नितेश सिंह, मो फरीद, प्रखंड जिला परिषद सदस्य बनारसी सिंह, प्रखंड प्रमुख सुनैना देवी, अरविंद यादव, आदिवासी संगठन के नान्हु सिंह, ठुराई बैगा, भोला सिंह, रामेश्वर सिंह, चरकू प्रहिया, अजय सिंह, नारायण सिंह आदि मौजूद थे।



ज्ञान की बात

अगर कोई व्यक्ति सरल स्वभाव का है, तो कभी भी उसे कमजोर समझने की भूल न करें, क्योंकि सरलता उसका संस्कार है, कमजोरी नहीं।

- अज्ञात

# 'रोजगारहीन' आर्थिक बढ़ोतरी

**भारत** में बेरोजगारी और महंगाई सबसे अहम राष्ट्रीय मुद्दे हैं। विडंबना है कि इन मुद्दों पर अधिकतर जनादेश तय नहीं किए जाते। आजकल महिला आरक्षण की खूब गहमागहमी है। लेकिन आरक्षण से ज्यादा जरूरी रोजगार है, ताकि महिलाएं भी पीढ़ी-दर-पीढ़ी ह्यअवैतनिक कामकाजीह्ल न रह सकें और औसत भारतीय आत्मनिर्भर बन सके। प्रधानमंत्री भी आजकल हर जगह रोजगार की बढ़ोतरी के दावे करते हैं। देश में बड़े-बड़े राजमार्ग और एक्सप्रेस-वे भी बनाए जा रहे हैं, जाहिर है कि उनमें भी रोजगार पैदा होते होंगे। बेशक हमारी अर्थव्यवस्था की विकास-दर करीब 8 फीसदी है, लेकिन प्रति व्यक्ति इसका औसत करीब 4.5 फीसदी ही है। कोरोना वैश्विक महामारी के बाद भारत की आर्थिकी ने बहुत तेज और सकारात्मक वापसी की है, लिहाजा 2021-22 में न केवल जीडीपी करीब 150 लाख करोड़ रुपये थी और बीते साल की अपेक्षा 9 फीसदी ज्यादा भी रही, बल्कि वह कोरोना-पूर्व के स्तर को भी लांघ गई। जीडीपी का अर्थशास्त्र कुछ भिन्न होता है, जिसे आम आदमी समझ नहीं पाता, लिहाजा आर्थिक विकास और सामान्य रोजगार की दर में गहरे विरोधाभास दिखाई देते हैं। कई अनुत्तरित सवाल भी निहित होते हैं।

**जीडीपी का अर्थशास्त्र कुछ भिन्न होता है, जिसे आम आदमी समझ नहीं पाता, लिहाजा आर्थिक विकास और सामान्य रोजगार की दर में गहरे विरोधाभास दिखाई देते हैं। कई अनुत्तरित सवाल भी निहित होते हैं। सरकार को युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार व स्वरोजगार देने वाली योजना बनाने की जरूरत है।**

रोजगार भी ऐसा ही मुद्दा है, जो तमाम सकारात्मक आर्थिक विकास के बावजूद पूरी तरह संबोधित नहीं किया जा रहा है। हमारे देश में रोजगार, नौकरी और स्वरोजगार की अलग-अलग व्याख्याएं और कहानियां हैं। भारत सरकार की विभिन्न रपटों के डाटा से स्पष्ट है कि नौकरी के बाजार में लचीलापन या रोजगार की वापसी हुई है। सरकारों के अलावा, निजी क्षेत्र में भी बंपर रोजगार के अवसर विज्ञापित किए जा रहे हैं, लेकिन महिलाओं और युवा स्नातकों के लिए ये अवसर समूची अर्थव्यवस्था से पिछड़ गए हैं। कोरोना महामारी के बाद पुरुष और महिला कामगारों की दर बढ़ी है, लेकिन रोजगार का यह डाटा सतही तौर पर ही सुर्खियों में रहा है। यदि कामकाज के हालात सुधरे हैं, तो जाहिरा तौर पर बेरोजगारी की दर कम होनी चाहिए, लेकिन आज भी यह राष्ट्रीय दर 7-8 फीसदी के बीच झूल रही है। 2021-22 में बेरोजगारी दर करीब 6.6 फीसदी थी, जो 2019-20 की तुलना में करीब 2 फीसदी कम थी, लेकिन महिला रोजगार में बढ़ोतरी दिखाई जा रही थी। यह कैसी विसंगति थी? यह भी निष्कर्ष दिया गया कि 2019-20 और 2020-21 की तुलना में महिलाओं की मासिक आमदनी बढ़ी है। इसे भी मुद्रास्फीति के संदर्भ में देखा जाना चाहिए। दिलचस्प है कि 2021-22 में जिसकी मासिक आय 12089 रुपये थी, वह 2017-18 की औसतन मासिक आय से करीब 2 फीसदी कम थी। यह कैसे संभव है? व्यक्ति की आय साल-दर-साल बढ़ती है या घटती जाती है? युवा बेरोजगारी तो एक चिंतित सरोकार है, जो कभी-कभार अराजकता का रूप भी धारण कर लेता है। डाटा से स्पष्ट है कि नौकरी ढूंढने वाले स्नातकों या उससे अधिक शिक्षित वर्ग में औसतन 29 साल की उम्र तक 20 फीसदी से ज्यादा बेरोजगारी है। कमोबेश प्रधानमंत्री को तो इसका एहसास होगा! दरअसल हमारी आर्थिक बढ़ोतरी 'रोजगारहीन' है। जीडीपी और रोजगार के बीच आपसी संबंध नहीं होते, तो फिर आर्थिक विकास या 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था होने के मायने क्या हैं? सरकार को युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार देने के लिए बड़े पैमाने पर योजना बनाने की जरूरत है।

# अष्टलक्ष्मी के गौरव की पुर्नस्थापना





जी किशन रेड्डी

**जब** भी मैं पूर्वोत्तर क्षेत्र की यात्रा करता हूं, तो मैं अक्सर स्मृतियों में खो जाता हूं और पूरे भारत के साथी युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं के साथ की गयी अपनी पिछली यात्राओं को याद करता हूं। उन दिनों, परिवहन व संचार संपर्क सुविधाओं की कमी, सुरक्षा के खतरे, बंद और चक्का जाम की असुविधा तथा अवसंरचना की कमी को नजरअंदाज करते हुए, हमने इन अवसरों का उपयोग, क्षेत्र के अपने भाइयों और बहनों के साथ बातचीत करने, उनकी संस्कृति का अनुभव करने और चुनौतियों व समाधानों पर चर्चा करने में किया। हालाँकि, परिवर्तन शुरू करने के लिए हमारे अटूट उत्साह और अथक प्रयास को राजनीतिक उपेक्षा, घोर अन्याय और शेष भारत से स्पष्ट अलगाव के कारण कड़ी बाधाओं का सामना करना पड़ा। अफसोस की बात है कि पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्य, जो हमारे देश का अभिन्न अंग हैं, को अक्सर 'सौतेली बहनें' कहा जाता था। हालाँकि, कुछ साल बाद, आज, जब मैं उन्हीं स्थानों की दोबारा यात्रा करता हूँ, तो मैं संतुष्टि और राहत की गहरी भावना से भर जाता हूँ। हमारे पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों को आखिरकार वह ध्यान और समर्थन मिल रहा है, जिनके वे हकदार हैं। पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों का संदर्भ 'अष्टलक्ष्मी' के रूप दिया जाता है, जो अधिक उपयुक्त है। नौ साल पहले, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्पष्ट रूप से घोषणा की थी, 'भारत तब तक प्रगति नहीं कर सकता, जब तक कि भारत का पूर्वोत्तर क्षेत्र विकसित नहीं होता।' उस दूरदर्शी विश्वास के साथ, भविष्य में निर्बाध विकास को सक्षम बनाने के लिए पिछले 9 वर्षों में किये गये रणनीतिक प्रयासों ने एक ठोस आधार तैयार किया है। पिछले साढ़े 9 वर्षों में 5 लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च करने के साथ, भारत सरकार ने क्षेत्र के विकास के लिए बड़े पैमाने पर वित्तपोषण किया। 2014 और 2023 के बीच पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए 54 केंद्रीय मंत्रालयों के सकल बजट आवंटन में लगभग 233 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 6,600 करोड़ रुपये की नई मंजूर की गयी पीएम-डिवाइन योजना, पूर्वोत्तर क्षेत्र के लोगों के लिए आजीविका और विकास के अवसरों का सृजन करेगी। विवेकपूर्ण और लक्षित निवेश के साथ वित्तीय प्रोत्साहन से, सरकार को परिवहन व संचार संपर्क सुविधा तथा अवसंरचना निर्माण जैसी क्षेत्र की सबसे बड़ी चुनौतियों का समाधान करने में मदद मिली। 'भूपेन हजारिका सेतु' नदी पर बना भारत का सबसे लंबा पुल है , जो 2003 से लंबित था, का उद्घाटन मई 2017 में किया गया। इससे असम और अरुणाचल प्रदेश के बीच की यात्रा-अवधि 6 घंटे से कम होकर 01 घंटे की रह गयी है। 25 दिसंबर, 2018 को भारत के सबसे लंबे रेल पुल बोगीबील का उद्घाटन किया गया, जिससे दिल्ली और डिब्रूगढ़ के बीच यात्रा-अवधि में 3 घंटे की कमी आयी है। दिलचस्प बात यह है कि पुल का काम 2002 में भारत रत्न अटल जी के नेतृत्व में शुरू हुआ था, लेकिन 2004 में यूपीए के सत्ता में आने के बाद यह काम बाधित हो गया। काम में तेजी 2014 में आई, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बागडोर संभाली। इसी तरह, 2014 से पहले केवल गुवाहाटी रेल-मार्ग से ही जुड़ा था, लेकिन आज राजधानी परिवहन संपर्क परियोजना के तहत अरुणाचल, त्रिपुरा और मणिपुर

**हमारे पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों को आखिरकार वह ध्यान और समर्थन मिल रहा है, जिनके वे हकदार हैं। पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों का संदर्भ 'अष्टलक्ष्मी' के रूप दिया जाता है, जो अधिक उपयुक्त है।**

इन दिनों

भी जुड़ गए हैं और बाकी 5 राज्यों को जोड़ने का काम भी जल्द पूरा हो जायेगा। उहम अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग करके स्थलाकृतियों से जुड़ी बाधाओं को दूर कर रहे हैं। हमने पूर्वोत्तर में जिरीबाम-इम्फाल रेल लाइन पर दुनिया के सबसे ऊंचे तटबंध पुल का निर्माण करके विश्व रिकॉर्ड बनाया है। इसके अलावा, पर्यटन और आर्थिक क्षमता को व्यापक प्रोत्साहन देते हुए, पिछले 9 वर्षों में हवाई संपर्क सुविधा में कई गुनी वृद्धि हुई है। 2014 में केवल 9 हवाई-अड्डे थे, आज हमारे पास 17 हवाई-अड्डे हैं। अरुणाचल प्रदेश का पहला ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा, डोनी पोलो हवाई अड्डा या अगरतला में महाराजा बीर बिक्रम (एमबीबी) हवाई अड्डे का अत्याधुनिक एकीकृत टर्मिनल, जिसका उद्घाटन 2022 में प्रधानमंत्री द्वारा किया गया था, हवाई संपर्क सुविधा में तेजी से हुई प्रगति के उज्ज्वल उदाहरण हैं। पिछली सरकारें लंबे समय से यह तर्क देतीं रहीं कि भूमि से घिरे पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास में कमी अपरिहार्य है। इस बात को चुनौती देते हुए नरेन्द्र मोदी सरकार क्षेत्र की जलमार्ग क्षमता का उपयोग करने के लिए काम कर रही है। 2014 से पहले केवल 01 राष्ट्रीय जलमार्ग था और अब पूर्वोत्तर क्षेत्र में 20 राष्ट्रीय जलमार्ग हैं, जो ब्रह्मपुत्र और बराक नदियों की विशाल नौवहन क्षमता को रेखांकित करते हैं। दक्षिण-पूर्व एशिया के साथ घनिष्ठ आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों का निर्माण करते हुए तथा क्षेत्र में आवश्यक परिवहन संपर्क सुविधा को बढ़ावा देकर, पूर्वोत्तर क्षेत्र को एक्ट ईस्ट नीति के केंद्र बिंदु के रूप में विकसित किया जा रहा है। म्यांमार के साथ 2,904 करोड़ रुपये की कलादान मल्टीमॉडल परियोजना, बांग्लादेश के साथ 1,100 करोड़ रुपये की अगरतला-अखौरा रेलवे परियोजना, 1,548 करोड़ रुपये की भारत-म्यांमार-थाईलैंड त्रिपक्षीय राजमार्ग परियोजना आदि ऐसी प्रमुख परियोजनाएं हैं, जो पूर्वोत्तर क्षेत्र को भारत के 'पड़ोसी पहले' और 'एक्ट ईस्ट' नीतियों के केंद्र में रखती हैं। 1972 के बाद पहली बार 2015 में अंतर्देशीय जल पारगमन और व्यापार पर भारत बांग्लादेश प्रोटोकॉल का नवीनीकरण और बांग्लादेश के चटग्राम व मोंगला बंदरगाहों के उपयोग तक पहुंच; 'एक्ट ईस्ट' नीति की महत्वपूर्ण उपलब्धियां रही हैं। क्षेत्र में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किये गये हैं। 2014 से 2022 के बीच उग्रवाद में 76 प्रतिशत की गिरावट आई है। सुरक्षा बलों और नागरिकों की मौत की संख्या में क्रमशः 90 प्रतिशत और 97 प्रतिशत की कमी दर्ज की गयी है। 8,000 से अधिक उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। 'अफस्पा' के परिधि क्षेत्र में 75 प्रतिशत की कमी आयी है। स्थायी समाधान की दिशा में आगे बढ़ते हुए विद्रोही समूहों के साथ कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं और मुख्यधारा के साथ उनके पुनः एकीकरण में मदद के लिए पुर्नवास पैकेज प्रदान किए गए हैं। पूर्वोत्तर क्षेत्र में विकास और शांति को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए, प्रधानमंत्री ने पिछले साढ़े 9 वर्षों स्वयं 60 से अधिक बार पूर्वोत्तर क्षेत्र की यात्राएं की हैं और क्षेत्र में विकास करने की राजनीतिक इच्छाशक्ति और दृढ़ संकल्प को दोहराया है। अपने मूल में प्रतिबद्धता, सुदृढ़ता और सशक्तिकरण को रखते हुए, पूर्वोत्तर क्षेत्र अब अमृत काल की दहलीज पर खड़ा है। पिछले 9 वर्ष निर्णायक रहे हैं; अगले 25 वर्ष, पूर्वोत्तर भारत कहे जाने वाले 'धरती के स्वर्ग' के जादू को दुनिया के सामने लायेंगे।

**लेखक भारत सरकार के पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री हैं।**

## बोधि वृक्ष

*आइये सुनें धर्मराज व चित्रगुप्त की वास्तविक कहानी*

**वे** अपने माथे पर परमात्मा के चरण की धूल लगाते हैं। और उनके सत मंत्रों से डरते हैं। मृत्यु और बुढ़ापा भी परमात्मा के सेवक हैं।

**गरीब, जम जौरा जासै डरैं, मिटें कर्म के अंक। कागज कीरै दरगह दई, चैदह कोटि न चंप।।**

सतगुरु धर्मराज (यम) द्वारा लिखे गये खाते को रद्द कर पाप कर्मों को खत्म कर देते हैं।

**गुरुकी शरणा लीजै भाई। जाते जीव नरक नहीं जाई।। गुरु कृपा कटे यम फांसी। विलम्ब ने होय मिले अविनाशी।।**

संत गरीबदास जी महाराज कहते हैं 'हे मनुष्य! गुरु की शरण में जाने से जीव को नरक के कष्ट नही भोगने पड़ते। या तो वह पूर्ण भक्ति करके मुक्त हो जाता है या मानव जन्म (पुरुष /महिला) प्राप्त करता है और फिर दुबारा सतगुरु रूप में परमात्मा भक्ति करवा कर मोक्ष प्रदान करते हैं। इस प्रकार गुरु की प्राप्ति और सतभक्ति करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। गुरु की कृपा से धर्मराज (यम) / यमराज द्वारा लगाये गये पाप कर्मों की सजा समाप्त हो जाती है और परम अक्षर ब्रह्म / सतपुरुष की प्राप्ति होती है। काल की दुनिया में हर एक प्राणी यहां तक की धर्मराज (यम) और चित्रगुप्त भी गलत साधना कर रहे हैं जिसके कारण काल के जाल में फंसे हुए है। इसका उल्लेख सूक्ष्म वेद में भी किया गया है

**चित्र गुप्त धर्म राय गावैं, आदि माया ओंकार है**
**कोटि सरस्वती लाप करत हैं, ऐसा पारब्रह्म दरबार है**

चित्र तथा गुप्त और यहां तक कि धर्मराज (यम) भी ओंकार अर्थात ब्रह्म काल की पूजा करते हैं और आदिमाया अर्थात दुर्गा द्वारा फैलाये जाल में फंसे रहते हैं। काल लोक में देवी सरस्वती जो ब्रह्मा जी की पुत्री है , उसकी आवाज अत्यंत सुरीली बताते हैं । उसके गाने सुनकर देवता लोग आनन्द लेते हैं।

*(क्रमशः)*

# देश में तेजी से फैलती रेबीज की बीमारी, दहशत में लोग



डॉ. रमेश ठाकुर

**रेबीज** से उत्पन्न हुई दर्दनाक घटनाओं ने समाज को भयभीत कर दिया है। आमजन इस बात से अचंभित हैं कि आखिर रेबीज का संक्रमण अचानक से इतना खतरनाक और जानलेवा कैसे हो गया? अकसर कुत्ता काटने के बाद पीड़ित रेबीज का टीका लगवा लेते हैं और एकाध सप्ताह में स्वस्थ हो जाते हैं। पर, अब घटनाएं जान लेने लगी हैं। कुछ दिन पहले की ही बात है जब गाजियाबाद में रेबीज इंफेक्शन के चलते सावेज नाम के एक 14 वर्षीय लड़के की मौत हो गई। बच्चे को डेढ़ माह पूर्व पार्क में खेलते वक्त कुत्ते ने दाहिने पैर में काटा था। बच्चे ने डर के चलते यह बात परिजनों से छुपाई। कुछ दिन बाद रेबीज का संक्रमण बच्चे के शरीर में इतनी तेजी से फैला कि लक्षण साफ दिखाई देने लगा। पिता बच्चे को गोद में लेकर अस्पतालों के चक्कर काटता रहा। लेकिन, किसी भी अस्पताल ने इलाज नहीं किया। आखिरकार बच्चे ने तड़प-तड़पकर पिता की गोद में ही दम तोड़ दिया। किशोर की दर्दनाक मौत लगातार चर्चा में है। इस घटना से दिल्ली-एनसीआर के लोग दहशत में हैं। बच्चे की मौत ने चिकित्सा तंत्र से लेकर शासन-सिस्टम को भी कठघरे में खड़ा कर दिया है। निश्चित रूप से इस घटना ने न सिर्फ गाजियाबाद के लोगों को, बल्कि समूचे देशवासियों को झकझोरा है। इस घटना के बाद कुत्ता काटने की घटनाओं में बेहताशा इजाफा हुआ है। करीब पांच सौ से ज्यादा घटनाएं गाजियाबाद में बीते दो माह में हुई हैं जिसमें पिछले सप्ताह एक और युवक की मौत रेबीज से हो गई। उसे भी एक लावारिस कुत्ते ने बीस-पच्चीस दिन पहले काटा था। रेबीज संक्रमण से फैली घटनाओं पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय भी गंभीर है। मंत्रालय ने रेबीज टीके के स्टॉक की समीक्षा करनी शुरू कर दी है। जहां टीको की उपलब्धता नहीं है, वहां मुहैया कराने के आदेश दिये गये हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने भी सभी जिलों के सीएमओ को आदेशित किया है। बहरहाल, रेबीज कितना खतरनाक होता है और दुष्परिणाम कैसे होते हैं इस कड़वी सच्चाई से सभी वाकिफ हैं, बावजूद इसके कुत्ता काटने के बाद लोग लापरवाही बरतते हैं, जबकि, ऐसे वक्त में चिकित्सीय सलाह की सख्त जरूरत होती है। कुत्ता काटने के शिकार पीड़ितों की भीड़ अस्पतालों में भी एकाएक बढ़ गई है। कई मर्तबा तो अस्पतालों में रेबीज के इंजेक्शनों का भी टोटा रहता है। उस स्थिति में पीड़ित औने-पौने दाम में निजी अस्पतालों से रेबीज के टीके खरीदते हैं। चिकित्सकों की माने तो रेबीज के लगभग 97 फीसदी केस संक्रमित कुत्ते के काटने के कारण ही होते हैं। कुत्ता काटने के 72 घंटों के भीतर एंटी-रेबीज वैक्सीन अवश्य लगवाना चाहिए। ऐसा नहीं करने पर पीड़ित निश्चित रूप से रेबीज की चपेट में आयेगा। हालांकि यहां एक महत्वपूर्ण बात बताना जरूरी हो जाती है कि रेबीज अन्य जानवरों से भी फैलता है, लेकिन उनका संकमण उतना प्रभावी नहीं होता, जितना कुत्ते का होता है। बाकी जानवरों के काटने के बाद टीका न भी लगे, तब भी घबराने की आवश्यकता नहीं होती। खुदा न खास्ता अगर कोई जहरीला जानवर या जंगली पशु-जनावर काटता भी है, तो उस घाव को साबुन से अच्छे से धोने से संक्रमण खत्म हो जाता है और खतरा भी टल जाता है। गली-मोहल्लों के कुत्ते हिंसक क्यों हो रहे हैं? क्यों सभी को काटने पर उतारू होते हैं? इस थ्योरी को भी समझने की जरूरत है। दरअसल, इसका एक मुख्य कारण है कुत्तों का भूखा रहना। एक जमाना था जब घरों में बनने वाले खाने का पहला निवाला या पहली रोटी कुत्तों की होती थी। पर, आज कोई भी बेजुबान जानवरों को भोजन परोसना नहीं चाहता। कुत्ते जब एकदम खाली पेट होते हैं, तभी लोगों पर टूटते हैं। पार्क या गली में खेलने वाले बच्चों के हाथों अगर कुत्ते थोड़ी सी भी खाने की वस्तु देख लें, तो झप्पटा मारने से बाज नहीं आते। शहरी क्षेत्रों में आवसीय परिक्षेत्रों का टोटा है।

**कुछ दिन पहले की ही बात है जब गाजियाबाद में रेबीज इंफेक्शन के चलते सावेज नाम के एक 14 वर्षीय लड़के की मौत हो गई। बच्चे को डेढ़ माह पूर्व पार्क में खेलते वक्त कुत्ते ने दाहिने पैर में काटा था।**

बीमारी

## फोटो की दुनिया



## फेसबुक वॉल से




# अशोक सिंघल को 'इसलिए' जरूरी है याद करना



मृत्युंजय दीक्षित

**साल** 1926 में 27 सितंबर को जन्मे राष्ट्रवादी विचारधारा के वाहक, श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन के माध्यम से बहुसंख्यक हिंदू समाज को स्वाभिमान से खड़ा करने वाले विश्व हिंदू परिषद के संस्थापक अशोक सिंघल ने अपना संपूर्ण जीवन हिंदू समाज के लिए खपा दिया। अशोक जी के व्यक्तित्व व उनके ओजस्वी विचारों का ही परिणाम है कि आज हिंदू समाज में सामाजिक समरसता का भाव दिखाई पड़ रहा है। संत समाज व विभिन्न अखाड़ा परिषदों को एक मंच पर लाने का दुष्कर कार्य अशोक जी से ही संभव हो सका। यह उन्हीं के प्रयासों का परिणाम है कि आज देश का बहुसंख्यक समाज अपने आप को गर्व से हिंदू कहना चाहता है। अशोक सिंघल ने देश, समाज, हिंदू संस्कृति और संस्कार के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया। उन्होंने श्रीराम जन्मभूमि की मुक्ति तथा उस पर श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए आंदोलनों की झड़ी लगा दी। जनसभाओं व कार्यक्रमों में अशोक जी के ओजस्वी भाषणों को सुनने के लिए भारी भीड़ जमा होती थी। जब यह भीड़ घरों की ओर प्रस्थान करती थी तो उसमें एक नयापन व ताजगी की उमंग होती थी। अशोक जी में सभी को साथ लेकर चलने की अभूतपूर्व कला थी। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण और उसके प्रति संपूर्ण हिंदू समाज को जागरूक करने में खपा दिया। इसके परिणाम स्वरूप आज अयोध्या में भव्य एवं दिव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण तीव्र गति से पूर्णता की ओर अग्रसर हो रहा है। 1984 में अशोक जी ने श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन का श्रीगणेश किया। यह आन्दोलन विभिन्न चरणों को पार करते हुए 31 अक्टूबर और 2 नवम्बर 1990 तक पहुंचा जब मुलायम सिंह यादव ने शांतिपूर्वक राम धुन गाते हुए पैदल चलते रामभक्तों पर गोलियां चलवा दीं और निहत्थे रामभक्तों को मौत के घाट उतार दिया गया। घटना से आहत सिंघल जी ने 6 दिसंबर 1992 को पुनः कारसेवा का आह्वान किया और इस बार जो हुआ वो हिन्दू संस्कृति के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों से लिखा गया। कारसेवकों ने भूमि को समतल कर अस्थायी राम मंदिर का निर्माण कर दिया। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने एक स्वर से उसी स्थान को श्री राम जन्मभूमि स्वीकार किया। यह स्वर्गीय अशोक जी सपना था, जिसे नौ नवंबर 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने अपने ऐतिहासिक फैसले से पूरा कर दिया। संघ कार्य करते हुए अशोक सिंघल ने अपने आपको देश के एक सच्चे साधक के रूप में विकसित किया। वह 1942 में स्वयंसेवक बने। सरसंघचालक श्री गुरुजी ने 1964 में जाने- माने संत महात्माओं के साथ मिलकर विश्व हिंदू परिषद की स्थापना की। 1966 में विश्व हिंदू परिषद में अशोक जी का पदार्पण हुआ। अदभुत योजक शक्ति, संगठन कुशलता, निर्भीकता, अडिग व्यक्तित्व और सबको साथ लेकर चलने की अशोक जी की विराटता का ही परिणाम है कि आज पूरे विश्व में सबसे प्रखर हिंदू संगठन के रूप में विश्व हिंदू परिषद का नाम लिया जा रहा है। यह उन्हीं के प्रयासों का परिणाम है कि आज पाकिस्तान, बांग्लादेश और विश्व के अन्य देशों में यदि कोई हिंदू विरोधी या भारत विरोधी घटना घटित होती है तो वह प्रकाश में आती है। वे जहां भारत में अपनी संस्कृति व सभ्यता की रक्षा करने के लिए संघर्षरत रहते थे वे वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान और बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के प्रति किये जा रहे अत्याचारों के खिलाफ भी पूरे जोर शोर से आवाज उठाते थे। जम्मू- कश्मीर के हिंदुओं की समस्या के प्रति वे निरंतर गंभीर रहते तथा उनके दुखों को दूर करने का प्रयास भी करते थे। अशोक सिंघल ने अपने आंदोलनों के दौरान गंगा नदी की अविरलता के लिए व गोहत्या के खिलाफ भी पुरजोर आवाज उठाई। इतना ही नहीं वे अपनी संस्थाओं के माध्यम से कन्याओं के विवाह आदि संस्कार भी संपन्न करवाते थे और 42 अनाथालयों के माध्यम से 2000 से अधिक बच्चों को आश्रय दिया जाता था।

**अशोक सिंघल ने देश, समाज, हिंदू संस्कृति और संस्कार के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया। उन्होंने श्रीराम जन्मभूमि की मुक्ति तथा उस पर श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए आंदोलनों की झड़ी लगा दी।**

अशोक सिंघल

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

# घुड़सवारी में भारत ने रचा इतिहास, 41 साल बाद जीता स्वर्ण पदक

**एजेंसी। हांगझोऊ**

भारत ने मंगलवार को एशियाई खेलों की घुड़सवारी प्रतियोगिता में टीम ड्रेसेज स्पर्धा में शीर्ष पर रहकर स्वर्ण पदक के 41 साल के इंतजार को खत्म किया। भारत ने एशियाई खेलों में इससे पहले घुड़सवारी में तीन स्वर्ण पदक, तीन रजत पदक और छह कांस्य पदक जीते थे। घुड़सवारी में भारत के लिए तीनों स्वर्ण पदक दिल्ली 1982 में आए थे।



एशियाई खेलों की घुड़सवारी प्रतियोगिता में एड्रेनेलिन फिरफोड पर सवार दिव्यकीर्ति सिंह, हृदय विपुल छेड (चेमक्सप्रो एमरेल्ड) और अनुश अग्रवाला (एट्रो) ने कुल 209.205 प्रतिशत अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। सुदीप्ति हजेला भी टीम का हिस्सा थी लेकिन सिर्फ शीर्ष तीन खिलाड़ियों के स्कोर गिने जाते हैं। चीन की टीम 204.882 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही जबकि हांगकांग ने 204.852 प्रतिशत अंक के साथ कांस्य पदक हासिल किया।

खेल के इतिहास में यह पहला मौका है जब भारत ने ड्रेसेज स्पर्धा में टीम स्वर्ण पदक जीता। भारत ने कांस्य पदक के रूप में ड्रेसेज में पिछला पदक 1986 में जीता था। भारत ने घुड़सवारी में पिछला स्वार्ण पदक नई दिल्ली में 1982 में हुए एशियाई खेलों में जीता था।

### प्रधानमंत्री मोदी ने एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने पर घुड़सवारी टीम को दी बधाई



प्रधानमंत्री ने चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में मंगलवार को देश के लिए तीसरा स्वर्ण पदक जीतने पर भारतीय घुड़सवारी टीम को बधाई दी है। मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, यह अत्यंत गर्व की बात है कि कई दशकों के बाद, हमारी घुड़सवारी ड्रेसेज टीम ने एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता है! हृदय छेदा, अनुष अग्रवाल, सुदीप्ति हजेला और दिव्यकृत सिंह ने टीम के रूप में अद्वितीय कौशल का प्रदर्शन किया है और अंतरराष्ट्रीय मंच पर हमारे देश को सम्मान दिलाया है। मैं इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए टीम को हार्दिक बधाई देता हूं।

### खेलमंत्री अनुराग ठाकुर ने दी बधाई



खेलमंत्री अनुराग ठाकुर ने घुड़सवारी के टीम इवेंट में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम को बधाई दी है।

## गागर में सागर

### तलवारबाजी में क्वार्टर फाइनल की हार के साथ भवानी देवी का सफर खत्म



**हांगझोऊ।** भारतीय तलवारबाज सीए भवानी देवी का एशियाई खेलों में अजेय क्रम मंगलवार को महिलाओं की व्यक्तिगत साबरे स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में चीन के खिलाफ हार के साथ समाप्त हो गया। भारतीय तलवारबाज मौजूदा एशियाई रजत पदक विजेता दुनिया की 11वें नंबर के खिलाड़ी शाओ याकी से 7-15 से हार गईं। भवानी देवी ने छह मैचों की जीत के दम पर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था। भवानी देवी ने अपने अभियान की शुरूआत सिंगापुर की जूलियट जी मिन हेंग के खिलाफ 5-2 से जीत हासिल करके की। इसके बाद उन्होंने सऊदी अरब की अलहस्ना अलहम्मद के खिलाफ 5-1 के स्कोर से जीत हासिल की। फिर, भारत की एशियाई चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता भवानी देवी ने कजाकिस्तान की करीना दोस्पायोफ के खिलाफ 5-3 से जीत हासिल की। अपने पिछले दो पूल मैचों में उन्होंने उज्बेकिस्तान की जैनब डेइबेकोवा और बांग्लादेश की रोकसाना खातून को 5-1 के स्कोर से आसानी से हराया। क्वार्टर फाइनल में स्थानीय खिलाड़ी से हारने से पहले 30 वर्षीय भारतीय ने 16वें राउंड में फोकेव टोनखाव को 15-9 से हराया।

### विश्व जूनियर मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप में भारत की विजयी शुरूआत

**स्पोकेन (यूएसए)।** भारतीय शटलरों ने मिश्रित टीम स्पर्धा में कुक आइलैंड्स के खिलाफ ग्रुप डी में 5-0 की शानदार जीत के साथ बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप में देश के विजयी अभियान की शुरूआत की। सात्विक रेड्डी कनापुरम और वैष्णवी खडकेकर की मिश्रित युगल जोड़ी ने सोमवार को भारत को विजयी शुरूआत दिलाई जब उन्होंने कैयिन मताइओ और तेरेपी अकावी को 21-6, 21-8 से हराया। उनके असाधारण समन्वय और रणनीतिक खेल ने पूरे मैच में विरोधियों को कोई मौका नहीं दिया। आयुष शेट्टी और तारा शाह ने अपने-अपने एकल मैचों में प्रभावी प्रदर्शन के साथ भारत की बढ़त को आगे बढ़ाया। लड़कों के एकल मैच में, आयुष ने अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए डैनियल अकावी पर 21-6, 21-3 से प्रभावशाली जीत दर्ज की, जबकि तारा ने केवल 14 मिनट में ते पा ओ ते रंगी तुपा को 21-3, 21- 6 से हरा दिया। बाद में, लड़कों के युगल मैच में निकोलस और तुषार की जोड़ी ने इमानुएला माटाइओ और कैयिन माटाइओ को 21-9, 21-5 के स्कोर से आसानी से हरा दिया। दूसरी ओर, लड़कियों की युगल जोड़ी राधिका शर्मा और तन्वी शर्मा ने उत्कृष्ट टीम वर्क का प्रदर्शन करते हुए टेरेपी अकावी और वैटिया क्रोकोम्बे-अमा को 21-4, 21-7 से हराया। भारतीय टीम को डोमिनिकन गणराज्य के खिलाफ वॉकओवर मिल गया है और बुधवार को अपने अंतिम ग्रुप डी मैच में जर्मनी से होगा। बीएआई ने प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए 16 सदस्यीय टीम भेजी है जो 8 अक्टूबर को समाप्त होगा।

### वीजा नहीं मिलने से निराश वुशू खिलाड़ी अरुणाचल प्रदेश लौटे




**नई दिल्ली।** अरुणाचल प्रदेश के तीन वुशू खिलाड़ी, जो चीनी अधिकारियों द्वारा वीजा देने से इनकार किए जाने के बाद 19वें एशियाई खेलों के लिए हांगझोऊ, चीन की यात्रा नहीं कर पाए थे। मंगलवार को अपने गृह राज्य लौट आए। अरुणाचल प्रदेश की तीन महिला वुशू खिलाड़ी, न्येमान वांगसु, ओनिलु तेगा और मेपुंग लाम्गु बुधवार रात आईजीआई हवाई अड्डे से चीन के लिए उड़ान भरने वाली थी, लेकिन उड़ान नहीं भर सके क्योंकि उनमें से दो को हांगझोऊ एशियाई खेल आयोजन समिति (एचएजीओसी) द्वारा मान्यता से इनकार करने के बाद चीनी अधिकारियों द्वारा स्टेपल वीजा दिया गया था। भारत सरकार ने स्टेपल्ड वीजा लेने से इनकार कर दिया है और दोनों खिलाड़ी फ्लाइट नहीं ले सके। एक खिलाड़ी, जिसे मान्यता दी गई थी उन्हें हवाई अड्डे पर बताया गया कि उनका वीजा केवल हांगकांग के लिए था और इसलिए वह भी एशियन खेलो में भाग नहीं ले पाईं। केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, ओलंपिक चार्टर के अनुसार वीजा दिया जाना चाहिए था। यह एशियाई ओलंपिक समिति की भी जिम्मेदारी थी और यहां तक कि चीन को भारतीय एथलीटों को वीजा देना चाहिए थआ बेशक वो देश के किसी भी राज्य से हों। हमने भेदभाव स्वीकार नहीं किया और इसलिए मैं फिर से कहना चाहता हूं, अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और अभिन्न अंग रहेगा... भारत झुकेगा नहीं।

## हरमनप्रीत-मंदीप का शानदार प्रदर्शन

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने सिंगापुर को 16-1 से हराया

**एजेंसी। हांगझोऊ**

भारतीय पुरुष टीम ने मंगलवार को पुरुष हॉकी प्रतियोगिता में सिंगापुर को 16-1 से हराकर लगातार दूसरी जीत हासिल की। स्टार ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह ने जीएसपी हॉकी स्टेडियम में पूल ए मुकाबले के 24वें मिनट में एक गोल के साथ अपना खाता खोला और फिर 39वें, 40वें और 42वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर अपनी हैट्रिक पूरी की। इस मैच में भारतीय पुरुष हॉकी टीम के फॉरवर्ड अभिषेक, जिन्हें शुरूआती प्लेइंग-11 में नामित किया गया था। उन्होंने भी अपने 50 अंतर्राष्ट्रीय कैप पूरे किए। मंदीप सिंह (12', 30', 51') ने भी हैट्रिक बनाई, जबकि अभिषेक (51', 52') और वरुण कुमार (55', 55') ने दो-दो गोल किए। वहीं, ललित कुमार उपाध्याय (16'), गुरजंत सिंह (22'), विवेक सागर प्रसाद (23'), मनप्रीत सिंह (37') और शमशेर सिंह (38') ने एक-एक गोल किया। जबकि सिंगापुर के लिए एकमात्र गोल जकी जुल्कारनैन (53') ने किया। एशियन गेम्स में भारतीय हॉकी टीम का शानदार



प्रदर्शन जारी है। रविवार को अपने पहले मैच में उज्बेकिस्तान के खिलाफ 16-0 से शानदार जीत दर्ज करने के बाद अब सिंगापुर के खिलाफ भी भारत ने बड़ी जीत हासिल की। अब भारत गुरुवार को मौजूदा एशियाई खेलों के चैंपियन जापान से भिड़ेगा। विश्व में तीसरे स्थान पर काबिज भारतीय हॉकी टीम ने अपने शुरूआती मैचों में शानदार प्रदर्शन किया है। अब, यह देखना बेहद दिलचस्प होने वाला है कि क्या भारत जापान के सामने भी अपना दबदबा कायम रखने में सफल होगा या नहीं।

### 41 साल बाद स्वर्ण जीतने के इरादे से उतरेगी भारतीय महिला हॉकी टीम

41 साल से एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक के इंतजार को खत्म करने के इरादे से उतरी शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय महिला टीम बुधवार को सिंगापुर के खिलाफ अपने पहले मैच में शानदार जीत के साथ आगाज करना चाहेगी। विश्व रैंकिंग में 7वें स्थान पर काबिज भारत एशियाई खेलों में सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम है। गत चैम्पियन जापान की रैंकिंग दसवीं है। भारत ने एशियाई खेलों में 1982 में महिला हॉकी शामिल किये जाने पर पहला स्वर्ण जीता था लेकिन उसके बाद से पीला तमगा नहीं जीत सकी है। सविता पूनिया की कप्तानी वाली टीम की नजरें यहां स्वर्ण जीतकर पेरिस ओलंपिक के लिये सीधे क्वालीफाई करने पर लगी है। फॉर्म और रैंकिंग के आधार पर भारत खिताब का प्रबल दावेदार है लेकिन जापान, 11वीं रैंकिंग वाली चीन और 12वीं रैंकिंग वाली कोरिया से उसे कड़ी चुनौती मिल सकती है।

### मार्टिनेज ने ग्रुप लीडर रेसिंग क्लब के लिए अंक अर्जित किया



**ब्यूनस आयर्स।** कोलंबियाई फारवर्ड रोजर मार्टिनेज के गोल की मदद से ग्रुप बी में रेसिंग क्लब ने अर्जेंटीना के प्राइमेरा डिवीजन में गोडॉय क्रूज के खिलाफ 1-1 से ड्रा खेला। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार तादेओ अलेंदे ने लुकास आर्से के साथ मिलकर सधी हुई समाप्ति के साथ दूसरे हाफ की शुरूआत में गोडॉय क्रूज को बढ़त दिला दी, लेकिन मेजबान टीम को 75वें मिनट में करारा झटका लगा जब थॉमस गैलडेम्स को जुआन नारदोनी को गलत तरीके से चुनौती देने के लिए लाल कार्ड दिखाया गया। फिर, मार्टिनेज ने स्टॉपेज टाइम के पहले मिनट में गेब्रियल रोजस के पास की मदद से टीम को बराबरी पर ला दिया। इसका मतलब है कि रेसिंग ने दूसरे स्थान पर मौजूद बेलग्रानो पर दो अंकों की बढ़त बनाए रखी है, जबकि गोडॉय क्रूज 14-टीम समूह में छठे स्थान पर हैं।

### भारतीय टीम की नजरें गोल्फ के सभी 4 वर्गों में पदक जीतने पर



**एजेंसी। हांगझोऊ**

सात सदस्यीय भारतीय गोल्फ टीम 19वें एशियाई खेलों में गुरुवार से शुरू होने वाले अपने मुकाबलों में शानदार हालिया फॉर्म को जारी रखने की उम्मीद कर रही होगी। चार सदस्यीय पुरुष टीम में अनिर्बान लाहिड़ी, शुभंकर शर्मा, खलिन जोशी और एसएसपी चौरसिया होंगे, जबकि महिला टीम में अदिति अशोक, प्रणवी उर्स, अवनी प्रशांत शामिल हैं।

जहां लाहिड़ी और शर्मा को पुरुष वर्ग में स्वचालित बर्थ दी गई, वहीं अदिति को महिलाओं में समान सम्मान दिया गया। पुरुषों में जोशी और चौरसिया और महिलाओं में प्रणवी और अवनी भारतीय गोल्फ संघ द्वारा सभी एमेच्योर और पेशेवर खिलाड़ियों के लिए आयोजित क्वालीफायर के माध्यम से आए। लाहिड़ी, सात के इस समूह में एशियाई खेलों में पदक जीतने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं, उन्होंने 2006 में ऐसा किया था, जब वह शौकिया थे। उन्होंने याद किया, वह एक अद्भुत एहसास था। लाहिड़ी ने एलआईवी टूर और एशियन टूर पर अंतर्राष्ट्रीय सीरीज में शीर्ष 3 प्रदर्शनों की एक श्रृंखला बनाई है, जबकि शुभंकर शर्मा ने 2023 (ब्रिटिश) ओपन में शीर्ष -10 में जगह बनाई, जो कि इस आयोजन में अब तक का सर्वश्रेष्ठ भारतीय प्रदर्शन है। उन्होंने कहा, मेरे लिए यह बहुत रोमांचक है; जाहिर तौर पर एशियाई खेलों में फिर से खेलने का अवसर मिलना। देश का प्रतिनिधित्व करना एक बड़ा सम्मान है।

**भारतीय टीम**

**पुरुष :** खलिन जोशी, शुभंकर शर्मा, एसएसपी चौरसिया, अनिर्बान लाहिड़ी

**महिला :** अदिति अशोक, प्रणवी उर्स, अवनि प्रशांत

### उत्तर प्रदेश में 2024 में फिर लौटेगा 'मोटो जीपी भारत'



**एजेंसी। लखनऊ**

22 से 24 सितंबर के बीच ग्रेटर नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में आयोजित मोटो जीपी भारत के सफल आयोजन के बाद अब योगी सरकार 2024 में इसके आयोजन की तैयारी में जुट गई है। मोटो जीपी की प्रमोटर कंपनी डोरना स्पोर्ट्स ने इसकी पुष्टि की है। डोरना स्पोर्ट्स के सीईओ कॉमेलो एजपेलेटा, सीएफओ एनरिक अल्दामा, सीएसओ कार्लोस एजपेलेटा और प्रतिनिधि मार्कोस ने बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में सीएम योगी के साथ टीम बिल्डिंग 18 में बैठक में भाग लिया और इस दौरान मोटो जीपी भारत के बेहतरीन आयोजन को लेकर धन्यवाद देने के साथ ही अगले वर्ष फिर लौटकर आने का वादा किया। डोरना स्पोर्ट्स के सीईओ कामेलो ने सीएम योगी के साथ मुलाकात में मोटो जीपी रेस के आयोजन के लिए सभी तरह की प्रशासनिक सहायता प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे राइडर्स ने बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट के ट्रैक और इसकी तकनीकी बारीकियों पर बहुत सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। कार्मेलो ने यह भी कहा कि मोटो जीपी 2024 में एक बार फिर बीआईसी, भारत में आने को बेताब है और हम इसको लेकर उत्साहित हैं। इस दौरान कंपनी के प्रतिनिधियों ने उत्तर प्रदेश में मोटो जीपी भारत के आर्थिक प्रभाव पर भी चर्चा की। कार्मेलो ने सीएम योगी को टोकन ऑफ एप्रिसिएशन के रूप में एक हेलमेट भेंट किया, जिस पर सभी 22 राइडर्स द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे, जिस पर बाद में कामेलो और सीएम योगी दोनों ने साइन किया।

### भारत की नजरें पहली बार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 'क्लीन स्वीप' करने पर

**एजेंसी। राजकोट**

कप्तान रोहित शर्मा की नजरें यहां बुधवार को होने वाले तीसरे और आखिरी एक दिवसीय क्रिकेट मैच में जीत के साथ आस्ट्रेलिया का सूपड़ा साफ करके विश्व कप की तैयारियों को अंतिम रूप देने पर लगी होंगी। भारत ने वनडे प्रारूप में कभी आस्ट्रेलिया का सफाया नहीं किया है। दोनों में से कोई भी टीम अपनी धरती पर या दूसरे की मेजबानी में यह श्रेय हासिल नहीं कर सकी है। शानदार फॉर्म में चल रही भारतीय टीम ने कई प्रमुख खिलाड़ियों के बिना भी पिछले दोनों मैच जीते। टीम संयोजन में बदलाव करके यह सुनिश्चित किया गया कि सभी को मौका मिले। विश्व कप से पहले अब टीम लगातार चौथी वनडे जीत की दहलीज पर है। यह शृंखला 3 . 0 से जीतने पर उसे पांच बार की विश्व चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया पर मनोवैज्ञानिक बढत मिल जायेगी। दोनों टीमें विश्व कप में अपने अभियान का आगाज आठ अक्टूबर को चेन्नई में एक दूसरे के खिलाफ ही करेंगी । दोनों टीमों ने पहले दो मैचों में टीम में काफी बदलाव किया लेकिन भारत का पलड़ा भारी रहा। आखिरी वनडे में भारत ने शुभमन गिल को आराम दिया है जिसने पहले दो मैचों में 74 और 104 रन बनाये। गिल ने इस साल वनडे प्रारूप में 72 . 35 की औसत से 1230 रन बनाये हैं। कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली की वापसी अपेक्षित है जबकि फॉर्म में चल रहे कुलदीप यादव और हार्दिक पांड्या भी पहले दो मैचों में विश्राम के बाद लौटेंगे । कुछ सप्ताह पहले टीम जब एशिया कप खेलने गई थी तब किसी ने सोचा भी नहीं था कि उसके सामने इस तरह से चयन की दुविधा होगी।




**दोनों टीमें इस प्रकार हैं**

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल , श्रेयस अय्यर, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, रविंद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी, हार्दिक पंड्या, विराट कोहली, कुलदीप यादव, रविचंद्रन अश्विन, वाशिंगटन सुंदर।

**ऑस्ट्रेलिया :** पैट कमिंस (कप्तान), स्टीव स्मिथ, डेविड वॉर्नर, मार्नस लाबुशेन, एलेक्स कारी, जोश इंगलिस, मैथ्यू शॉर्ट, सीन एबोट, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, स्पेंसर जॉनसन, मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, तनवीर संघा, मिचेल स्टार्क, एडम जाम्पा।

### नौकायन में भारत ने एक रजत सहित जीते तीन पदक



**हांगझू।** एशियाई खेलों में मंगलवार को नौकायन में भारत ने तीन पदक जीते, जिसमें एक रजत और दो कांस्य पदक शामिल हैं। आज सबसे पहले नौकायन में भारत को पहला पदक 17 वर्षीय नेहा ठाकुर ने दिलाया। नेहा ने 19वें एशियाई खेलों में नौकायन में लड़कियों की डिंगी-आईएलसीए 4 श्रेणी में रजत पदक जीता। इसके बाद विष्णु सरवनन ने पुरुषों की डिंगीःआईएलसीएव7 स्पर्धा में 34 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। नौकायन में भारत को तीसरा पदक इबाद अली ने दिलाया। इबाद ने पुरुषों की विंडसर्फर आरएसःएक्स स्पर्धा में 52 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। थाईलैंड के नत्थाफोंग फोनोपराट ने 29 के स्कोर साथ रजत और दक्षिण कोरिया के चो वोनवू ने 13 के स्कोर साथ स्वर्ण पदक जीता।

## आईसीसी विश्व कप 2023 | भारत के पहले दौरे से पूर्व बोले बाबर आजम

# मैं भारत में खेलने को लेकर उत्सुक हूं

**एजेंसी। लाहौर**

पाकिस्तान क्रिकेट टीम के अधिकतर सदस्य इससे पहले भारत में नहीं खेले हैं लेकिन कप्तान बाबर आजम ने मंगलवार को भरोसा जताते हुए कहा कि उनकी टीम ने पांच अक्टूबर से शुरू हो रहे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्व कप के लिए अच्छी तैयारी की है। पाकिस्तान टीम के वीजा को सोमवार रात स्वीकृति मिल गई और टीम बुधवार को दुबई होते हुए हैदराबाद पहुंचेगी। इससे पहले सिर्फ मोहम्मद नवाज और आगा सलमान ही भारत में खेले हैं। बाबर चोट के कारण 2016 में टी20 विश्व कप के लिए भारत नहीं आ पाए थे। बाबर आजम ने रवानगी से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, हालांकि हम इससे पहले भारत में



नहीं खेले हैं, हम अधिक दबाव नहीं ले रहे। हमने अपनी तैयारी की है और हमने सुना है कि परिस्थितियां अन्य एशियाई देशों जैसी ही होंगी। उन्होंने कहा, इस बार कप्तान के रूप में यात्रा करना मेरे लिए काफी सम्मान की बात है, उम्मीद करता हूं कि इस बार हम ट्रॉफी के साथ वापस आएंगे। खेल के शीर्ष बल्लेबाजों में शामिल आजम से आईसीसी की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में काफी रन बनाने की उम्मीद है।

पाकिस्तानी कप्तान भी 14 अक्टूबर को अहमदाबाद में भारत के खिलाफ होने वाले बड़े मुकाबले को लेकर उत्सुक है। आजम ने कहा, मैं अहमदाबाद में खेलने को लेकर रोमांचित हूं क्योंकि स्टेडियम खचाखच भरा होगा। मैं अपनी क्षमता के मुताबिक प्रदर्शन करने का सर्वश्रेष्ठ प्रयास करूंगा। मैं अपनी व्यक्तिगत उपलब्धियों को लेकर चिंतित नहीं हूं, मैं सुनिश्चित करना चाहता हूं कि मैं जो भी करूं उससे टीम को नतीजों में मदद मिले। उन्होंने कहा, जब भी कोई दौरा होने वाला होता है तो मैं उसकी योजना बनाने में कुछ समय लगाता हूं। मैं विरोधी टीम को देखते हुए तैयारी करता हूं। मैं अपने लिए लक्ष्य तय करने का प्रयास करता हूं और मैदान पर अपना शत प्रतिशत देता हूं।

पाकिस्तान को एशिया कप जीतने का प्रबल दावेदार माना जा रहा था लेकिन टीम इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट से खाली हाथ लौटी जिसे भारत ने जीता। टीम के स्टार तेज गेंदबाज नसीम शाह भी इस टूर्नामेंट में चोटिल होकर विश्व कप से बाहर हो गए हैं जबकि टीम के गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों विभाग में समस्याएं हैं। आजम ने खराब फॉर्म से जूझ रहे खिलाड़ियों का समर्थन करने की जरूरत पर जोर दिया जिसमें फखर जमां और शादाब खान जैसे खिलाड़ी शामिल हैं जो एशिया कप में प्रभावी प्रदर्शन करने में नाकाम रहे।



## गागर में सागर

### वी ऐप पर अनूठा ऑफर रिचार्ज एंड फ्लाय की घोषणा

**रांची।** त्योहारों के सीजन में खुशियों को और अधिक बढ़ाते हुए जाने-माने दूर संचार सेवा प्रदाता वी ने आज ईज माय ट्रिप के सहयोग से अपने प्रीपेड उपभोक्ताओं के लिए स्पेशल सेलेब्रेटरी ऑफर रिचार्ज एण्ड फ्लाय की घोषणा की है। इस प्रस्ताव के तहत 26 से 30 सितम्बर 2023 के बीच वी ऐप के जरिए रिचार्ज करने वाले वी के उपभोक्ताओं को हर घंटे रु 5000 तक कीमत की एक मुफ्त डोमेस्टिक फ्लाइट टिकट जीतने का मौका मिलेगा, वैकल्पिक रूप से यूजर ज्यादा कीमत की फ्लाइट टिकट बुक कर रु 5000 का डिस्काउन्ट पा सकते हैं। साथ ही 5 दिनों की ऑफर की अवधि के दौरान उपभोक्ता इंटरनेट का अधिक लाभ उठा सकेंगे क्योंकि वी लेकर आए हैं वी ऐप के जरिए चुनिंदा रिचार्ज करने पर बिना किसी अतिरिक्त लागत के 50 जीबी तक डेटा के फायदे। इसके अलावा के वी के यूजर अन्य रिवॉर्ड्स के साथ-साथ फ्लाईट टिकट पर ईज माय ट्रिप द्वारा रु 400 तक के स्पेशल डिस्काउन्ट कूपन भी जीत सकते हैं। वी ऐप के जरिए जितने ज्यादा रिचार्ज किए जाएंगे, उतना ही फ्लाईट टिकट और अतिरिक्त डेटा जीतने की संभावना बढ़ती चली जाएगी। उपरोक्त ऑफर एक्सक्लुजिव रूप से वी ऐप पर उपलब्ध हैं।

### सोना हुआ सस्ता, चांदी की चमक भी पड़ी फीकी

**मुंबई।** सोना चांदी खरीदने वालों के लिए खुशखबरी है. आज वायदा बाजार में सोना और चांदी दोनों लाल निशान पर कारोबार कर रहे हैं. सबसे पहले सोने की बात करें तो आज मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज सोना आज शुरूआती दौर में 31 रुपये प्रति ग्राम की गिरावट के साथ खुला है. इसके बाद 12 बजे तक गोल्ड में और गिरावट दर्ज की गई है और यह कल के मुकाबले 67 रुपये यानी 0.11 फीसदी गिरावट के साथ 58,634 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा है. सोमवार को सोना 58,701 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था. चांदी की कीमत में भी आज कमी देखी जा रही है. मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज यानी वायदा बाजार में चांदी गिरावट के साथ कारोबार कर रही है. शुरूआती दौर में चांदी 0.55 फीसदी यानी 400 रुपये की कमी के साथ 71,750 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रही थी. इसके बाद दिन में 12 बजे तक चांदी की कीमत में कुछ उछाल दर्ज किया गया है और यह कल के मुकाबले 353 रुपये यानी 0.49 फीसदी की तेजी के साथ 71,797 रुपये पर कारोबार कर रही है. कल वायदा बाजार में चांदी 72,150 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई है.

### पीएम मुद्रा योजना एमएसएमई के लिए वित्तीय समावेशन की ओर एक कदमः तापस साहू




**रांची।** सीआईआई झारखंड राज्य परिषद के पूर्व अध्यक्ष सह हाईको इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड के एमडी तापस साहू ने कहा कि एनबीएफसी, फिनटेक कंपनियों, डिजिटल बैंकिंग और मोबाइल वित्तीय सेवाओं की वृद्धि ने एमएसएमई के लिए वित्तपोषण तक पहुंचने के नए अवसर पैदा किए हैं। भारत सरकार ने छोटे व्यवसायों और क्रेडिट गारंटी योजनाओं को ऋण प्रदान करने के लिए प्रधान मंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) जैसी विभिन्न योजनाएं शुरू करके एमएसएमई के लिए वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए भी कदम उठाए हैं। हाल ही में, वित्त मंत्री ने एमएसएमई के लिए रुपये की एक संशोधित क्रेडिट गारंटी योजना की घोषणा की। साहू सीआइआइ की ओर से फाइनेंसिंग फॉर एमएसएमई विषय पर आयोजित सेमिनार में बोल रहे थे। सीआईआई झारखंड के सह-संयोजक प्रणव झा ने कहा कि दुनिया तकनीकी नवाचार की विशेषता वाले एक नए युग की शुरूआत पर खड़ी है। भारत अपनी डिजिटल क्रांति के दौर में है। सीआईआई झारखंड एमएसएमई पैनल के संयोजक राजीव बंसल ने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है।

### ग्वाटेमाला में बारिश से 32 की मौत

**ग्वाटेमाला सिटी।** ग्वाटेमाला में चल रहे मानसून के दौरान भारी बारिश ने 32 लोगों की जान ले ली है और 16 अन्य लापता हो गए हैं। देश के आपदा राष्ट्रीय समन्वयक (कॉनरेड) ने ये जानकारी दी है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने कॉनरेड के हवाले से कहा कि 30 स्कूलों, 242 सड़कों और 31 पुलों को नुकसान पहुंचा है और लगभग 472 घरों के नष्ट होने का खतरा है। इस बीच, भारी बारिश के कारण 5,689 लोग बेघर हो गए, 10,303 लोगों को निकाला गया और 587 लोगों को आश्रय दिया गया। एजेंसी ने एक्स पर पोस्ट किया, ₹पिछले 24 घंटों में, कॉनरेड सिस्टम ने देश भर में बारिश से जुड़ी छह घटनाएं दर्ज की हैं। सोमवार तड़के, ग्वाटेमाला सिटी में नारंजो नदी में बाढ़ आ गई, जिससे कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और 15 लापता हो गए।

# भारतीय कंपनियां व्यापारिक दौरों के लिए अमेरिकी वीजा में तेजी के पक्ष में




**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय उद्योग जगत के दिग्गज चाहते हैं कि अमेरिका उन व्यापारियों को वीजा जारी करने में तेजी लाए जो व्यापार और निवेश के अवसर तलाशने के लिए वहां जाना चाहते हैं। इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित भसीन ने दिल्ली में मंगलवार को दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए आयोजित एक प्रमुख कार्यक्रम में यह बात कही। कार्यक्रम में भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गासेर्टी मुख्य अतिथि थे। भसीन ने कहा कि जो भारतीय व्यवसायी व्यापार और निवेश के अवसरों के लिए अमेरिका जाना चाहते हैं, उन्हें वीजा मिलने में भारी देरी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने गासेर्टी से इस मामले में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने में मदद करने का अनुरोध किया। गासेर्टी ने 20वें भारत-अमेरिका आर्थिक शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत-अमेरिका आर्थिक संबंध मजबूत हुए हैं और दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश का दोतरफा प्रवाह हो रहा है, जिससे दोनों देशों में अधिक रोजगार और आय सृजन हो रहा है। अमेरिका में निवेश करने वाली भारतीय कंपनियों के महत्व को रेखांकित करते हुए, गासेर्टी ने बताया कि हाल ही में विदेशी निवेश को बढ़ावा देने के लिए अमेरिका में आयोजित एक सम्मेलन में भारतीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल सबसे बड़ा था, जिसमें 210 निजी कंपनियां शामिल थीं। अमेरिकी राजदूत ने कहा कि भारत और अमेरिका को गतिरोध रहित संबंध बनाने का लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए, जिससे न केवल दोनों देशों की, बल्कि पूरे विश्व की समृद्धि बढ़ेगी।

# बासमती चावल के निर्यात पर कटौती करेगा भारत

## कई देशों ने बढ़ते भाव को लेकर रोक लगाई

**एजेंसी। नई दिल्ली।**



सरकार बासमती चावल के न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) को कम करने पर विचार कर सकती है। रिपोर्टों के अनुसार, पाकिस्तान द्वारा कीमतों में कटौती के बाद उसका मुकाबला करने के लिए केंद्र बासमती चावल पर एमईपी को मौजूदा 1,200 डॉलर प्रति टन से लगभग 300 डॉलर प्रति टन कम कर सकता है। ऐसी खबरें हैं कि पाकिस्तान ने इसके लिए 1,050 डॉलर प्रति टन की कीमत तय की है। समझा जाता है कि केंद्रीय वाणिज्य और खाद्य मंत्री पीयूष गोयल ने बासमती निर्यातकों के साथ एक वर्चुअल बैठक की, जहां स्पष्ट रूप से यह निर्णय लिया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारतीय बासमती चावल की वैश्विक प्रतिस्पर्धा बनाए रखने के लिए यह फैसला लिया गया है। सरकार इस सप्ताह इसकी घोषणा कर सकती है। चावल की कुछ किस्में निर्यात के लिए ही उगाई जाती हैं और उनका घरेलू बाजार पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। पिछले महीने सरकार ने नियमित बासमती चावल की आड़ में गैर-बासमती चावल की धोखाधड़ी वाली खेप को रोकने के लिए बासमती चावल का न्यूनतम निर्यात मूल्य 1,200 डॉलर प्रति टन तय करते हुये इससे कम कीमत के बासमती चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था।

### ग्लोबल बॉन्ड इनक्लूजन में भारत का दबदबा

**रांची।** क्रमिक नीतिगत सुधारों की एक शृंखला ने 2023 में भारत को बाजार वित्त की दुनिया में अपने वैश्विक दबदबे का विस्तार करने और वैश्विक वित्तीय प्रणाली में एकीकृत होने में सक्षम बनाया है। जेपी मॉर्गन द्वारा चुनिंदा भारतीय सरकारी प्रतिभूतियों को अपने उभरते बाजार सूचकांकों में शामिल करने की आज की गई घोषणा भारतीय बांड बाजारों के लिए एक 'भौतिक' घटना है। ऐतिहासिक रूप से, भारतीय बाजारों में विदेशी निवेशकों की भागीदारी धीमी और वस्तुतः नगण्य रही है। सुझाए गए समावेशन से अगले 18 महीनों में 25 - 30 बिलियन अमेरिकी डॉलर (प्त 2.5 लाख करोड़ रुपये) प्राप्त हो सकते हैं। भारतीय रुपया बांड के वैश्विक समावेशन के लिए, भारत सरकार ने 2020 में निर्दिष्ट सरकारी प्रतिभूतियों की एक सूची की रूपरेखा तैयार करते हुए एफएआर (पूरी तरह से सुलभ मार्ग) कार्यक्रम पेश किया। इसके अलावा, सरकार ने विदेशी पोर्टफोलियो निवेश में सहायता के लिए महत्वपूर्ण बाजार सुधार किए हैं। सूचकांक

## बैंकिंग-आईटी स्टॉक्स में गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार 26 सितंबर 2023 के कारोबारी सत्र में गिरावट के साथ बंद हुआ है. बैंकिंग आईटी और मिडकैप स्टॉक्स में मुनाफावसूली के चलते बाजार में ये गिरावट आई है. आज का कारोबार खत्म होने पर बीएसई सेंसेक्स 78 अंकों के उछाल के साथ 65,945 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 9.85 अंकों की मामूली गिरावट के साथ 19,664 पर बंद हुआ है. आज के ट्रेंड में सबसे बड़ी तेजी एफएमसीजी स्टॉक्स में देखने को मिली है. इसके अलावा ऑटो, मेटल्स, एनर्जी, इंफ्रा, कमोडिटी और ऑयल एंड गैस सेक्टर के स्टॉक्स में तेजी देखने को मिले हैं. वहीं बैंकिंग, आईटी, पीएसयू बैंक, फार्मा , मीडिया और प्राइवेट बैंक के जुड़े इंडेक्स और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर के स्टॉक्स में गिरावट देखने को मिली है. मिड कैप इंडेक्स में आज गिरावट देखने को मिली है जबकि स्मॉल कैप स्टॉक्स में शानदार उछाल देखने को मिला है. सेंसेक्स के 30 शेयरों में 15 शेयर तेजी के साथ और 15 गिरावट के साथ बंद हुआ है. जबकि निफ्टी के 50 शेयरों में 25 शेयर तेजी के साथ 25 गिरकर बंद हुए. आज के ट्रेड में बाजार में गिरावट के चलते निवेशकों की संपत्ति में उछाल देखने को मिला है. बीएसई पर लिस्टेड

## विदेश की खबरें

### प्रतिबंधों के बावजूद ईरान 'शांतिपूर्ण' परमाणु गतिविधियां जारी रखेगा



**एजेंसी। तेहरान**

ईरान के परमाणु प्रमुख मोहम्मद एस्लामी ने कहा है कि एकतरफा क्रूर प्रतिबंधों के बावजूद, देश ईरानी लोगों की भलाई को बढ़ावा देने के लिए परमाणु विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में ₹शांतिपूर्ण₹ गतिविधियां जारी रखेगा। ईरानियन स्टूडेंट्स न्यूज एजेंसी के अनुसार, ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन (एईओआई) के अध्यक्ष एस्लामी ने सोमवार को ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना में अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के 67वें आम सम्मेलन को संबोधित करते हुये यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि ईरान योजना के अनुसार परमाणु अनुसंधान रिएक्टरों, त्वरक और विकिरण प्रणालियों के शांतिपूर्ण डिजाइन और विकास जारी रखेगा, और 2040 तक अपनी परमाणु बिजली उत्पादन को प्रति वर्ष 20 हजार मेगावाट तक बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कहा कि ईरान आईएईए और परमाणु अप्रसार संधि के साथ हुए सुरक्षा उपायों के समझौते के तहत अपने दायित्वों के प्रति प्रतिबद्ध है। उसने एजेंसी के लिए देश के परमाणु कार्यक्रम का सत्यापन आसन बनाने में सक्षम बनाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया है। उन्होंने आगे कहा, तेहरान को गंभीरता से उम्मीद है कि आईएईए ईरान की गतिविधियों पर अपनी सत्यापन रिपोर्ट में तटस्थता और व्यावसायिकता बनाए रखेगा, इस संबंध में यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाएगा और दोनों पक्षों के बीच कई मतभेदों से संबंधित मामले को जल्द से जल्द बंद कर देगा।

### अमेरिकी सेना ने सीरिया में पकड़ा इस्लामिक स्टेट का अधिकारी

**वाशिंगटन।** यूएस सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने घोषणा की कि उनके सुरक्षा बलों ने 23 सितंबर को उत्तरी सीरिया में एक हेलीकॉप्टर हमले के दौरान आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट (आईएस) के एक अधिकारी को पकड़ लिया। सोमवार को एक बयान में, सेंटकॉम ने कहा, ₹छापे के दौरान आईएस सीरिया ऑपरेशनल और फैसिलिटेशन अधिकारी अबू हलील अल-फदानी को पकड़ लिया गया। अल-फदानी का क्षेत्र में आईएस नेटवर्क में संबंध होना पाया गया।₹ बयान में सेंटकॉम के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल ट्रॉय गारलॉक के हवाले से कहा गया, ₹अल-फदानी जैसे आईएस अधिकारियों के पकड़े जाने से आतंकवादियों का पता लगाने, उन्हें निशाना बनाने और युद्ध के मैदान से हटाने की हमारी क्षमता बढ़ गई है।₹ उन्होंने कहा, ₹यूएस सेंटकॉम आईएस की स्थायी हार के लिए प्रतिबद्ध है।₹ बयान में कहा गया है कि इस ऑपरेशन के दौरान कोई नागरिक नहीं मारा गया और न ही घायल हुआ। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले महीने, सेंटकॉम बलों और गठबंधन सहयोगियों ने सीरिया में आठ ऑपरेशन किए, जिसमें 7 आईएस आंतकी को हिरासत में लिया गया।

## पेज एक के शेष

### झारखंड को...

कहा कि इस इको रिट्रीट फेस्टिवल कार्यक्रम में स्थानीय लोगों को अधिक से अधिक जोड़ने का प्रयास करें। नेतरहाट पर्यटन स्थल आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बने हुए निजी घरों को सुसज्जित करने का भी कार्य करें। स्थानीय लोगों को जो उसे क्षेत्र में निवास करते हैं, उनके मकानों को सुसज्जित करने में उनका पूरा सहयोग करें। रोड कनेक्टिविटी को दुरुस्त करें। विद्युत प्रकाश के लिए सौर ऊर्जा के माध्यम से भी लाइट्स लगाए जाएं।मुख्यमंत्री ने वन विभाग के वरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि नेतरहाट पर्यटन क्षेत्र में वर्तमान वर्षों के संरक्षण के साथ-साथ चिन्हित रिक्त भूमि पर मिशन मोड में पौधरोपण का कार्य भी सुनिश्चित की जाए ताकि नेतरहाट पर्यटन क्षेत्र आने वाले दिनों में भी हरा भरा रहे।

**नेतरहाट इको रिट्रीट फेस्टिवल्स में सुविधाओं का पूरा रखें ख्याल :** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि नेतरहाट इको रिट्रीट फेस्टिवल्स में सम्मिलित होने वाले सभी मेहमान पर्यटकों का पूरा ख्याल रखें। इको रिट्रीट फेस्टिवल से संबंधित सभी सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए। पर्यटकों के ठहरने से लेकर खाने-पीने और मनोरंजन के साथ-साथ कौन-कौन से क्षेत्र का भ्रमण कराया जाएगा इसकी पूरी तैयारी रखें। पर्यटकों को झारखंड की कला- संस्कृति, रहन-सहन से रूबरू कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नेतरहाट में चिल्ड्रन एक्टिविटी की सारी सुविधाएं सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने विभाग के पदाधिकारी को निर्देश दिया कि नेतरहाट में स्थायी रूप से चिल्ड्रन पार्क की स्थापना करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इको रिट्रीट फेस्टिवल्स के दौरान हेल्थ इमरजेंसी को ध्यान में रखते हुए डॉक्टर के साथ-साथ पूरी मेडिकल टीम की व्यवस्था भी दुरुस्त रखें। बैठक में टूरिज्म निदेशक अंजलि यादव ने आयोजन की तैयारी की विस्तृत रूपरेखा की पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से रखी। अधिकारियों ने तैयारी से संबंधित प्रत्येक बिंदु से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मौके पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इस संबंध में कई दिशा-निर्देश भी दिए। बैठक में राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय श्रीवास्तव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, पर्यटन विभाग के सचिव मनोज कुमार, निदेशक पर्यटन अंजलि यादव, निदेशक आईपीआरडी राजीव लोचन बक्शी सहित अन्य उपस्थित थे।

### सीएम ने अबुआ वीर ...

पट्टा उपलब्ध कराया जाए। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आज झारखंड मंत्रालय में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, वन और राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक करते हुए ये दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिया कि अबुआ वीर दिशोम वनाधिकार अभियान के अंतर्गत तीव्र गति से बड़ी संख्या में भूमिहीन पात्र लोगों के बीच वनपट्टा वितरण की जाए। इस अभियान के तहत प्रक्रिया को सशक्त और पारदर्शी बनाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण है ग्राम स्तर पर वनाधिकार समिति (एफआरसी) का गठन करना और उसे सभी आवश्यक अभिलेख उपलब्ध कराना। साथ ही, अनुमंडल स्तरीय वनाधिकार समिति (एसडीएलसी) और जिलास्तरीय वनाधिकार समिति (डीएलसी) का पुनर्गठन भी जल्द किया किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार की मंशा है कि राज्य में आदिवासी, मूलवासी, दलित, गरीब तथा भूमिहीनों को उनका पूरा अधिकार मिले। वनाधिकार 2006 के अंतर्गत वन क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों को क्या अधिकार दिया गया है इसकी जानकारी उन तक पहुंचाई जाए। लोगों को उनके अधिकार की जानकारी मिल सके इसके लिए विभाग विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग वनाधिकार अभियान की एक बेहतर रूपरेखा तैयार कर इस अभियान को गति देने का काम करे। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि वनाधिकार कानून 2006 के तहत राज्य में वन पट्टा आवंटन कार्य को पूर्ववर्ती सरकारों ने उपेक्षित रखा। हमारी सरकार राज्य में वन क्षेत्र में जीवन यापन करने वाले लोगों के बीच वनपट्टा वितरण कर उन्हें उनका अधिकार देने का काम कर रही है। बैठक में राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय श्रीवास्तव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, राजस्व विभाग के सचिव अमिताभ कौशल, आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा, पीसीएफ अनुसंधान फॉरेस्ट डिपार्मेंट सिद्धार्थ त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ...

की बात कही थी, वहीं ईडी से समन वापस लेने की मांग की थी। जिसके बाद ईडी ने भी सीएम को जवाबी पत्र भेजते हुए दूसरा समन भेज दिया था, जिसमें उन्हें 24 अगस्त को आने को कहा था लेकिन उसे दिन भी सीएम नहीं पहुचे और उन्होंने इस मामले में राहत पाने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। 24 अगस्त के बाद एक बार फिर सीएम को 09 सितंबर को जमीन घोटाले में पूछताछ के लिए बुलाया गया, लेकिन उस दिन भी राष्ट्रपति के भोज कार्यक्रम में दिल्ली जाने की वजह से कम एजेंसी के दफ्तर में उपस्थित नहीं हुए। जिसके बाद ईडी ने सीएम को चौथा समन जारी कर 23 सितम्बर को पूछताछ के लिए बुलाया ,लेकिन फिर भी सीएम एजेंसी के दफ्तर नही पहुंचे।

### एक्सपोजर विजिट के लिए ...

नीलम सोरेंग एवं जिला शिक्षा अधीक्षक डॉ. मोहम्मद वसीम मौजूद रहेंगे। सभी छात्राओं को प्लेन से चेन्नई भेजा जाएगा एवं 27 सितंबर को छात्राएं इसरो जाएंगी। छात्राएं 28 सितंबर को चेन्नई के गाइंडी नेशनल पार्क, मद्रास म्यूजियम, अद्यार पूंगा ईको पार्क, थियोसोफिकल सोसाइटी, मरीना बीच भी जाएंगी। मौके पर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने सभी छात्राओं को इस महत्वपूर्ण एक्सपोजर विजिट के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के विकास एवं बेटियों को शिक्षा के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से यह पहल किया जा रहा है। एक्सपोजर विजिट के लिए जाने वाली सभी छात्राएं बेहद उत्साहित थीं।

## सतर्क रहें — वैंकूवर में खालिस्तान समर्थकों ने किया विरोध प्रदर्शन

# भारतीय वाणिज्य दूतावास की बढ़ाई सुरक्षा

**एजेंसी। टोरंटो**




कट्टरपंथी सिख नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत की संलिप्तता के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोप के बाद कनाडा के वैंकूवर, ओटावा और टोरंटो शहरों में कई खालिस्तान समर्थकों ने भारतीय राजनयिक मिशनों के बाहर विरोध-प्रदर्शन किये। भारत में नामित आतंकवादी निज्जर को इस साल 18 जून को सरे में एक गुरुद्वारे के बाहर गोली मार दी गई थी। कनाडा भर के खालिस्तानियों ने उसकी मौत के लिए भारतीय राजनयिकों को जिम्मेदार ठहराया था। सीबीसी न्यूज आउटलेट की रिपोर्ट के अनुसार, वैंकूवर शहर में लगभग 75 लोग सोमवार को भारत के महावाणिज्य दूतावास के बाहर खालिस्तानी समर्थक नारे लगाते हुए एकत्र हुए, जहां गीली जमीन पर रखे गए एक बड़े तिरंगे झंडे पर खड़े होकर लोगों ने प्रदर्शन किया। वैंकूवर पुलिस ने खालिस्तानी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के आह्वान पर आयोजित प्रदर्शनन की आशंका में होवे स्ट्रीट के 300 ब्लॉक को बंद कर दिया था। भारी पुलिस बल उपस्थिति में प्रदर्शन हुआ। एक सिख-कनाडाई पत्रकार मीरा बैंस ने एक्स पर विरोध-प्रदर्शन का एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पोस्टर को चप्पलों की माला पहनाई गई थी। उन्होंने लिखा, ₹वैंकूवर में होवे स्ट्रीट पर भारतीय वाणिज्य दूतावास के सामने विरोध-प्रदर्शन चल रहा है। अब तक कुछ दर्जन लोग; लेकिन झंडे, संकेत, लाउड स्पीकर और कार्डबोर्ड पर पीएम मोदी की छवि के साथ बहुत संगठित हैं।₹ एसएफजे के नेता गुरपतवंत सिंह पन्नून, जिस पर 2019 में भारत द्वारा प्रतिबंध लगा दिया गया था, वैंकूवर में विरोध-प्रदर्शन के दौरान भी मौजूद था। उसने कहा कि वह यहां ₹आज दुनिया में हर भारतीय वाणिज्य दूतावास को बंद करने के लिए आया हैं क्योंकि भारतीयों का पर्दे के पीछे का चेहरा सामने आ गया है।₹ एक सप्ताह पहले विरोध-प्रदर्शन की घोषणा करते हुए पन्नून ने कहा था कि वह उच्चायुक्त संजय वर्मा को निष्कासित करने की भी मांग करेगा। पन्नून ने हाल ही में कनाडा में हिंदू और सिख समुदायों को विभाजित करने के उद्देश्य से एक वीडियो जारी किया था, जिसमें भारतीय मूल के सभी हिंदुओं को अपनी मातृभूमि में वापस जाने के लिए कहा गया था। भारत सरकार ने हाल ही में पंजाब में उसकी संपत्ति जब्त कर ली गई थी।





## गागर में सागर

### गृह राज्य मंत्री राजेंद्र यादव और उनके रिश्तेदारों के ठिकानों पर ईडी का छापा



**जयपुर।** ईडी की टीमों ने राजस्थान के गृह राज्यमंत्री राजेंद्र यादव सहित उनके रिश्तेदारों के ठिकानों पर मंगलवार सुबह छापेमारी की है। ईडी ने किस मामले में उनके ठिकानों पर सर्च कर रही है, यह फिलहाल स्पष्ट नहीं है। यह कार्रवाई मुख्य रुप से बहरोड़-कोटपूतली में की जा रही है। बताया जा रहा है कि स्टेट मोटर गैराज के कुछ मामलों को लेकर शिकायत मिलने के बाद ईडी सक्रिय हुई है, इसलिए मंत्री राजेंद्र यादव के ठिकानों पर जांच पड़ताल के लिए पहुंची है। राज्य के गृह राज्यमंत्री राजेंद्र यादव के कोटपूतली स्थित घर और फैक्ट्रियों पर मंगलवार को तीन गाड़ियों में ईडी की टीम सर्च के लिए पहुंची। उनके ठिकानों पर ईडी की कार्रवाई चल रही है। साथ ही वहां बाहर केंद्रीय सुरक्षा बलों के जवानों को तैनात किया गया है। सर्च की कार्रवाई के दौरान ईडी की टीम दस्तावेज खंगाल रही है।

### आबकारी नीति मामले में सुप्रीम कोर्ट से कविता को 20 नवंबर तक राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को निर्देश दिया कि वह भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की विधान पार्षद के. कविता को 20 नवंबर तक पूछताछ के लिए न बुलाये। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने धन शोधन एजेंसी के समन के खिलाफ तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी कविता की याचिका पर 20 नवंबर को होने वाली अगली सुनवाई तक अंतरिम राहत की अवधि बढ़ा दी। ईडी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एस.वी. राजू ने पीठ को आश्वासन दिया कि इस बीच उन्हें तलब नहीं किया जाएगा।

### 30 को म.प्र. में पहली सार्वजनिक रैली को संबोधित करेंगे राहुल गांधी

**भोपाल।** एआईसीसी के पूर्व अध्यक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी 30 सितंबर को मध्य प्रदेश में पहली सार्वजनिक रैली को संबोधित करेंगे। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एमपीसीसी) ने बताया कि राहुल गांधी शाजापुर जिले के कालापीपल निर्वाचन क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। एमपीसीसी महासचिव राजीव सिंह ने कहा, राहुल गांधी मध्य प्रदेश के कालापीपल में अपनी पहली चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। 2018 में, मध्य प्रदेश के लोगों ने उन्हें पूरा समर्थन दिया था और कांग्रेस ने 15 साल बाद सरकार बनाई थी। राजीव सिंह ने आगे कहा कि राहुल गांधी मध्य प्रदेश में कुछ और सार्वजनिक रैलियों को संबोधित करेंगे और चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद तारीखें और स्थान तय किए जाएंगे।

### अंगल्लू मामले में चंद्रबाबू नायडू की बेल पेटीशन पर हाईकोर्ट का फैसला सुरक्षित



**अमरावती।** आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट ने मंगलवार को अंगल्लू हिंसा मामले में पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू की अग्रिम जमानत याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। नायडू और तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के अन्य नेताओं पर 4 अगस्त को अन्नमया जिले के अंगल्लू गांव में हुई हिंसक घटनाओं के सिलसिले में पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था। चित्तूर जिले के अंगल्लू और पुंगनूर शहर में घटनाएं तब हुई जब टीडीपी प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं की स्थिति देखने के लिए क्षेत्र का दौरा कर रहे थे। सुनवाई के दौरान नायडू के वकील पी. वेंकटेश्वरलू ने दलील दी कि उनके खिलाफ झूठा मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी वाईएसआर कांग्रेस के नेताओं ने नायडू की यात्रा के दौरान टीडीपी के लोगों पर हमला किया। उन्होंने अदालत को बताया कि सत्तारूढ़ दल के नेताओं द्वारा पथराव के दौरान एनएसजी कमांडो ने नायडू की रक्षा की।

### प्रधानमंत्री मोदी ने 51 हजार युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र, बोले

# देश ऐतिहासिक उपलब्धियों का गवाह बन रहा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रोजगार मेले को संबोधित किया और नवनियुक्त 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। देशभर से चुने गए युवा डाक विभाग, भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा विभाग, परमाणु ऊर्जा विभाग, राजस्व विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, रक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य मंत्रालय एवं परिवार कल्याण सहित अन्य विभिन्न मंत्रालयों व विभागों में शामिल होंगे। रोजगार मेला देशभर में 46 स्थानों पर आयोजित किया गया।

सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने नियुक्ति पत्र पाने वाले युवाओं को बधाई दी। देशभर में गणेश उत्सव का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह इस शुभ अवसर के दौरान नियुक्त लोगों के लिए एक नए जीवन का 'श्री गणेश' है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश ऐतिहासिक उपलब्धियों का गवाह बन रहा है। उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का उल्लेख किया जिसने आधी आबादी को सशक्त बनाया है। उन्होंने जोर दिया, महिला आरक्षण का मुद्दा जो 30 वर्षों से अटका हुआ था, दोनों सदनों द्वारा रिकॉर्ड मतों से पारित हो गया है। नई संसद के पहले सत्र में ही ये फैसला हुआ, एक तरह से नई संसद में देश के लिए ये एक नई शुरूआत है।

नई भर्तियों में महिलाओं की महत्वपूर्ण उपस्थिति को स्वीकार करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की बेटियां हर क्षेत्र में नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने कहा, मुझे नारीशक्ति की उपलब्धि पर बहुत गर्व है और सरकार की नीति है कि उनके विकास के लिए नए रास्ते खोले जाएं। प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में महिलाओं की उपस्थिति से हमेशा हर क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आया है।

नये भारत की बढ़ती आकांक्षाओं का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस नये भारत के सपने ऊंचे हैं। भारत ने 2047 तक विकसित भारत बनने का संकल्प लिया है। उन्होंने रेखांकित किया कि अगले कुछ वर्षों में देश-दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा जहां सरकारी कर्मचारियों को आने वाले समय में बहुत योगदान देना होगा। मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि वे 'सिटीजन फर्स्ट' के दृष्टिकोण का पालन करते हैं। यह देखते हुए कि आज के नई भर्ती प्रौद्योगिकी के साथ बड़े हुए हैं, प्रधानमंत्री ने अपने कार्यक्षेत्र में इसका उपयोग करने और शासन की दक्षता में सुधार करने पर जोर दिया।

शासन में प्रौद्योगिकी के उपयोग के बारे में विस्तार से बताते हुए प्रधानमंत्री ने ऑनलाइन रेलवे आरक्षण, आधार कार्ड, डिजिलॉकर, ईकेवाईसी, गैस बुकिंग, बिल भुगतान, डीबीटी और डिजीयात्रा द्वारा दस्तावेजीकरण की जटिलता को समाप्त करने का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने नए लोगों से इस दिशा में आगे काम करने का आग्रह करते हुए कहा, प्रौद्योगिकी ने भ्रष्टाचार को रोक दिया है, विश्वसनीयता में सुधार किया है, जटिलता कम की है, आराम बढ़ाया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 9 वर्षों में सरकार की नीतियां नई मानसिकता, निरंतर निगरानी, मिशन मोड कार्यान्वयन और जन भागीदारी पर आधारित हैं और इसने महत्वपूर्ण लक्ष्यों को पूरा करने का मार्ग प्रशस्त किया है। उन्होंने बताया कि देशभर में परियोजनाओं की लगातार निगरानी की जा रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह सरकारी कर्मचारी ही हैं जो सरकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करने की सर्वोच्च जिम्मेदारी निभाते हैं। उन्होंने कहा कि जब लाखों युवा सरकारी सेवाओं में शामिल होते हैं तो नीति कार्यान्वयन की गति और पैमाने को बढ़ावा मिलता है, जिससे सरकारी क्षेत्र के बाहर रोजगार को बढ़ावा मिलता है और नए रोजगार ढांचे की स्थापना होती है। जीडीपी वृद्धि एवं उत्पादन और निर्यात में उछाल के बारे में प्रधानमंत्री ने आधुनिक बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व निवेश का उल्लेख किया।

प्रधानमंत्री ने देश और नवनियुक्तों के जीवन में अगले 25 वर्षों के अमृतकाल के महत्व को दोहराया। उन्होंने उनसे टीम वर्क को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा। प्रधानमंत्री ने कहा कि जी-20 हमारी परंपरा, संकल्प और आतिथ्य का आयोजन बन गया। यह सफलता विभिन्न सार्वजनिक एवं निजी विभागों की भी सफलता है। जी-20 की सफलता के लिए सभी ने एक टीम के रूप में काम किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "मुझे खुशी है कि आज आप भी सरकारी कर्मचारियों की टीम इंडिया का हिस्सा बन रहे हैं।"

## लश्कर-ए-तैयबा का आतंकवादी अपने 5 सहयोगियों के साथ गिरफ्तार

**एजेंसी। बारामूला**

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मंगलवार को लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी को दो महिलाओं और एक किशोर सहित पांच सहयोगियों के साथ गिरफ्तार करने का दावा किया है। इनके पास से ग्रेनेड और पिस्तौल सहित भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। बारामूला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अमोग नागपुरे ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पुलिस ने बारामूला में सक्रिय लश्कर आतंकवादी और पांच सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से ग्रेनेड और पिस्तौल सहित भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। एसएसपी ने कहा कि 21 सितंबर को बारामूला पुलिस को जांबाजपोरा निवासी यासीन अहमद शाह पुत्र तारिक अहमद के अपने घर से लापता होने की जानकारी विश्वसनीय स्त्रोतों के माध्यम से मिली थी।

इसके बाद पता चला कि वह प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर या टीआरएफ में शामिल हो गया है। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरू की। इसके बाद बारामूला पुलिस, सेना और सीएपीएफ की एक संयुक्त टीम ने टप्पर पट्टन में वाहन चेकिंग के दौरान 22 सितंबर को आतंकवादी यासीन अहमद शाह को पकड़ लिया। उसके कब्जे से आपत्तिजनक सामग्री, 1 पिस्तौल, 1 पिस्तौल मैगजीन और 8 जिंदा राउंड सहित गोला-बारूद बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान उसने अपने दूसरे सहयोगी का नाम तकिया वागूरा निवासी परवेज अहमद शाह पुत्र अली मोहम्मद बताया। इस पर उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया और 2 हैंड ग्रेनेड भी बरामद किए गए।

### नमक खाना है 5 ग्राम, 8 ग्राम खाकर लोग बुला रहे हृदय रोग

## हर साल 1.79 करोड़ लोगों की हो रही मौत

**आरपी सिंह। नई दिल्ली**

अरे, ये कैसी सब्जी बनाया है, न नमक न स्वाद। हद हो गई है, मूड खराब हो गया। ले जाओ, मैं नहीं खाता। ज्यादातर घरों में सप्ताह या माह में ऐसी बातें सुनने को मिल जाती हैं। लेकिन ऐसा कहने वाले ये नहीं जानते कि ज्यादा नमक तथा तेल खाने की आदत डालकर वह अपना और अपने परिवार दोनों के लिए ही परेशानी का कारण बनते जा रहे हैं। स्वाद के गुलाम होकर बर्बाद होने के रास्ते पर जा रहे हैं। यह भी नहीं जानते की रोज केवल पांच ग्राम नमक खाना है, लेकिन खा रहे हैं आठ ग्राम नमक। जिसके कारण धीरे-धीरे अपना हृदय व अन्य कई अंग खराब करते जा रहे हैं। ज्यादा नमक रक्तचाप, ब्लॉकेज व स्ट्रोक की वजह बनने लगा है। एक वर्ष में लगभग 1.79 करोड़ लोग हृदय रोग से मर रहे हैं। यह संख्या समय के साथ बढ़ती जा रही है।

हालत यह हो गयी है कि डब्ल्यूएचओ ने सभी सदस्य देशों से कहा है कि एक व्यक्ति के लिए दिनभर में अधिकतम पांच ग्राम नमक का सेवन ही काफी होता है। लोगों को इतना ही खाने के लिए जागरूक किया जाये। इस तय मानक से 60 प्रतिशत ज्यादा नमक खा रहे हैं।

**मर्द हैं ज्यादा नमक खोर :** मेडिकल जर्नल नेचर में प्रकाशित सर्वेक्षण के अनुसार भारत के 150 केंद्रों पर दो तरीके से 12 हजार लोगों पर अध्ययन किया गया। इनमें से एक समूह के पेशाब के नमूने लेकर जांच किया गया तो दूसरे समूह से बातचीत से सर्वे पूरा किया गया। इस सर्वे में 18 से 69 वर्ष की उम्र के 10,659 लोगों ने भाग लिया, जिनमें से 2,266 के पेशाब की जांच की गई। इसमें पाया गया कि महिलाओं की तुलना में पुरुषों को ज्यादा नमक वाला स्वाद पसंद है। शहर के लोग तो नमकीन व चिप्स खाकर भी ज्यादा नमक खा रहे हैं। क्योंकि इनमें ज्यादा नमक होता है। गांवों में ज्यादातर लोग खाने में चुटकी भर नमक ऊपर से डाल लेते हैं। इस बारे में एनसीडीआईआर के निदेशक डॉ. प्रशांत माथुर का कहना है कि आहार में सोडियम का उच्च स्तर स्ट्रोक व हृदय रोग के खतरे को बढ़ाता है। नमक के ज्यादा सेवन से हृदय संबंधी बीमारी के अलावा गैस्ट्रिक कैंसर का भी खतरा बढ़ जाता है। सालाना होने वाली कुल मौत में हृदय रोगों से मौत का अनुमान 28.1 प्रतिशत है। उच्च रक्तचाप से वर्ष 1990 में 7.8 लाख मौत हुई थी, जो 2016 में बढ़कर 16.3 लाख हो गई। यह गति है उच्च रक्तचाप से मौत की बढ़त का। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विश्व में हृदय रोग से बीते वर्ष 1.79 करोड़ लोगों की मौत हुई। सो इन हालात में स्वाद से ज्यादा स्वस्थ हृदय व स्वस्थ शरीर के लिए खान-पान करें तो खुद भी ज्यादा स्वस्थ व सुखी रहेंगे, बाल-बच्चे व परिवार भी स्वस्थ व सुखी रहेंगे।

## स्वतंत्र, खुले और नियम-आधारित इंडो-पैसिफिक के लिए खड़ा है भारत : राजनाथ

**एजेंसी। नई दिल्ली**

13वें इंडो-पैसिफिक सेना प्रमुख सम्मेलन में शामिल हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि इंडो पैसिफिक अब एक समुद्री निर्माण नहीं है, बल्कि एक पूर्ण भू-रणनीतिक निर्माण है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र सीमा विवादों और समुद्री डकैती सहित सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। 13वें इंडो-पैसिफिक सेना प्रमुख सम्मेलन के उद्घाटन भाषण में मंत्री ने सुरक्षा और समृद्धि की खोज में स्वतंत्र, खुले, समावेशी और नियम-आधारित इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के लिए भारत के रुख को दोहराया। उन्होंने 'नेबरहुड फर्स्ट' को प्राचीन काल से भारत की संस्कृति की आधारशिला के रूप में परिभाषित किया। इस क्षेत्र के प्रति भारत का दृष्टिकोण उसकी 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' द्वारा परिभाषित होता है। राजनाथ सिंह ने कहा कि मित्र देशों के साथ मजबूत सैन्य साझेदारी बनाने की दिशा में भारत के प्रयास न केवल राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं, बल्कि सभी के सामने आने वाली वैश्विक चुनौतियों का भी समाधान करते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम में एचएडीआर संचालन के दौरान अंतर-संचालनीयता बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की जाए। उन्होंने कहा कि चरम मौसम की घटनाएं और प्राकृतिक आपदाएं अपवाद होने की बजाय एक नई सामान्य बात बन गई हैं और हमारे क्षेत्र में बड़ी चुनौतियां हैं। उन्होंने कहा, "यह हमारी जिम्मेदारी है कि इंडो पैसिफिक के छोटे द्वीप देशों की जलवायु परिवर्तन संबंधी चिंताओं को वह महत्व दिया जाए, जिसके वे हकदार हैं, क्योंकि ये जलवायु परिवर्तन का खामियाजा अस्तित्वगत संकट के रूप में भुगत रहे हैं। जलवायु परिवर्तन से उनकी आर्थिक सुरक्षा को भी खतरा है।





### दिग्गज अभिनेत्री वहीदा रहमान को प्रतिष्ठित दादा साहेब फाल्के पुरस्कार



**दिग्गज** अभिनेत्री वहीदा रहमान को वर्ष 2022 के दादा साहब फाल्के पुरस्कार के लिए चुना गया है। भारतीय सिनेमा में उनके योगदान की सराहना करते हुए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने एक एक्स पोस्ट में उन्हें सिनेमा जगत के सबसे प्रतिष्ठित दादा साहब फाल्के लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की। उन्हें बधाई देते हुए और उनके काम के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वे भारतीय सिनेमा की अग्रणी महिलाओं में से एक हैं। उन्हें इस लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जाना उनके लिए एक ट्रिब्यूट सरीखा है। उन्हें यह सम्मान ऐसे समय में दिया जा रहा है जब ऐतिहासिक नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद द्वारा पारित किया गया है। उन्होंने फिल्मों के बाद अपना जीवन परोपकार और समाज की भलाई को समर्पित कर दिया है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा, वहीदा रहमान ने एक भारतीय नारी के समर्पण, प्रतिबद्धता और ताकत का उदाहरण दिया है, जो अपनी कड़ी मेहनत से पेशेवर उत्कृष्टता के उच्चतम स्तर को हासिल कर सकती है।

### 'एनिमल' ने किया ऐसा हश्र, खून से लथपथ हुआ बॉबी देओल का चेहरा




**अपकमिंग** फिल्म 'एनिमल' के मेकर्स ने एक और पोस्टर शेयर किया है। इस बार इसमें एक्टर बॉबी देओल का 'खून से सना' लुक दिखाया गया है। फिल्म में बॉबी का किरदार जानवरों से नफरत करने वाले व्यक्ति का है। नए पोस्टर में उनका उग्र अवतार दिख रहा है। वह चुप रहने का इशारा कर रहे हैं। एक्टर ने फिल्म से अपना फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'एनिमल का एनिमी' 'एनिमल' एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जो संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित और टी-सीरीज और सिने1 स्टूडियो द्वारा निर्मित है। फिल्म में रणबीर कपूर, अनिल कपूर, बॉबी देओल, रश्मिका मंदाना और तृप्ति डिमरी हैं।

### अर्को और बी प्राक के साथ 'मिशन रानीगंज' के 'जीतेंगे' सॉन्ग के लिए काम करेंगे अक्षय कुमार



**बॉलीवुड** सुपरस्टार अक्षय कुमार अपकमिंग रेस्क्यू थ्रिलर 'मिशन रानीगंजः द ग्रेट भारत रेस्क्यू' के गाने 'जीतेंगे' के लिए 'तेरी मिट्टी' के हिटमेकर अरको प्रावो मुखर्जी और बी प्राक के साथ फिर से जुड़ रहे हैं। 'जीतेंगे' को इंस्पिरेशन एंथम माना जाता है, जो कोलैबोरेशन को और भी महत्वपूर्ण बनाती है वह है 'केसरी' और 'मिशन रानीगंज' के बीच का थीमेटिक कनेक्शन। दोनों फिल्में प्रेरणा और वास्तविक जीवन की सफलता की कहानियों के विषयों पर प्रकाश डालती हैं।

'मिशन रानीगंज' स्वर्गीय जसवन्त सिंह गिल की वीरता की कहानी को पर्दे पर पेश करता है। हाल ही में सामने आए ट्रेलर में अक्षय कुमार को बिल्कुल नए अवतार में दिखाया गया है, जिसमें वह जसवंत सिंह गिल की भूमिका निभा रहे हैं और उनके अपोजिट परिणीति चोपड़ा हैं।

फिल्म में कुमुद मिश्रा, पवन मल्होत्रा, रवि किशन, वरुण बडोला, दिव्येंदु भट्टाचार्य, राजेश शर्मा, वीरेंद्र सक्सेना, शिशिर शर्मा, अनंत महादेवन, जमील खान, सुधीर पांडे, बचन पचेरा, मुकेश भट्ट और ओंकार दास मानिकपुरी भी हैं।

### कार्यक्रम | फार्मा-मेडटेक क्षेत्र में अनुसंधान-नवाचार को बढ़ावा देने से जुड़ी योजना की शुरूआत

# आत्मनिर्भरता की यात्रा में एक अहम कदम

**एजेंसी। नई दिल्ली**




केन्द्रीय मंत्री डॉ मनसुख मंडाविया ने मंगलवार को फार्मा-मेडटेक (फाइटोफार्मास्यूटिकल्स और चिकित्सा उपकरण) क्षेत्र में अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा (पीआरआईपी) योजना की शुरूआत की। योजना की शुरूआत के लिए मंगलवार को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। अपने संबोधन में रसायन एवं उर्वरक मंत्री ने योजना की शुरूआत के बाद कहा, आज एक ऐतिहासिक दिन है, फार्मा और चिकित्सा उपकरण क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। हमें भारतीय फार्मा और मेडटेक क्षेत्रों को लागत-आधारित से मूल्य-आधारित और नवाचार-आधारित उद्योग में बदलने की जरूरत है। योजना का उद्देश्य पारंपरिक दवाओं और फाइटोफार्मास्यूटिकल्स और चिकित्सा उपकरणों में अनुसंधान एवं विकास को प्रोत्साहित करना है। योजना से जुड़ी राष्ट्रीय नीति में तीन प्रमुख क्षेत्रों पर स्वदेशी रूप से विकसित अत्याधुनिक उत्पादों और प्रौद्योगिकियों के माध्यम से अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने की आवश्यकता को स्वीकार किया गया है। इसके लिए नियामक ढांचे को सुदृढ़ बनाने, नवाचार में निवेश को प्रोत्साहित करने और नवाचार के लिए एक सुविधाजनक पारिस्थितिकी तंत्र के गठन पर बल दिया गया है। योजना फार्मास्यूटिकल्स क्षेत्र से जुड़े वैश्विक बाजार में देश को बड़ा निर्यातक बनाने से जुड़े गुणवत्ता, पहुंच और सामर्थ्य लक्ष्यों को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करेगी। इससे वैश्विक मूल्य श्रृंखला में भारत की हिस्सेदारी भी बढ़ेगी। मंडाविया ने बताया कि भारत अपने अनुसंधान और विकास के बुनियादी ढांचे को मजबूत करके ही फार्मास्यूटिकल्स और चिकित्सा उपकरणों में आत्मनिर्भरता हासिल कर सकता है। इससे जीवन रक्षक दवाओं और अन्य दवाओं तक पहुंच में विस्तार होगा और भारत वैश्विक फार्मास्यूटिकल्स व चिकित्सा निर्यात केंद्र बन पाएगा। कार्यक्रम में केंद्रीय रसायन और उर्वरक तथा नवीकरणीय ऊर्जा राज्यमंत्री भगवंत खुबा और नीति आयोग के सदस्य डॉ. वीके पॉल भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन फार्मास्यूटिकल्स विभाग ने किया था।